वर्ष : 31 | अंक :76
प्रतापगढ़ | शुक्रवार , 17 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# 8वें वेतन आयोग के गठन की मिली मंजूरी

**● बजट से पहले केंद्रीय कर्मचारियों को सरकार का तोहफा**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान की है। जल्द ही इसके अध्यक्ष और दो सदस्यों को नियुक्त किया जाएगा।केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कैबिनेट से जुड़ी पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आठवें वेतन आयोग को मंजूरी दी है। वेतन आयोग केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन और भत्तों की मंजूरी प्रदान करता है। इसकी सिफारिशों पर सरकार कर्मचारियों को वेतन प्रदान करती है।वैष्णव ने बताया कि 1947 के बाद से नियमित अंतराल पर वेतन आयोग का गठन किया गया है। अब तक सात वेतन आयोग गठित किया जा चुके हैं। सातवें वेतन आयोग की सिफारिश को 2016 में लागू किया गया था। इसका कार्यकाल 2026 में पूरा होने जा रहा है। इससे पहले 2025 में समय से इसकी समीक्षा करने और तय समय पर सिफारिशें लागू करने के लिए वित्त आयोग की स्थापना की गई है।

# इसरो ने रचा इतिहास

**▶▶ ऐसा करने वाला चौथा देश बना भारत**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार सुबह इतिहास रचते हुए दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित कर दिया। इसके साथ ही दुनिया में अमेरिका, रूस, चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया।स्पैडेक्स डॉकिंग की सफलता पर इसरो ने टीम और देशवासियों को बधाई दी है। गुरुवार को इसरो ने ट्वीट करके कहा कि अंतरिक्ष यान डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। स्पैडेक्स डॉकिंग प्रक्रिया पर इसरो ने कहा कि डॉकिंग की शुरुआत सटीकता से हुई और 15 मीटर से तीन मीटर होल्ड पॉइंट तक पैंतरेबाजी पूरी हुई। इस पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक कैप्चर किया गया। भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता प्राप्त करने वाला चौथा देश बन गया।डॉकिंग वह प्रक्रिया है जिसकी मदद से दो अंतरिक्ष ऑब्जेक्ट एक साथ आते और जुड़ते हैं। यह विभिन्न तरीकों का उपयोग करके किया जा सकता है। अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' प्रौद्योगिकी की तब जरूरत होती है जब साझा मिशन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए कई रॉकेट प्रक्षेपित करने की जरूरत होती है। वांछित कक्षा में प्रक्षेपित होने के बाद दोनों अंतरिक्ष यान 24 घंटे में करीब 20 किलोमीटर दूर हो जाएंगे। इसके बाद वैज्ञानिक डॉकिंग प्रक्रिया शुरू करेंगे। ऑनबोर्ड प्रोपल्शन का उपयोग करते हुए टारगेट धीरे-धीरे 10-20 किमी का इंटर सैटेलाइट सेपरेशन बनाएगा।

इससे दूरी धीरे-धीरे 5 किलोमीटर, 1.5 किलोमीटर, 500 मीटर, 225 मीटर, 15 मीटर और अंत में 3 मीटर तक कम हो जाएगी, जहां डॉकिंग होगी। डॉक हो जाने के बाद मिशन पेलोड संचालन के लिए उन्हें अनडॉक करने से पहले अंतरिक्ष यान के बीच पावर ट्रांसफर का प्रदर्शन करेगा।सफल डॉकिंग प्रयोग भारत में किए जाने वाले कई मिशन के लिए जरूरी है। भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है। मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा। इनमें पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाना है। यह मिशन चंद्रयान-4 जैसे मानव अंतरिक्ष उड़ानों के लिए भी अहम है। यह प्रयोग उपग्रह की मरम्मत, ईंधन भरने, मलबे को हटाने और अन्य के लिए आधार तैयार करेगा

# स्पेस में दोनों सैटेलाइट को जोड़ने में मिली सफलता

## इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में तीसरे लॉन्च पैड की स्थापना को मंजूरी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में तीसरे लॉन्च पैड (टीएलपी) की स्थापना को मंजूरी दे दी।सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने पत्रकार वार्ता में कहा कि इसके लिए कुल निधि की आवश्यकता 3984.86 करोड़ रुपये है और इसमें लॉन्च पैड और संबंधित सुविधाओं की स्थापना शामिल है। यह परियोजना उच्च प्रक्षेपण आवृत्तियों और मानव अंतरिक्ष यान और अंतरिक्ष अन्वेषण मिशनों को शुरू करने की राष्ट्रीय क्षमता को सक्षम करके भारतीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगी।इसे अधिकतम उद्योग भागीदारी के साथ साकार किया जाएगा, जिसमें पहले के लॉन्च पैड स्थापित करने में इसरो के अनुभव का पूरा उपयोग किया जाएगा और मौजूदा लॉन्च कॉम्प्लेक्स सुविधाओं को अधिकतम साझा किया जाएगा। टीएलपी को 48 महीने या 4 साल की अवधि के भीतर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।यह परियोजना राष्ट्रीय महत्व की है।

# गोधरा कांड पर 13 फरवरी को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले की सुनवाई 13 फरवरी को करेगा। जस्टिस जेके माहेश्वरी की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अब इस मामले पर आगे कोई स्थगनादेश नहीं दिया जाएगा।इस मामले में गुजरात सरकार के अलावा कई दोषियों ने गुजरात हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। गुजरात सरकार ने कहा है कि वो उन 11 दोषियों की फांसी की सजा की मांग कर रहा है जिनकी सजा कम कर उम्रकैद में तब्दील कर दिया गया है।27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 बोगी में आग लगाई गई थी जिसमें 58 लोगों की मौत हो गई थी। साबरमती एक्सप्रेस अयोध्या से कारसेवकों को लेकर आ रही थी। गोधरा की इस घटना के बाद गुजरात में सांप्रदायिक दंगे हुए थे।इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने 2011 में 31 लोगों को दोषी करार दिया था। इनमें से 11 को फांसी की सजा और 20 को उम्रकैद की सजा हुई थी। इस मामले में 63 अन्य आरोपितों को बरी कर दिया गया था। 2017 में गुजरात हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट से फांसी की सजा मिले 11 दोषियों की सजा कम करते हुए उम्रकैद में बदल दिया था और 20 को मिली उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा था।

## मिजोरम में सीएनएफ नेता समेत पांच गिरफ्तार,हथियारों का जखीरा बरामद



**आइजोल,(हि.स.)।** मिजोरम के ममित जिले के वेस्ट फेलेंग थाना क्षेत्र के सैथाह गांव के पास मिजोरम पुलिस और खुफिया एजेंसी को संयुक्त अभियान में बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद करने में कामयाबी मिली है।

# अभिनेता सैफ अली खान पर हमला

## अभिनेता सैफ अली की हुई सर्जरी, आईसीयू में शिफ्ट किए गए

**● घर में घुसकर शख्स ने मारा चाकू**






**▶▶ फिल्म अभिनेता सैफ अली पर हमले की जांच के लिए पुलिस की 15 टीम गठित**
**▶▶ विपक्ष ने सुरक्षा पर उठाए सवाल, गृहमंत्री ने कहा-जल्द गिरफ्त में होंगे हमलावर**

**मुंबई ,(आरएनएस)।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर बुधवार देर रात उनके ही घर में चाकू से हमला किया गया। इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि घटना आधी रात को अभिनेता के बांद्रा स्थित घर पर हुई। घटना की सूचना मिलने के बाद बांद्रा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।जानकारी के मुताबिक, एक अज्ञात शख्स सैफ के घर में घुसा। दोनों के बीच हाथापाई हुई। घटना के समय अभिनेता के कुछ पारिवार के अन्य सदस्य भी घर में मौजूद थे। कहा यह भी जा रहा है कि घर में घुसे शख्स की नौकरानी से बहस हुई। जब अभिनेता ने बीच-बचाव कर व्यक्ति को समझाने और शांत करने की कोशिश की, तो उसने सैफ अली खान पर हमला कर दिया।वहीं बांद्रा के डीसीपी ने कहा, ये सच है, रात 2.30 बजे सैफ अली खान के घर में अनजान शख्स घुसा। इस दौरान सैफ अली खान पर चोर ने चाकू से हमला कर दिया।

डीसीपी ने बताया कि इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, ये चोटें उतनी गंभीर नहीं हैं। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें चाकू मारा गया है या वे हाथापाई में घायल हुए हैं। एएनआई के मुताबिक, यह झगड़ा अज्ञात शख्स और सैफ अली खान की मेड के बीच हो रहा था। चोरी के इरादे से घुसे इस शख्स से जब सैफ अली खान का सामना हुआ तो उसने उन्हें लहूलुहान कर दिया।बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान की सर्जरी हो गई। उन्हें सर्जरी के बाद आपरेशन थिएटर से आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। डाक्टरों का कहना है कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है।लीलावती अस्पताल के डॉ. नितिन डांगे ने मीडिया को बताया कि सर्जरी से सैफ अली की हालत स्थिर है और उनकी हालत में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि सैफ अली खान की न्यूरो और प्लास्टिक सर्जरी हुई है। उन्हें ऑपरेशन थिएटर से आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया है। उन पर नजर रखी जा रही है। वे जल्द ही ठीक हो जायेंगे। उन्हें गहरे घाव हैं। उसकी रीढ़ से ढाई इंच की चाकू की नोंक निकाली गई है।हमले के बाद मुंबई पुलिस ने जांच के लिए 15 पुलिस टीमें गठित की हैं। इनमें मुंबई पुलिस अपराध शाखा की 8 टीम और मुंबई पुलिस की 7 टीम अलग-अलग एंगल से मामले की छानबीन कर रही हैं। इनमें से एक टीम को मुंबई के बाहर भेजा गया है।

विपक्ष ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। विपक्ष ने कहा कि जब इतनी बड़ी सुरक्षा में रहने वाले फिल्म स्टार सुरक्षित नहीं हैं, तो आम व्यक्ति की सुरक्षा तो राम भरोसे ही है। इस पर गृहराज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि घटना की छानबीन की जा रही है। बहुत जल्द आरोपित पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## सैफ पर हमले के मुद्दे पर केजरीवाल ने साधा भाजपा पर निशाना



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले की निंदा करते हुए गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। उनका कहना कि देश में ख्यातिप्राप्त हस्तियां सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी कैसे सुरक्षित होगा।मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक पत्रकार वार्ता में कहा कि महाराष्ट्र और केन्द्र में भारतीय जनना पार्टी की सरकार है लेकिन फिर भी अभिनेता पर हमला हुआ है। इससे पहले सलमान खान पर हमला हुआ और बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई। भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकारें सुरक्षा देने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार न तो सुशासन और न ही लोगों को सुरक्षा दे सकती है।केजरीवाल ने रोहिंग्या का भी मुद्दा उठाया और कहा कि सरकार घुसपैठ को रोकने में नाकाम रही है।

# शंभू बार्डर से 21 जनवरी को दिल्ली कूच करेंगे किसान

**▶▶ केंद्र से नहीं करेंगे कोई वार्ता, आंदोलन होगा तेज**
**▶▶ पीएम की सुरक्षा में चूक पर पंजाब के 25 किसानों को नोटिस**



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** एक तरफ खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन चल रहा है, वहीं दूसरी ओर शंभू बार्डर से किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने 21 जनवरी को दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया है। किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि इसमें 101 किसान शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अभी तक वार्ता का मन नहीं बना रही है, इसलिए आंदोलन को और तेज करेंगे।शंभू बार्डर पर गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने चेतावनी भी दी कि उनके नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते ही देश में एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी का कानून आएगा। किसानों की सभी मांगें देश हित में हैं और उन्हें लागू कराया जाएगा। पंधेर ने कहा कि इससे पहले भी दिसंबर महीने में 3 बार दिल्ली कूच की कोशिश कर चुके हैं। किसान 6 दिसंबर, 8 दिसंबर और 14 दिसंबर 2024 को दिल्ली की ओर रवाना हुए थे लेकिन तीनों बार हरियाणा पुलिस ने उन्हें बैरिकेड पर ही रोक लिया था। पंधेर ने 5 जनवरी 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिरोजपुर दौरे के दौरान हुई सुरक्षा चूक के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि 2022 की घटना में अब पंजाब सरकार ने केंद्र के दबाव में आकर 25 के करीब किसानों के खिलाफ समन भेज दिए हैं। इसमें अब हत्या की कोशिश का मामला भी जोड़ दिया गया है। हम इसका विरोध करते हैं।उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि 5 जनवरी 2022 को प्रधानमंत्री बॉय एयर आ रहे थे, लेकिन अचानक उनका रूट बदल दिया गया।

वे सड़क मार्ग से आए और उनका काफिला 15-20 मिनट के लिए रुक गया था। एक भी किसान ने पीएम की तरफ फूल तक नहीं मारा था। तत्कालीन मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी की अगुआई वाली कांग्रेस सरकार ने साफ किया था कि किसानों का मकसद उन्हें नुकसान पहुंचाना नहीं था। इसके बावजूद अब 3 साल के बाद किसानों पर दोबारा से कार्रवाई निंदनीय है।

# नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा को तेजस्वी ने बताया दुर्गति यात्रा



**पटना,एजेंसियॉं।** बोधगया में आयोजित कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा पर तंज कसा। नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा को तेजस्वी यादव ने दुर्गति यात्रा बताया। तेजस्वी यादव ने साफ तौर पर कहा कि बिहार एक गरीब राज्य है, बावजूद इसके मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा पर अरबों रुपये खर्च किए जा रहे है और इसका कोई फलाफल देखने को नहीं मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि नीतीश अपनी यात्रा के दौरान जनता से नहीं मिल रहे हैं, सिर्फ सरकार के रिटायर्ड अधिकारी ही उनकी यात्रा में शामिल हो रहे हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जब दौरे पर निकलते हैं तो उन्हें जनता से संवाद करने के लिए 2 अरब रुपये से ज्यादा खर्च करने पड़ते हैं। ये %प्रगति यात्रा% नहीं %दुर्गती यात्रा% है।



# कार्यालय नगर पंचायत रानीगंज जनपद-प्रतापगढ़

पत्रांक: मेमो/न0पं0रानीगंज/2024-25
दिनांक 10 जनवरी, 2025

स्वच्छ रानीगंज




सुन्दर रानीगंज




नगर पंचायत रानीगंज जनपद-प्रतापगढ़

"महाकुम्भ 2025" के शुभ अवसर पर नगर पंचायत रानीगंज के नागरिकों से निम्न अपील करती है।

1. सभी नगर वासी एवं वृक्ष अवश्य लगायें।
2. पटरी दुकानदार सड़क/पटरी पर दुकाने न लगायें।
3. नगर को स्वच्छ बनाने और बीमारी से दूर रहने के लिए खुले में शौच न जाये।
4. कूड़े को स्वयं ही कम्पोटिंग करके खेतों में उर्वरक हेतु उपयोग करें।
5. प्लास्टिक, पालीथीन, थर्मोकोल का प्रयोग 15 जुलाई 2018 से पूर्णतया प्रतिबन्धित है, इसका प्रयोग कदापि न करें उसके स्थान पर जूट या कपड़े के बने थैले का प्रयोग करें।
6. किसी भी प्रकार के अतिक्रमण से दूर रहे नाला/नाली व सड़कों को अवरोध मुक्त रखें।
7. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर करवायें और किसी भी अनावश्यक कागजी कार्यवाही से मुक्त रहें।
8. प्रधानमंत्री स्ट्रीट ट्रेडर्स आत्म निर्भर निधि योजनान्तर्गत रेहड़ी और पटरी वालो (छोटे सड़क विक्रेताओ) को अपना खुद का काम शुरू करने के लिए प्रथम बार में धनराशि 10,000.00 (दस हजार) रूपये तक लोन मुहैया कराया जायेगा। सरकार द्वारा लिया गया ऋण एक वर्ष के भीतर किश्त लौटाने के बाद द्वितीय बार में धनराशि 20,000.00 (बीस हजार) रूपये तथा तृतीय बार में धनराशि 50,000.00 (पच्चास हजार) रूपये तक का लोन प्राप्त किया जा सकता है।
9. प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रथम बार में धनराशि 1,00,000 (एक लाख) द्वितीय बार में धनराशि 2,00,000 (दो लाख) तथा तृतीय बार में धनराशि 3,00,000 (तीन लाख) रूपये तक का लोग प्राप्त किया जा सकता है। (पूर्ण जानकारी हेतु नगर पंचायत रानीगंज से सम्पर्क करें।)
10. यह नगर आपका है इसे स्वच्छ बनाये रखने में निकाय को सहयोग प्रदान करें।
11. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के रैकिंग में सहयोग करें।

| महेन्द्र कुमार सिंह | मीरा गुप्ता | त्रिभुवन विश्वकर्मा | संजीव रंजन |
|---|---|---|---|
| अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रानीगंज | अध्यक्ष नगर पंचायत रानीगंज | अपर जिलाधिकारी/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय जनपद-प्रतापगढ़ | जिलाधिकारी प्रतापगढ़ |

# अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने लगाई संगम में डुबकी

## बोले- महाकुम्भ दे रहा दुनिया को एकता का संदेश

- 10 देशों के 21 सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल का ऐतिहासिक दौरा
- योगी सरकार के भव्य आयोजन और सुरक्षा व्यवस्था के कायल हुए विदेशी मेहमान



**लोकमित्र ब्यूरो**


**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ में 10 देशों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न अखाड़ों का दौरा किया। इस यात्रा में उन्होंने न केवल महाकुम्भ के धार्मिक महत्व को समझा बल्कि भारतीय संस्कृति के अद्भुत पहलुओं को भी अनुभव किया। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रतिनिधि दल ने समूचे महाकुम्भ क्षेत्र का दौरा किया। जिससे उन्हें इस विशाल धार्मिक आयोजन की व्यापकता साक्षात देखने को मिली। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने दुनिया के इस सबसे बड़े आयोजन के भव्य इंतजाम के लिए योगी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। भारतीय संस्कृति को देखने और समझने के लिए सभी देशों के लोगों को यहां महाकुम्भनगर जरूर आना चाहिए।संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की प्रतिनिधि सैली एल अजाब ने कहा कि वो मध्य पूर्व से भारत आई हैं। यह एक अद्भुत क्षण है। यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। यहां सब कुछ पूरी तरह से व्यवस्थित है। उन्होंने महाकुम्भ की भव्यता की तारीफ करते हुए बताया कि यह आयोजन न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। उन्हें यहां करोड़ों श्रद्धालुओं और उनकी विधिवत सुरक्षा व्यवस्था को देखकर भारतीय संस्कृति की महानता का अहसास हुआ।अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल ने महाकुम्भ के दौरान विभिन्न अखाड़ों का भ्रमण किया। यहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की और महाकुम्भ के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जाना। साधु-संतों ने महाकुम्भ की प्राचीन परंपराओं, अखाड़ों की भूमिका और भारतीय संस्कृति की महिमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि संतों के विचारों से गहरे प्रभावित हुए और उन्होंने भारतीय धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।महाकुम्भ का आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ में भी एकता का प्रतीक है। महाकुम्भ के दौरान 10 देशों के 21 प्रतिनिधियों ने इस आयोजन की भव्यता और उसकी वैश्विक पहचान को नजदीक से महसूस किया। महाकुम्भ ने दुनिया को यह संदेश दिया कि दुनिया के विभिन्न कोनों से लोग एकत्रित हो सकते हैं, भले ही उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि अलग-अलग क्यों न हो।

### फिजी, गुयाना से लेकर दक्षिण अफ्रीका तक के प्रतिनिधि पहुंचे, भारतीय संस्कृति से हुए अभिभूत

महाकुम्भ में फिजी, फिनलैंड, गुयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद और टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधि पहुंचे हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल ने महाकुम्भ का दौरा करके भारतीय संस्कृति की विविधता और धार्मिक एकता का अनुभव किया। सभी यहां की संस्कृति से अभिभूत नजर आए।उनके लिए यह यात्रा न केवल एक धार्मिक अनुभव है, बल्कि एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा लेने का भी एक शुभ अवसर है।

## नई दिल्ली से वाराणसी बुलेट ट्रेन मार्ग के प्रस्ताव से कहीं खुशी कहीं गम

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** डीबीएचएसआर कारिडोर परियोजना अर्थात नई दिल्ली से वाराणसी बुलेट ट्रेन मार्ग बनाने के प्रस्ताव से होलागढ़ क्षेत्र के किसानों मे कहीं खुशी तो कहीं गम जैसा माहौल है। इस कारिडोर का मैप व जानकारी लोगों के मोबाइल पर आने की सूचना इलाके में जंगल की आग की तरह फैल गया है। बुलेट ट्रेन के इस प्रस्ताव से उन किसानों में गहरा दुःख है जिनका घर व खेत जद में आ रहा है, जबकि ट्रेन मार्ग के बगल वाले किसानों में खुशी का माहौल है। बता दें कि यह कारिडोर नई दिल्ली से वाराणसी तक 865 किमी की दूरी का होगा जिसे औसतन 200 से 350 किमी प्रति घंटे की स्पीड से 2 घंटा 37 मिनट में ट्रेन तय करेगी। यह ट्रेन मार्ग लखनऊ, प्रयागराज से वाराणसी तक होगा। उत्तरा प्रदेश में कुल बारह स्टेशन होगे। इसी ट्रेन मार्ग में लखनऊ से अयोध्या को जोड़ने के लिए भी 122 किमी का मार्ग बनाया जायेगा। उधर इस प्रस्तावित रेलमार्ग से होलागढ़ के दुबान का पूरा, रानी का पूरा, सोखरी, लोहन का पूरा, दहियावां, हंसराजपुर, सराय हरीराम, मालापुर, खुट्हना आदि ग्राम प्रभावित होंगे।



# मौनी अमावस्या पर्व के लिए और फाइन ट्यून करें तैयारियां- मुख्य सचिव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुंभनगर।** पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के सकुशल संपन्न होने के बाद अब योगी सरकार का पूरा फोकस 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर्व पर होने वाले अमृत स्नान की तैयारियों पर है। इसकी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए गुरुवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान मुख्य सचिव और डीजीपी ने आईसीसीसी सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक भी की।

मुख्य सचिव ने कहा कि पिछले दो पर्वों पर सभी व्यवस्थाएं और सुविधाएं अच्छी रही हैं, लेकिन अब हमें इन्हें और फाइन ट्यून करना होगा। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ में जल्द ही पीएम की विजिट के साथ ही कैबिनेट बैठक भी संभावित है। इसको लेकर सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस के साथ ही सभी विभागों के अधिकारी भी अवश्य मौजूद रहें।

मुख्य सचिव ने कहा कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति पर्व सकुशल संपन्न कराए गए हैं। अब हमें मौनी अमावस्या के प्रमुख पर्व की तैयारी पर जोर देना है। पिछले दो पर्वों में सभी व्यवस्थाएं और सुविधाएं अच्छी रही हैं। अब हमें इन्हें और फाइन ट्यून करना होगा। 144 साल बाद ऐसी स्थिति बनी है जब पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति दोनों एक साथ मनाए गए हैं। यह हमारे लिए मौनी अमावस्या से पहले ड्रेस रिहर्सल का अवसर था। उन्होंने रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को लेकर कहा कि रेलवे स्टेशंस पर जाने के लिए साइनेजेज को और बेहतर किया जा सकता है। सभी साइनेजेज ऐसे होने चाहिए जिन पर श्रद्धालुओं को जानकारी दी जाए कि उन्हें कौन से रेलवे स्टेशन पर जाना है। यह स्पष्ट दिखना चाहिए की उनके गंतव्य की ट्रेन उन्हें कहां मिलेगी। डिजिटल स्क्रीन पर ट्रेन और स्टेशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाए। साथ ही सभी रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संगम की दूरी भी स्पष्ट रूप से दिखनी चाहिए। रेलवे को यह व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए कि जो यात्री जिस स्टेशन पर उतरा है उसे उसी स्टेशन पर उसकी वापसी की ट्रेन मिले।

इस अवसर पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार के अलावा प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, एडीजी प्रयागराज मंडल भानु भास्कर, मेलाधिकारी विजय किरण आनंद और जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड़ मौजूद रहे।

## 'गुफ़्तगू' के मीडिया हाउस में इस बार 'इंडियन प्रेस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** 23 वर्ष से प्रकाशित हो रही हिन्दी त्रैमासिक पत्रिका 'गुफ़्तगू' के आगामी अंक के 'मीडिया हाउस' नामक कॉलम में 'इंडियन प्रेस' का पूरा इतिहास कुछ ख़ास फोटो के साथ प्रकाशित किया जएगा।

इंडियन प्रेस की बुनियाद बाबू चिंतामणि घोष ने डाली थी। इसी प्रेस से वर्ष 1900 में 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन शुरू हुआ था। वर्ष 1903 से 1920 तक इस पत्रिका के संपादक महावीर प्रसाद द्विवेदी थे। वर्ष 1982 तक इस पत्रिका का प्रकाशन हुआ था। इंडियन प्रेस से प्रेमचंद, रवीन्द्रनाथ टैगोर समेत देशभर लगभग सभी बड़े साहित्यकारों की पुस्तकें छपती रही हैं।

आज बाबू चिंतामणि घोष के प्रपौत्र अरिन्दम घोष से मुलाकात इसका इतिहास जानने की कोशिश की गई। इससे पहले इस कॉलम में दैनिक जागरण, अमर उजाला और 'माया' पत्रिका का इतिहास प्रकाशित किया जा चुका है।

# महाकुम्भ मेले में संविधान गैलरी का हुआ उद्घाटन

## यूपी के संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने किया संविधान गैलरी का उद्घाटन

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 प्रयागराज के अंतर्गत त्रिवेणी मार्ग पर सजाई गई संविधान गैलरी का गुरुवार को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने उद्घाटन किया। मंत्री के साथ उपस्थित अतिथियों ने इस अवसर पर संविधान गैलरी में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। संविधान गैलरी में भारतीय संविधान पर आधारित पुस्तकों और ग्रंथों का एक पुस्तकालय भी सजाया गया है। उद्घाटन समारोह के मौके पर भारतीय सेना के बैंड ने वंदे मातरम समेत कई देशभक्ति गीतों की धुन पर संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जे जे मुनीर उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता दिव्य प्रेम सेवा मिशन के




अध्यक्ष डॉ आशीष गौतम ने की। उद्घाटन समारोह के अवसर पर अपने संबोधन में न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने कहा कि संविधान से सारे देश का संचालन होता है। कोई भी समाज संविधान और विधियों के बिना नहीं चलता है। संविधान गैलरी जैसे प्रयासों से नई पीढ़ी को इसके बारे में अवगत कराने में मदद मिलेगी। मुझे आशा है कि ऐसे प्रयत्न आगे भी चलते रहेंगे।मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विश्वविख्यात समागम में इस गैलरी को आयोजित कर यह प्रयास किया गया है कि मेले में आने वाले लोगों को संविधान के निर्माण, लागू होने और इसके अनुच्छेद के बारे में जानकारी हो। ऑडियो के माध्यम से आप विषय के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल कर सकते हैं। संविधान ऐसा दस्तावेज है, जिससे हमारी पूरी शासन व्यवस्था संचालित होती है।दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गौतम ने कहा कि आज कल संविधान की प्रतियां मंच पर खूब लहराई जाती है। उनके घर में संविधान की मूल प्रति भी नहीं होगी। उन्होंने संविधान पढ़ा भी नहीं होगा। संविधान गैलरी में लगी प्रदर्शनी में चित्रों और प्रतिकृतियों के माध्यम से भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं, दस्तावेजों और व्यक्तित्वों के योगदान के बारे में जानकारी प्रदर्शित की गई है। यहां ऑडियो के माध्यम से संविधान सभा की बहसों को प्रस्तुत किया जा रहा है।

## सनातन रत्न सम्मान तथा सनातन गौरव सम्मान का आयोजन 24 को- अरविन्द स्वरूप

### अखिल भारतीय दण्डी स्वामी समाज, अखिल भारतीय सनातन धर्म संसद एवं वामा ऐप के संयुक्त तत्वावधान में होगा आयोजन

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय दण्डी स्वामी समाज, अखिल भारतीय सनातन धर्म संसद एवं वामा ऐप के संयुक्त तत्वावधान में समायोजित सनातन रत्न सम्मान तथा सनातन गौरव सम्मान का आयोजन 24 जनवरी को दण्डी स्वामी नगर में परमपूज्य श्रीमद् जगदगुरू शंकराचार्य जी महाभाग तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष दण्डी स्वामी समाज के श्री स्वामी विमलदेव आधम जी महाराज की अध्यक्षता में किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

उन्होंने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को नव राष्ट्र के नव अभ्युदय तथा युग परिवर्तन में रामराज्य की परिकल्पना रूप स्वप्न की पूर्णता को जीवन्त रूप दृष्ट करने के लिये सन्त समाज सनातन रत्न सम्मान समारोह द्वारा अभिनन्दित करेगा। साथ ही अनेक विभूतियों का इस समारोह में सनातन रत्न सहित ही सनातन गौरव सम्मान द्वारा अभिनन्दित किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

जिसमें दिलीप कुमार लाखी हीरा कारोबारी, गोविन्द भाई दोलकिया हीरा कारोबारी, प्रवीण शंकर पंडचा डायरेक्टर डायमंड मार्केट भारत, स्वामी चिदानन्द मुनि परमार्थ ऋषिकेश, बाबा रामदेव, पतंजली, के. एन. गोविन्दाचार्य, महाराजा गज सिंह जोधपुर, महाराजा पद्मनाभ सिंह जयपुर घराना सहित कई राष्ट्रोत्कर्ष के महान व्यक्तित्व वाले श्रेष्ठ महत् पुरुषों का सम्मान अभिनन्दन किया जायेगा।

# जनजातियों की एक विशेष संस्कृति होती है- डॉ मलिक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग द्वारा आज ÷भारत मे असुरक्षित जनजातीय समूह (अंडमान निकोबार जनजाति के विशेष संदर्भ) में÷ विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशिष्ट व्याख्यान की मुख्य वक्ता डॉ सावती मलिक समाजशास्त्र विभाग फकीर मोहन ऑटोनॉमस कॉलेज बालासोर उड़ीसा रही।



अपने व्याख्यान में डॉक्टर मलिक ने बताया कि जनजाति एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र मैं निवास करते हैं उनकी अपनी एक भाषा होती है और एक विशेष संस्कृति होती है डॉक्टर सावती मलिक ने बताया कि अंडमान निकोबार के मनकररिया जनजाति बंदरों को नियंत्रित करने का कार्य करती है वहीं खड़ीया जनजाति शहद एकत्रित करने का कार्य करती है। साथ ही उन्होंने उत्तर-पूरव भारत की खाँसी गारौ जनजातियों के बारे में भी बताया। डॉक्टर मलिक ने अंडमान की छह जनजातियों के बारे में बताया जिसमे ग्रेटअंडमान, उनजे, जारवा, शोमेंपन, सेंटीमोलिस, द निकोबारी इत्यादि शामिल है। उन्होंने बताया कि द ग्रेट अण्डमानी जनजाति किसी अन्य समूह के साथ सरलता से बातचीत कर लेती है लेकिन जो सेटीमोलिस जनजाति है वो अपने आप को अलग थलग रखती है । किसी अन्य समूह के संपर्क में नहीं आती है। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रोफेसर आशिमा घोष के स्वागत भाषण से हुआ। डॉक्टर शालिनी सिंह ने मुख्य वक्ता का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम में एंकरिंग बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा तृप्ति सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनुज कुमार वर्मा ने दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिका डॉ ऐश्वर्य सिंह, डॉ फातिमा नूरी, डॉ निर्मला गुप्ता इत्यादि मौजूद रहे। साथ ही बीए प्रथम द्वितीय तृतीय वर्ष की छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

## कुम्भ मेला क्षेत्र में समाजवादी चिंतन शिविर का उद्घाटन आज

**प्रयागराज।** कुम्भ मेला क्षेत्र में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाजवादी चिंतन शिविर सेक्टर 11में आयोजित किया गया है। शिविर का उद्घाटन 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल करेंगे।

सपा मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार उक्त शिविर सेक्टर 11 में तुलसी मार्ग पर हेतापट्टी कुटी मार्ग चौराहे से उत्तर लगाया गया है।

## हॉलैंड हाल में खेल महोत्सव का शुभारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** हॉलैंड हाल में खेल महोत्सव का शुभारंभ क्रिकेट मैच के साथ मुख्य अतिथि वरिष्ठ पार्षद आनन्द घिल्डियाल ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह एवं सांसद उज्जवल रमण सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक अखण्ड प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। हॉलैंड हाल छात्रावास के अधीक्षक रंजीत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ अनिल सिंह यादव भी उपस्थित रहे।



# लोक रंगोत्सव में जागरूकता एवं मनोरंजन का अद्भुत समन्वय- रवीन्द्र कुशवाहा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध रंगकर्मी स्वर्गीय अश्विनी अग्रवाल के स्मृति में इंडियन आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी के तत्वावधान में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से तृतीय प्रयाग लोकरंगोत्सव 2025 का आज द्वितीय एवं समापन दिवस रहा। यह कार्यक्रम जॉर्ज टाउन के आनंद बाल विद्या मंदिर स्कूल में सम्पन्न हुआ। संस्था ने अपने दो दिवसीय कार्यक्रम से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और जागरुकता जगायी। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवींद्र कुशवाहा सदस्य राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश रहे। आज की प्रथम प्रस्तुति वेदांशि नृत्यशाला के बच्चों की मनोहारी शिव स्तुति रही। निर्देशिका संगीता के कलाकार नैनिका, सानवी, तथा



हर्षिता ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूसरी प्रस्तुति इंडियन आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी द्वारा प्रस्तुत दिनेश भारती का नाटक डबल डोज रहा।पूरे कार्यक्रम का संचालन कौशिक भट्टाचार्य एवम अभिषेक सिंह ने किया। अंत में मुख्य अतिथि ने संस्था को ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बधाई दी और शहर के विभिन्न संस्थाओं से भी ऐसे ही उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रमों के आयोजन की अपील की। संस्था के संरक्षक तेजेंद्र सिंह तेजू ने कार्यक्रम को सफल बनाने में कलाकारों की पीठ थपथपाई। संस्था के अध्यक्ष कौशिक भट्टाचार्य ने दर्शकों को लोककला के प्रति जागरूकता के लिए उन्हें आभार व्यक्त किया।

## शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज के आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**प्रयागराज।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय जगद्गुरु शंकराचार्य गोवर्धन मठ पुरी उड़ीसा स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का महाकुंभ क्षेत्र पहुंचने पर भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया।सैकड़ों गाड़ियों के साथ शंकराचार्य महाकुंभ क्षेत्र के संगम लोअर मार्ग सेक्टर, मोरी मार्ग चौराहा स्थित अपने शिविर पहुंचे जहां पीठ परिषद, आनंद वाहिनी एवं आदित्य वाहिनी के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन से हावड़ा से चलकर प्रयागराज जंक्शन पहुंचे शंकराचार्य का रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में उपस्थित शिष्यों एवं श्रद्धालुओं ने स्वागत अभिनंदन किया। शंकराचार्य 6 फरवरी तक अपने शिविर में प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 11¬30 बजे से दर्शन, दीक्षा संगोष्ठी एवं शाम 5¬30 बजे से धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शंकराचार्य के निजी सचिव स्वामी निर्विकल्पानंद सरस्वती, प्रफुल्ल चैतन्य ब्रह्मचारी, ह्षिकेश ब्रह्मचारी, राजेश चैतन्य ब्रह्मचारी, डॉ एल एस ओझा, आचार्य विवेक मिश्रा वृंदावन, सीमा तिवारी, संतोष त्रिपाठी, प्रखर सिंह, नर नारायण सिंह, सार्थक द्विवेदी, राजेश गोंड, सचिन मिश्रा, बीपी सिंह, आनंद द्विवेदी, अजय पांडेय, शुभम सिंह, मनोज त्रिपाठी, प्रताप दुबे, शशांक गोस्वामी, भुवनेश्वर गोस्वामी, दीपक शुक्ला, नरेंद्र देव तिवारी, भारद्वाज तिवारी आदि बड़ी संख्या में शिष्यगण उपस्थित रहे।

# डामरीकरण का बाट जोह रहा है काली धाम संपर्क मार्ग

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** स्टेट राजमार्ग से जय मां काली धाम मंदिर तक संपर्क मार्ग आजादी के बाद आज भी बदहाली का शिकार बना हुआ है । प्रदेश सरकार द्वारा भले ही गांव के विकास या सड़क, नाली हो लेकिन आज भी हकीकत कुछ और देखा जा सकता है । लेड़ियारी बाजार से दो संपर्क मार्ग मंदिर तक जाने का मार्ग तो है। लेकिन दोनों रास्ता सौ मीटर दूर तक संपर्क मार्ग आज तक डामरीकरण का बाह जोह रहा है । जगह-जगह गड्ढ़े हो जाने से जलभराव हो जाने से बरसात होने पर पूरी तरह से आवागमन ठप हो जाता है । जिससे आस्था से जुड़ा यह मंदिर तक पहुंचना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। जिससे लोगों को पूजा एवं जल अभिषेक कार्य बाधित हो जाता है । बताया जाता है कि लेड़ियारी प्रधान एक संपर्क मार्ग पर गिट्टी तो डलवाया गया था। दूसरे मार्ग केवल मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। बताया कि यह मार्ग आस्था से जुड़ा काली धाम मंदिर सैकड़ों की संख्या में प्रति दिन लोगों का आवागमन होता है । वहीं इस मार्ग से सैकड़ों की संख्या में छात्र - छात्राओं का लेड़ियारी बाजार शिक्षा ग्रहण करने आते है । लेकिन बरसात के दिनों में जगह-जगह गड्ढ़े हो जाने से जलभराव हो जाता है । जिससे विद्यार्थियों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं । पूर्व ग्राम प्रधान ने बताया कि वर्ष 2014 में मनरेगा के तहत सौ मीटर दूर तक मनरेगा के तहत दो लाख



रुपए की लागत से मिट् टी, डाला था । वजट पास नहीं होने से यह सड़क निर्माण कार्य अधूरा है। इस मार्ग पर लोगों का घरों का निकलने वाला गंदा पानी से दो साल में पूरी तरह से ध्वस्त हो जाने से संपर्क मार्ग पर पैदल चलना मुश्किल है । वहीं बारिश होने पर राजमार्ग पर पानी भर जाने से किचड़ हो जाता है । जिससे पैदल लेड़ियारी बाजार तक निकलना टेढ़ी खीर साबित हो रही है । संपर्क मार्ग पर बड़े - बड़े गड्ढ़े होने से साइकिल सवार भी पैदल जाने से लोग मजबूर है । लेड़ियारी बाजार स्टेट राजमार्ग से सौ मीटर दूर स्थित काली धाम मंदिर है । ग्राम प्रधान ने सौ मीटर इंटरलाकिंग का कार्य किया गया था। लेकिन डामरीकरण का वाह आज भी जोह रहा है ।साधन सहकारी समिति अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह , राकेश कुमार केशरवानी, सुनील कुमार कुशवाहा का आरोप है कि सड़क के लिए पर्याप्त धन आने के बाद ग्राम प्रधान के द्वारा हेराफेरी किया गया है। वहीं आजादी के बाद आज तक इस सड़क की मरम्मतीकरण नहीं किए जाने से लोगों को काफी मुसीबत उठानी पड़ रही है । पांच वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत मिट् टी डालकर छोड़ दिया गया । इसके बाद गिट् टी, मोरम तक नहीं डाले जाने से बरसात के समय घर से सड़क तक निकलना मुश्किल है । ग्रामीणों को कीचड़ युक्त होकर गुज़रने से मजबूर होना पड़ रहा है। जबकि कुछ दबंगों द्वारा तालाब पाटकर भवन निर्माण कार्य कराए जाने से मार्ग सकरी हो गया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों से कई बार प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक नहीं इस ओर किसी ने मुड़ कर देखा तक नहीं बनवाने की कोसों दूर है । संपर्क मार्ग निर्माण मे मरम्मतीकरण कार्य नहीं कराया गया । जिससे पैदल चलना मुश्किल है । वहीं बारिश होने पर मंदिर पहुंचना टेढ़ी खीर साबित हो जाती है । संपर्क मार्ग दस वर्ष पूर्व बनाई गई थी । लेकिन आज तक इस मार्ग की मरम्मतीकरण नहीं किए जाने से पूरी तरह से खराब हो चली है । जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों को लिखित प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने से समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई ।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह से संपर्क मार्ग की मरम्मतीकरण कराएं जाने की मांग की है । ताकि समस्या का निदान मिल सके ।

## एमआईसी और डीएसए क्लब 'बी' सेमीफाइनल में

### अंडर-12 क्रिकेट में चंचल और मोहित का हरफनमौला खेल



चंचल मोहित

**प्रयागराज।** एमआईमी और डीएसए क्लब 'बी' ने श्री सहायक लाल गुप्ता अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। प्रतियोगिता में गुरुवार को जहां डीएसए क्लब 'ए' और एमआईसी का मुकाबला टाई रहा, वहीं डीएसए क्लब 'बी' ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब को 119 रन से हराया। इसमें डीएसए क्लब 'ए' के चंचल (53 रन, 47 गेंद, छह एवं एक विकेट) और डीएसए क्लब 'बी' के मोहित (43 रन एवं 2-0-11-5) ने हरफनमौला खेल का प्रदर्शन किया। डॉ. केएन काटजू कॉलेज मैदान पर खेले गए पहले मैच में डीएसए क्लब 'ए' ने 22 ओवर में 114 (चंचल 53, आरव 21, नरहरि दीक्षित 2/14, शिवांश गुप्ता 2/29) बनाए। जवाब में एमआईसी की टीम भी 22 ओवर में 9 विकेट पर 114 रन (नरहरि दीक्षित 40, सक्षम सोनकर 2/08, आरोन 2/19, चंचल 1/33) ही बना सकी। दूसरे मैच में डीएसए क्लब 'बी' ने 22 ओवर में 6 विकेट पर 185 रन (मोहित 43, आरव 33, अभिनव 4/39) बनाकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब को 14.1 ओवर में 66 रन (अभिनव 13 नाबाद, मोहित 5/11, आर्यन गुप्ता 2/03, तनिष्क ओझा 2/13) पर समेट दिया।

# जिलाधिकारी ने प्राप्त 03 आई0जी0आर0एस0 शिकायतों के निस्तारण का स्वयं मौका मुआयना किया, निस्तारण सही पाये जाने पर जताई प्रसन्नता

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** आई0जी0आर0एस0 सदर्भ सं0-20017424017489 शिकायतकर्ता वीरेन्द्र कुमार पुत्र सन्त बहादुर निवासी मौली परगना व तहसील चायल जनपद कौशाम्बी द्वारा विपक्षीगणों द्वारा भूमि पर जबरन निर्माण करने के सम्बन्ध में दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र तहसीलदार चायल से जांच करायी गयी। तहसीलदार की जॉच आख्यानुसार ग्राम मौली परगना व तहसील चायल की आराजी सख्या 681 मि0 रकबा 0.0103हे0 जो कि 5 खातों में विभक्त है। आराजी सं0 682 रकबा 0.297हे0 दो खातो में विभक्त है, जो संक्रमणीय भूनियर के रूप में दर्ज है। दोनों पक्षों में पूर्वजों के समय से ही बटवारे को लेकर विवाद था। शिकायतकर्ता विरेन्द्र कुमार के द्वारा न्यायालय उपजिलाधिकारी चायल के यहां बंटवारे के लिए धारा 116 का बाद योजित किया गया था, जिसका वाद संख्या टी202302420502819 है, परन्तु गाटा मिनजुमला होने के कारण प्रार्थी का वाद निरस्त हो गया था। प्रार्थी को बताया गया कि सहखातेदारों के बीच भौतिक विभाजन उ0प्र0राजस्व



संहिता 2006 की धारा 30 (2) के अन्तर्गत न्यायालयः जिलाधिकारी महोदय कौशाम्बी के यहां योजित कर अनुतोष करें। वर्तमान में शान्ति व्यवस्था बनी रहे, इस दशा में विपक्षी को निर्माण करने से मना कर दिया गया है, विपक्षी सहमत रहा। जिसका सत्यापन जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा मौके पर स्वयं किया गया, जिसका निस्तारण सही पाया गया। इसी प्रकार आई0जी0आर0एस0 सन्दर्भ संख्या- 40017424029924, 40017424029927, 40017424029926 एवं 20017424017457 अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसमें शिकायतकर्ता राजाराम निवासी बड़ी धन्नी परगना व तहसील चायल जनपद कौशाम्बी द्वारा भूमि की गलत नाप करने के सम्बन्ध में शिकायती प्रार्थना पत्र का नायब तहसीलदार से जांच करायी गयी। नायब तहसीलदार की जांच आख्यानुसार ग्राम सैंता परगना व तहसील चायल जनपद कौशाम्बी की आराजी संख्या 35 में आवेदकगण 3४4 हिस्सों के काश्तकार है और विपक्षी 1/4 भाग का काश्तकार है। आराजी से रामवन गमन मार्ग प्रभावित है, जिसमे आराजी अब मुख्यमार्ग से जुड़ गई है और विपक्षी भी रोड की ओर भूमि चाहते है। इसलिए दोनो पक्ष को सुझाव दिया गया कि आप लोग स्वयं सहमति के आधार पर भौतिक विभाजन कर ले अन्यथा की स्थिति में न्यायालय उपजिलाधिकारी चायल के यहां उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 की धारा 116 के अन्तर्गत वाद योजित कर अनुतोष प्राप्त करें। जिसका सत्यापन जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा मौके पर स्वयं जाकर किया गया, जिसका निस्तारण सही पाया गया। इसी प्रकार आई0जी0आर0एस0 सन्दर्भ संख्या- 40017424029048 एवं 440017424029050 शिकायतकर्ता एजाज अहमद आदि नि0ग्राम धन्नी परगना व तहसील चायल जनपद कौशाम्बी द्वारा ग्राम सैंता की भूमि पर विपक्षी द्वारा अवैध अतिक्रमण एवं पैमाइस के सम्बन्ध में शिकायती प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में नायब तहसीलदार से जाच करायी गयी। नायब तहसीलदार की जांच आख्यानुसार ग्राम सैंता की ऑ0स0 27४1.0000 हे0 भूमि जो कि राम बन गमन परियोजना से प्रभावित है। अधिग्रहण के उपरान्त अवशेष भूमि पर आवेदकगण का कब्जा है। आवेदकगण का कथन है कि विपक्षी द्वारा हमारी भूमि को कब्जा किया जा रहा है, विपक्षी को आवेदक से सन्निकट भूमि पर किसी प्रकार का परिवर्तन के लिए रोक दिया गया है साथ ही साथ आवेदक को सुझाव दिया गया है कि अपनी भूमि की सरकारी पैमाइस उ0प्र0रा0 संहिता 2006 की धारा 24 के अन्तर्गत उपजिलाधिकारी चायल के न्यायालय में बाद योजित कर अनुतोष प्राप्त करें। जिसका भौतिक सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा मौके पर स्वयं जाकर किया गया, जिसका निस्तारण सही पाया गया।

# दुष्कर्म के वांछित आरोपी गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट, एससी एसटी एक्ट से सम्बन्धित वांछित सुनील कुमार निषाद उर्फसुरेन्द्र निवासी बरवार थाना मऊ जनपद चित्रकूट को कैलाशपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए पांच गिरफ्तार

कौशाम्बी। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक गौरव त्रिवेदी मय हमराहपुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर संदीप मिश्रा नि0 सेंगरहा थाना प0शरीरा, दुर्गेश लोध, ओम प्रकाश उर्फलाला नि0 बाबा का पुरवा मजरा अंधावा थाना महेवाघाट को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से मालफड़ 1200 ६- रुपया व 52 अदद तास के पत्ते बरामद हुआ।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 106 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में पांच गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 02, थाना सराय अकिल से 01, थाना संदीपनघाट से 02) कुल 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## बीएसए ने बदले तीन खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यक्षेत्र

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जनपद में संचालित परिषदीय विद्यालयों में सुचारू शिक्षण व्यवस्था के लिए जिलाधिकारी के अनुमोदन के पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने तीन खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्य क्षेत्रों में बदलाव किया है। बीएसए कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने सिराथू के खंड शिक्षा अधिकारी रहे अनिल कुमार सिंह को सरसवां, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संबद्ध खंड शिक्षा अधिकारी डा. प्रज्ञा सिंह को सिराथू और सरसवां के खंड शिक्षा अधिकारी रहे जवाहर लाल यादव को मूरतगंज का खंड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया है।

## शनिवार को होगी जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा

**कौशाम्बी।** जवाहर नवोदय विद्यालय में वर्ष 2025 की कक्षा छह की प्रवेश परीक्षा आठ जनवरी शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 01:30 बजे तक जनपद के आठ केंद्रों में आयोजित कराई जाएगी। जिसमें कड़ा ब्लाक के एस ए वी इंटरमीडिएट कालेज सैनी में 491 परीक्षार्थी, सिराथू ब्लाक के हुबलाल इंटरमीडिएट कालेज में 480 परीक्षार्थी, सरसवां ब्लाक के नेशनल इंटरमीडिएट कालेज भरवारी में 396 परीक्षार्थी, मंझनपुर ब्लाक के एम वी कांवेंट एंड इंटरमीडिएट कालेज ओसा में 708 परीक्षार्थी, कौशांबी ब्लाक के भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में 429 परीक्षार्थी, मूरतगंज ब्लाक के महगांव इंटर कालेज में 393 परीक्षार्थी, चायल ब्लाक के करारी इंटर कालेज में 286 परीक्षार्थी, नेवादा ब्लॉक के डा. स्प्रिंग रिजवी फील्ड स्कूल करारी में 670 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा देंगे। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार जायसवाल ने बताया कि सभी आठ केंद्रों में कुल 3853 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

## चलो चलें महाकुंभ की ओर- प्रज्ञा शर्मा



**भरवारी, (कौशाम्बी)।** चलो चलें महाकुंभ की ओर, आओ चलें संगम की ओर, चलो चलें प्रयाग धाम की ओर। जहाँ साधु - संतों का हुजूम है, जहाँ नागा, किन्नर का हुजूम है, जहाँ श्रद्धालुओं का जनसमूह है, चलो चलें पावन पर्व में स्नान करें, आओ चलें महाकुंभ स्नान करें, चलो चलें गंगा से जीवन पावन करें,, चलो चले स्नान धर्म की आस्था से जुड़ने आओ चले दान धर्म से जीवन सफल बनाने, चलो चले ऋषियों का आशीष पाने,, चलो चले नमामि गंगे की जय घोष लगाने, आओ चले प्रेम और तप का दीप जलाने, चलो चले सनातन धर्म को निभाने, चलो चलें महाकुंभ की ओर, आओ चलें त्रिवेणी संगम की ओर, चलो चलें प्रयागराज की ओर। उक्त कविता प्रज्ञा शर्मा ने लिखी है।

# विश्व हिन्दू परिषद के लोगो ने सदर कोतवाली का घेराव कर किया प्रदर्शन

**मुख्यालय के समदा में दो समुदाय के बीच हुआ विवाद**



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिले के समदा चौराहा पर एक दुकान में खरीदारी के दौरान विशेष धर्म के लोगों द्वारा प्रदेश सरकार के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने के चलते दो समुदाय आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते माहौल गर्म हो गया जहां दोनों समुदाय के सैकड़ो लोग एकत्र हो गए। मामले में तनाव की सूचना पाकर पहुंची पुलिस मोर्चा सम्भला दोनों पक्षों को थाने ले आई। मामले में तहरीर के अनुसार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया हैं। मिले शिकायती पत्र में पीड़ित शिवा पटेल पुत्र गुलाब सिंह निवासी ग्राम सोनारन का पुरवा अम्बावा पश्चिम ने बताया गुरुवार को मैं अपने चचेरे भाई के साथ समदा बाजार में जूता खरीदने गया था। जूता का रेट अधिक देने पर लेने से इनकार कर दिया। इस पर जूता वाले ने कहा कि औकात नहीं है जूता खरीदने चले आये हो, और गाली गलौज करते हुए कहा कि सरकार के के चलते तुम गुंडा हो गए हो।

दर्जनभर लोगो ने नारा लगाकर हम सबके साथ मारपीट करने लगे और दांत काट लिया। मेरे गले में भगवा कपड़ा पड़ा था जिनको इन्होंने पर से कुचल और फाड़ दिया। इन सब से मेरी भावनाएं आहत हुई है। मामले की जानकारी पाकर इलाके से सैकड़ो लोग एकत्र हो गए सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला, हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक यशवंत यदुवंश भी अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच गए देखते-देखते कोतवाली छावनी में तब्दील हो गई। मामले में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मुख्यालय पर बैठकर धरना एवं प्रदर्शन भी किया। इस दौरान प्रमुख रूप से सर्वेश पटेल, रूपेन्द्र जी, पुष्पेंद्र पांडे, शिवम पांडे, वीरेंद्र दिवाकर, दीपक मौर्य, हनुमान पटेल, शिवा पटेल, पंकज पटेल, अक्षय प्रताप, प्रीतम मौर्या, कामता प्रसाद सिंह, तारीफ यादव, कार्तिकेय मिश्रा महेंद्र पासी अनुज विक्रम आदि लोग मौजूद रहें

## महाकुम्भ-2025 के आयोजन को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक ने किया पैदल गस्त



**कौशाम्बी।** महाकुम्भ-2025 के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत एवं जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा थाना मंझनपुर पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर में भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त की गई एवं संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों को चेक किया गया तथा दुकानदारों से वार्ता कर भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया।

**नो हेलमेट, नो फ्यूल**

# अपर जिलाधिकारी ने पेट्रोल पम्प मालिकों व सम्बन्धित अधिकारियों के साथ की बैठक




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड द्वारा उदयन सभागार में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने एव नो हेलमेट एवं नो फ्यूल रणनीति लागू करने के सम्बन्ध में पेट्रोल पम्प मालिकों एवं सम्बन्धित अधिकारियों के बैठक की गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सभी पेट्रोल पम्प मालिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति बिना हेलमेट के प्रेट्रोल पम्प में तेल लेने के लिए आते हैं, उन्हें तेल न दिया जाय, हेलमेट लगाकर आने वालों को ही तेल दिया जाय। इसके साथ ही उन्हांने कहा कि जिस ट्रैक्टर ट्राली में रिफ्लेक्टर लगा हो उसे ही तेल दिया जाय, जिस टैक्टर ट्राली में रिफ्लेक्टर नहीं लगा है उसे तेल न देने के साथ-साथ रिफ्लेक्टर लगवाने के लिए प्रेरित किया जाय।

उन्होंने ईट-भट्ठा मालिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि भट्ठों में जो भी ट्रैक्टर ट्राली कार्य कर रहें हैं, उनमें रिफ्लेक्टर अवश्य लगवायें, बिना रिफ्लेक्टर के कार्य करने वाले टैक्टर ट्राली वाहन चालकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने पेट्रोल पम्पों पर साफ-सफाई एवं महिलाध्पुरूष शौचायल बनवाये जाने के भी निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने पेट्रोल पम्पों पर नो हेलमेट, नो फ्यूल, नो शीट बेल्ट, नो फ्यूल के होर्डिग लगवाने के भी निर्देश सभी पेट्रोल पम्प मालिकों को दियें। इस अवसर पर एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल, जिलापूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0, जयप्रकाश केसरवानी, सुरेश अग्रहरि, गुलाब चन्द्र, प्रमोद चन्द्र एवं पेट्रोल पम्प संचालकों सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए।

## आर्म्स एक्ट के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** थाना पूरामुफ्ती पर पंजीकृत आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित मलखान पटेल निवासी फतेहपुर घाट थाना पूरामुफ्ती वर्तमान जनपद प्रयागराज को न्यायालय एसीजेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि व 2000 रूपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

# घरेलू कलह से आजिज महिला ने घर में लगाया फांसी, गंभीर



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के मलाक मोहिद्दीनपुर गांव में गुरुवार सुबह परिवारिक कलह से आजिज आकर महिला फांसी के फंदे पर झूल गई। फंदे पर लटका देख परिजनों ने समय रहते रस्सी को काटकर महिला को फंदे के नीचे उतारा। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

मलाक मोहिउद्दीनपुर गांव निवासी बाबूलाल मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। गुरुवार सुबह पारिवारिक कलह से आजिज आकर उसकी पत्नी पुष्पा देवी (28) ने कमरे में रस्सी के सहारे फांसी पर लटक गई। समय रहते परिजनों ने पुष्पा को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। आनन-फानन परिजनों ने रस्सी काटकर महिला को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और बेहोशी की हालत में इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां उसकी हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। वहीं परिजनों का कहना है कि छत पर चढ़ते समय महिला नीचे गिर गई है। इस सम्बंध में एसओ बृजेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## कड़ाके की ठंड में अलाव जलवाना पुण्य का कार्य



**करारी, कौशाम्बी।** हाड़ कपाऊ ठंड ने लोगों को दहला दिया है। बीते दिनों हुई बारिश ने ठंड को पुनः वापस ला दिया है। ठंड से निजात के लिए ग्राम हो या नगर सभी ने अपनी अपनी व्यवस्था के मुताबिक लकड़ी व कुंदा की आग जलवाकर ठंड से राहत दिलाने में सहारा बन रहे हैं। बता दें कि इस ठंड में अखबार का भी सहारा लेकर देश दुनिया की खबर का आनंद ले रहे हैं। हालाँकि इस ठंड में समाज सेवा के रूप में गली गली लकड़ी में आग लगवाकर ठंड से निजात दिलाना भी सवाब व पुण्य का कार्य है।

## आर0वी0एस0 प्रा0 आई0टी0आई0 चलौली, चायल के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आज

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** शिक्षित बेराजगार अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 17 जनवरी 2025 को आर0वी0एस0 प्रा0 आई0टी0आई0 चलौली, चायल के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेंगी। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोष ने देते हुए अवगत कराया कि रोजगार मेले के संबंध में अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकतें है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग कर सकते हैं।

## जिलाधिकारी ने 09 जनसेवा केंद्रों की आईडी निरस्त करने के दिए निर्देश

**कौशाम्बी।** भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार किसानों को अधिक से अधिक योजनाओं को लाभ पहुंचाने और योजनाओं से किसानों को जोड़ने के लिए फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन योजना संचालित की गई है।जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में समस्त ग्राम पंचायतों में स्थापित समस्त जनसेवा केन्द्रों से कृषकां का फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन का कार्य अभियान चलाकर कराया जा रहा हैं। इस अभियान में सभी जनसेवा केन्द्र संचालको द्वारा आवश्यक सहयोग करते हुए अधिक से अधिक कृषकों का रजिस्ट्रेशन किया जाना है। दिये गये निर्देशों के बावजूद जनसेवा केन्द्र संचालको द्वारा अपने ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित कृषको का पंजीकरण में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण जनपद की प्रगति में वृद्धि नहीं हो पा रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए 09 सीएससी सेंटरों जिंसमें-विपिन गुप्ता नेवादा कादीपुर, विपिन केसरवानी सिंघिया भरवारी, सुरजीत कुमार चमन्धा, भगवत प्रसाद कुशवाहा देवीगंज, राधा कष्ण चरवा, उमेश कुमार पाण्डेय पश्चिम शरीरा, नीलमणि पाण्डेय पश्चिम शरीरा, राजकुमार करनपुर सौरई एवं अभिषेक सिंह जगन्नाथपुर उदहिन बुजुर्ग की आई0डी0 निरस्त करने के निर्देश दियें।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालयों, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा शीतला माता मंदिर, कड़ाधाम में, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा चरवा चौराहा में भ्रमणशील रहकर,

थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा ग्राम कसेंदा में जाकर,थाना मो0पुर पंइसा पुलिस टीम द्वारा ग्राम कैमा में जाकर,थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा ग्राम पश्चिम शरीरा जाकर एवं महिला थाना,थाना महेवाघाट,थाना सराय अकिल,थाना करारी,थाना सैनी व थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर



बच्चियों, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया।

महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना,

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

लोकमित्र
● प्रतापगढ़, शुक्रवार ,17 जनवरी 2025



संक्षिप्त खबरें

## भगवान की कथा का श्रवण अमृतफल का पुण्यदायी-आचार्य अतुल जी




**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के पूरे बंशी गांव में हो रही श्रीमदभागवत कथा में गुरूवार को श्रद्धालुओं की भीड जुटी दिखी। कथाव्यास आचार्य अतुल जी महराज ने कहा कि श्रीमदभागवत कथा जीवन के सुमंगल का मार्गदर्शन है। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का लीलावतार हमें नैतिक पथ पर सुचरित्र जीवन की प्रेरणा दिया करता है। आचार्य अतुल जी ने कहा कि कलियुग में भगवान की कथा का श्रवण मात्र मनुष्य को अमृतफल प्रदान किया करता है। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए हमें सत्य मार्ग पर अनेक कठिनाईयों के बीच भी अडिग रहने की प्रेरणा दी है। कथा के दौरान बांके बिहारी के सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथा की संयोजिका कुन्ती देवी तथा ज्योति प्रसाद दुबे ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर कुलदीप दुबे, रामेन्द्र दुबे, सुधीर मिश्र, विकास तिवारी, राकेश शुक्ला, आदर्श दुबे, गंगेन्द्र प्रसाद तिवारी, आदित्य दुबे, आशीष दुबे व धर्मेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंदो को एसडीएम ने बांटे कम्बल



**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के पूरे तिलकराम गांव में गुरूवार को जरूरतमंदो को कंबल वितरित किया गया। लालगंज एसडीएम नैंनसी सिंह ने ठण्ड से प्रभावित गरीब तबके के लोगों को कंबल प्रदान किया। ठण्ड में कंबल पाकर जरूरतमंदो के चेहरे पर राहत देखी गयी। एसडीएम ने कहा कि सरकार व जनता के सहयोग से जरूरतमंदो की सेवा का मिशन मजबूती से संचालित होगा। उन्होने कहा कि जरूरतमंदो की मदद सबसे बड़ा पुण्य हुआ करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान चंद्रमौलि शुक्ल व संचालन संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू ने किया। कार्यक्रम का संयोजन क्षेत्रीय लेखपाल केके सरोज ने किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह, देवी प्रसाद मिश्र आदि मौजूद रहे।

## खेल से होता है मनुष्य का शारीरिक व मानसिक विकास

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिंधौर में गुरूवार को क्रिकेट टूर्नामेण्ट का शुभारंभ हुआ। आजाद स्पोर्टिग क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित इस टूर्नामेण्ट का मुख्य अतिथि राणा सूबेदार सिंह ने समारोहपूर्वक उदघाटन किया। उदघाटन मैच आरके एकेडमी और कैफ इलेवन के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल से मनुष्य का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होनें कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ ही खेलकूद में भी बढ़ चढ़कर सहभागिता निभानी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष गिरि दीपक ने किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष गुफरान अहमद ने खिलाडियो व अतिथियों का स्वागत किया। संरक्षक मो. ईसा खान ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर रामऔतार वर्मा, एजाज अहमद, मो0 अयान, गयादीन वर्मा, अमित तिवारी, प्रवेश यादव, नागेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पुल पर दुकानदार को रोककर पीटने के मामले में मुकदमा दर्ज

**फतनपुर प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बीरापुर पुल के पास बड़ारी गांव निवासी युवक नैतिक मिश्र को बीते 8 जनवरी को शाम 5 बजे के आसपास 3 युवकों ने रोककर पिटाई किया था। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि वह गांव में ही किराना की दुकान खोल रखा है। तीनों युवक पीड़ित को रोककर उसे □10000 रंगदारी मांग रहे थे। विरोध करने पर पीड़ित को तीनों ने मिलकर पीट कर घायल कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर गुरुवार को दिन में 2꞉30 बजे के आसपास पुलिस ने गोरेलाल, दिलदार व एक अज्ञात के खिलाफ रंगदारी मांगने व मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## हैण्डपम्प खोल ले गये चोर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाउण्ड्री के अंदर लगे हैण्डपम्प को अज्ञात चोर खोल ले गये। घटना को लेकर पीड़ित ने गुरूवार को पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के सराय जगत सिंह गांव निवासी दीपक पाण्डेय पुत्र बृजभूषण पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके घर पर बाउण्ड्री के अंदर लगा हैण्डपम्प बुधवार की रात अज्ञात चोर खोल ले गये। पीड़ित का यह भी आरोप है कि चोर बाउण्ड्री में लगी सरिया भी उठा ले गये। जिससे उसे हजारों का नुकसान उठाना पडा। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## मोबाइल व किराने की दुकान में चोरी, मुकदमा दर्ज

**पट्टी प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के रामपुर कापा गांव निवासी रामकृष्ण उपाध्याय ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है। पीड़ित ने अपने गांव में ही मोबाइल व किराने की दुकान खोल रखा है। जिसमें बीते 28 दिसंबर की रात में अज्ञात चोरों ने मोबाइल व किराने की दुकान से लगभग □20000 नगदी व दुकान के अंदर से रखा सामान चुरा ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पीड़ित की तहरीर पर छानबीन के बाद गुरुवार को दिन में 11꞉30 के आसपास पुलिस ने अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज करके आगरा विधि कार्यवाही शुरू कर दी है।

## समाजवादी अधिवक्ता सभा के वकार अहमद बने प्रदेश सचिव



**प्रतापगढ़ ।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष हांजी अब्दुल रज़्ज़ाक़ के पोते वकार अहमद को समाजवादी अधिवक्ता सभा का प्रदेश सचिव नामित किया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल था। लोगों ने जगह-जगह पर मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और माला पहनकर स्वागत किया। इस मौके पर सुनील यादव प्रधान ,लोहिया वाहिनी महासचिव अनम अहमद, नगर उपाध्यक्ष बबलू पठान, लाइक अहमद उर्फ अल्लू अनवर हरिओम मिश्रा संतोष यादव उमाशंकर मौर्य राजकरण कुमार आदि मौजूद रहे।

# अग्निकांड में रेलवे की हजारों की संपत्ति राख, अधिकारी निभा रहे भाईचारा

▶▶ नियम को ताक पर रखकर आवास को बना दिया स्टोर

▶▶ बिना लिखा-पढ़ी के स्टोर में जल रही थी लाइट

▶▶ आग लगने से जल गई सिग्नल की संपत्ति, घटना पर जिम्मेदार डाल रहे पर्दा



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** लापरवाही के चलते आग लगने के कारण सिग्नल विभाग की हजारों की संपत्ति जलकर स्वाहा हो गई और जिम्मेदार इससे बचने के लिए घटना पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे हैं। कोई भी सच नहीं बोल रहा है। सब एक दूसरे को बचाने की कोशिश में है। इतनी बड़ी घटना हो गई अफसर तक को इसकी सूचना नहीं है। इसको लेकर यहां के जिम्मेदार भाईचारा निभा रहे हैं। जबकि इसी की वजह से रेलवे को हजारों का चूना लग गया। नियमानुसार ना तो आवास किसी को एलॉट हुआ था न ही उसको स्टोर लिखा पढ़ी में लाया गया। न ही आवास में बिजली का कनेक्शन ही दिया गया था। अगर यह सब ढंग से किया गया होता तो शायद आगजनी से बचा जा सकता था। जानकारों की माने तो अगर इस मामले के निष्पक्ष जांच कराई जाती है तो सच बाहर आ जाए और कई लोग फंस सकते हैं। गौरतलब हो कि मंगलवार की सुबह टेलीफोन विभाग के पुल के एल टू आवास में आग लगने से वहां पर रखी सिग्नल विभाग की रेलवे की महंगी केबल के अलावा अन्य महत्वपूर्ण चीज जलकर खाक हो गई। सिग्नल विभाग के वरिष्ठकर अभियंता एसपी पांडे द्वारा यह बताया जा रहा है कि उन्होंने आवास को स्टोर बनाया था और आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट प्रतीत होता है। जब इस मामले की तह तक जांच की गई तो पता चला कि आवास रिपेयरिंग में था और बिजली विभाग की तरफ से उसको कनेक्शन लिखा पढ़ी में नहीं दिया गया था। आवास को स्टोर बनाने की जानकारी इंजीनियरिंग विभाग के आला अधिकारियों को भी नहीं दी गई थी और ना ही अग्निकांड की सूचना ही। इस पूरे मामले में सिग्नल विभाग और रेलवे सुरक्षा बल की भूमिका अहम मानी जा रही है।

### ▶▶ आवास से तार का छीलन मिला

जिस कमरे में आग लगी है। उसके बगल वाले कमरे में आरपीएफ को तार के छीलन का ढेर मिला है। इसका तार कहां गया। यह किसी को पता नहीं है। यह किसी साजिश की तरफ इशारा करता है। मजे की बात यह है कि आरपीएफ को स्टोर और उसमें बिजली के कनेक्शन की पूरी जानकारी थी। यहां भी भाईचारा निभाया गया।

### ▶▶ घटना पर पर्दा डालने की कोशिश

बिजली, इंजीनियरिंग, सिग्नल और आरपीएफ सभी को पहले से ही कटियामारी और गलत तरीके से आवास को स्टोर बनाने जैसी सभी बातों की जानकारी थी।

लेकिन सभी ने भाईचारा निभाया। जिससे चूना रेलवे संपत्ति को लगा। अब जब पोल खुली है तो सभी एक दूसरे को बचाने में लगे हैं।

### कटिया मारकर जलाई जा रही थी बिजली

अग्नि कांड की घटना में यह खुलासा हुआ है कि जिस आवास को स्टोर बनाया गया था। उसमें बिजली का कनेक्शन नहीं था। चर्चा है कि सिग्नल के लोग उसके ऊपर से गई लाइन में कटिया मार कर चोरी से बिजली जला रहे थे। जो कि रेलवे में कानूनन अपराध है। जबकि इसकी सूचना बिजली अफसरों को थी। यही काम अगर कोई कर्मचारी करता तो विभाग चोरी में उसको अब तक उल्टा टांग चुका होता। अब इस मामले में देखना दिलचस्प होगा अधिकारी एक्शन लेते हैं या वे भी भाईचारे निभाएंगे. !

### मामले की एडीईएन को नहीं है जानकारी

मजे की बात यह है आवास को स्टोर बनाने से लेकर आग लगने तक की घटना की जानकारी एडीईएन राजेश यादव को नहीं है। जबकि वे हाऊसिंग एरिया कमेटी के अध्यक्ष हैं। बोले कि उन्हें किसी ने बताया ही नही। अब जानकारी हुई है। वे साइट पर है। घटना की जांच होगी। दोषीजनों के खिलाफ एक्शन होगा।

### शॉर्ट सर्किट से लगी है आग

आग लगने की वजह बिजली की शॉर्ट सर्किट हो सकती हैं। सिग्नल के खण्ड अभियंता एसपी पांडे ने आरपीएफ को दी गई सूचना में कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि शॉर्ट सर्किट से ऐसा हुआ है। बिजली विभाग के वरिष्ठ खण्ड अभियंता संजय यादव का कहना है कि आवास अंडर रिपेयरिंग था। उसमें बिजली का कनेक्शन नहीं था। ऊपर से बिजली का केबल जरूर गया है।

## कृषि यन्त्रों हेतु ई-लाटरी के माध्यम से 17 जनवरी को लाभार्थियों का होगा चयन-उप कृषि निदेशक

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि विभाग द्वारा संचालित मैकेनाइजेशन एवं इन-सीटू योजनान्तर्गत समस्त कृषि यन्त्रों जिसकी बुकिंग दिनांक 06.12.2024 से 20.12.2024 के मध्य जनपद के जिन कृषकों द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर आनलाइन बुकिंग की गयी है जिसमें लाभार्थियों का चयन दिनांक 17.01.2025 को अपरान्ह 1 बजे से कृषि भवन प्रतापगढ़ के सभागार कक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति की उपस्थिति में ई-लाटरी के माध्यम से किया जाना है। उन्होने जनपद के समस्त सम्बन्धित कृषक बन्धुओं जिनके द्वारा कृषि यन्त्रों हेतु आनलाइन बुकिंग की गयी है उनसे अनुरोध किया है कि ई-लाटरी हेतु निर्धारित तिथि, स्थान व समय पर उपस्थित रहकर ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थियों के चयन में सहभागिता करें।

## भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल रहे बिजली के अफसरों को मिली फटकार

▶▶ बार बार सूचना मांगने पर अफसरों नहीं दे रहे जानकारी

▶▶ मामला शासन में पहुंचने पर अनु सचिव ने लगाई फटकार

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** अधिशासी अभियंता रानीगंज और एक कर्मचारी के ऊपर लगाए गए भ्रष्टाचार और इससे संबंधित जनसूचना अफसरों की तरफ से न देने में हीलाहवाली करने का मामला शासन तक पहुंच गया है। इसको गंभीरता से लेते हुए अनुसचिव चंद्र कुमार वर्मा ने प्रतापगढ़ के अधीक्षण अभियंताओं की क्लास ली है और कहा है कि जल्द से जल्द सूचना उपलब्ध कराई जाए।

बता दें कि रानीगंज कुसफ़रा के रहने वाले सत्येंद्र सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने रानीगंज के अधिशासी अभियंता संजय गुप्ता और कर्मचारी अनिल यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने इससे संबंधित कई पत्र अधीक्षण अभियंता प्रतापगढ़ और चिलबिला को दिए जिसमें सूचना के आधार पर पांच बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। पप्पू सिंह का आरोप है कि लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि बीच में अधीक्षण अभियंता ने मामले की जांच करने के लिए कमेटी गठित की थी। मजे की बात है उसे कमेटी में जांच अधिकारी रानीगंज के अधिशासी अभियंता संजय गुप्ता को बनाया गया। जिनके खिलाफ जांच होनी थी।सत्येंद्र सिंह के द्वारा बार-बार जनसूचना के तहत जानकारी न दिए जाने पर उन्होंने मामला शासन तक पहुंचा दिया। वहां से अनुसचिव चंद्र कुमार वर्मा ने अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल प्रतापगढ़ और अधीक्षण अभियंता विद्युत मंडल चिलबिला को पत्र लिखकर कहा है कि वह अप्पू सिंह द्वारा मांगी गई पांच बिंदुओं की जन सूचना उपलब्ध कराएं।

## लाखों के बकायेदारों के घर हो रहे रोशन, छोटे की बत्ती गुल

● बड़े बकायेदारों पर मेहरबान है बिजली विभाग के अधिकारी

● शहर के कई मोहल्लों में चल रहा अवैध वसूली का खेल

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जो लाखों के बकायेदार हैं बिजली विभाग उनके घरों का कनेक्शन नहीं काट रहा है। छोटे बकायेदारों पर जबरदस्त चढ़ाई हो रही है। अभियान में बड़े वालों से बकाए के नाम पर अवैध वसूली कर उन्हें राहत प्रदान की जा रही है। हजार




और सैकड़ा वालों का कनेक्शन काट कर उन्हें जेल भेजने की तैयारी अफसर से लेकर उनके करिंदे कर रहे हैं। शहर के कई मोहल्लों में कई ऐसे लखपति बकायेदारों के नाम सुर्खियों में हैं जिनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

शहर के पाइक रोड, शुकुलपुर, शिवजीपुरम, बलीपुर और भूलियापुर समेत छह मोहल्ले हैं जहां पर तीन से चार लाख के बिजली के बकायेदार हैं। बकाए को लेकर बिजली वालों की तरफ से इनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इनके घरों की बिजली जल रही है।

### ▶▶ जिम्मेदार लगा रहे पलीता

इस खेल में एक पावर हाउस के जेई उसके रिश्तेदार और टीजी टू कर्मचारी की मुख्य भूमिका बताई जा रही है। ये लोग बड़े बकायेदारों पर मेहरबान है और विभाग को चूना लगाकर अपनी जेब भर रहे हैं।

### ▶▶ जांच के बाद होगी कार्रवाई - एसी

इस बारे में अधीक्षण अभियंता सतपाल का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। जांच कराने के बाद जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## रानीगंज में रेलवे दोहरीकरण के कारण बंद रहेगा यातायात

**रानीगंज (प्रतापगढ़)** रेलवे लाइन दोहरीकरण के कारण रानीगंज के जामताली चौराहा - पट्टी मार्ग पर स्थित रेलवे क्रासिंग को शुक्रवार की शाम से शनिवार की सुबह तक बंद किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इसके चलते रानीगंज से वाहन लक्षीपुर व लक्षीपुर से वाहन रानीगंज रेलवे क्रासिंग पार करके नही जा सकेंगे। लखनऊ - वाराणसी रेलवे लाइन के दोहरीकरण का कार्य प्रगति पर है। शुक्रवार को रानीगंज स्थित रेलवे क्रासिंग पर दोहरीकरण का कार्य किया जाना है। इसके चलते शुक्रवार को शाम आठ बजे से शनिवार को सुबह आठ बजे तक रेलवे क्रासिंग बंद रहेगी और कोई भी वाहन रेलवे क्रासिंग पार कर नही जा सकेंगे। इसके लिए कार्यदायी संस्था द्वारा क्षेत्रवासियों में अनाउंसमेंट भी कर दिया गया है।

## समस्याओं के समाधान न होने पर भड़के वकील, एसडीएम का किया घेराव

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिवक्ताओं की लंबित समस्याओं के समाधान न होने से आक्रोशित वकीलों ने गुरूवार को तहसील परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। साथी अधिवक्ता रामछबीले यादव के जमीनी विवाद तथा अंकुर तिवारी के पुलिसिया उत्पीड़न से खफा वकीलों ने तहसील गेट पर एसडीएम का घेराव किया। करीब घंटे भर विरोध प्रदर्शन के दौरान वकील एसडीएम पर इन समस्याओं के निस्तारण में प्रशासनिक लापरवाही को लेकर नाराज दिखे। एसडीएम नैंनसी सिंह ने समस्याओं के समाधान के लिए वकीलों को त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा महामंत्री सूर्यकांत निराला की अगुवाई में वकील सुबह से ही परिसर में विरोध प्रदर्शन करने लगे। इस बीच एसडीएम नैंनसी सिंह तहसील पहुंची तो गेट पर ही वकीलों




ने उनका घेराव शुरू कर दिया। संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि बार बार मांग रखने के बावजूद अधिवक्ता उत्पीड़न पर प्रशासनिक कार्रवाई संतोषजनक नही है। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत होने तथा जमीनी विवादों में गठित टीमों के द्वारा भी तहसील में कार्रवाई असंतोषजनक है। एसडीएम ने दो दिनों के भीतर समस्याओं के निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया। तब वकीलों का गुस्सा शांत हो सका। महामंत्री सूर्यकांत निराला ने कहा कि दो दिनों के भीतर कार्रवाई संतोषजनक न दिखी तब अधिवक्ता आर पार का संघर्ष शुरू करेंगे। इस दौरान अनिल त्रिपाठी महेश, देवी प्रसाद मिश्र, राम मोहन सिंह, संतोष पाण्डेय, रामकुमार पाण्डेय, केबी सिंह, कुलदीप तिवारी, दीपेन्द्र तिवारी, पण्डित दुबे, राकेश तिवारी गुडडू, शिवरंजन यादव, बीडी पटेल, गिरिजाकांत दुबे, नामवर सिंह, सिंटू मिश्र, राहुल मिश्र, नीरज सिंह, लाल अंकित प्रताप सिंह, शिव प्रसाद यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में दर्जन भर पर दर्ज हुआ मारपीट का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज किया है। न्यू मार्केट घुइसरनाथ धाम में बीती सात जनवरी को जमीनी विवाद में दो पक्षों मे जमकर मारपीट हुई थी। मामले में प्रथम पक्ष के गौरव यादव पुत्र राममनोहर यादव की तहरीर पर पुलिस ने पूरे लक्ष्मण गोविन्दरामपुर निवासी रामफेर वर्मा समेत दर्जन भर लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले मे जांच के बाद पुलिस ने दूसरे पक्ष के रामफेर वर्मा की तहरीर पर गौरव यादव, नन्हें समेत दर्जन भर लोगों के खिलाफ क्रास मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

## खेल मानव जीवन के विकास का महत्वपूर्ण पहलू - राणा सुबेदार



लोकमित्र ब्यूरो

**शमशेरगंज -प्रतापगढ़।** आजाद स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब सिंधौर के तत्वावधान में प्रायोजित टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोहपूर्वक हुआ। आयोजक मण्डल के आह्वान पर उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित राणा सुबेदार सिंह चौहान ने क्रिकेट ग्राउण्ड की पिच का फीता काटकर टूर्नामेंट का आगाज कराया तथा आर के अकाडमी और कैप इलेवन के मध्य होने जा रहे उद्घाटन मैच के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ प्रदान की। दर्शकों और क्षेत्रवासियों से खचाखच भरे ग्राउण्ड के मंच से उन्होंने कहा कि खेल तो बचपन से लेकर सम्पूर्ण जीवन तक अहम हिस्सा है। खेल से शारीरिक स्वास्थ्य उत्तम होने के साथ साथ अनुशासन धैर्य संयम विनम्रता आदि उच्चकोटि के गुणों का विकास होता है। खेल समारोहों का आयोजन करते हुए युवाओं का उत्साहवर्धन करना राष्ट्र को शक्ति प्रदान करना है। शिक्षा और खेल के क्षेत्र में युवाओं का उत्साहवर्धन करना हमारा मुख्य ध्येय है। हम हमेशा आप सबके साथ ऐसे आयोजनों में डटे रहेंगे। मुख्य अतिथि उदय राज वर्मा के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित स्नेह उदय समाज कल्याण संस्था के अध्यक्ष शिव शंकर तिवारी बुदूल ने कहा कि हम सबका ये दायित्व है कि अपने बीच के ऊर्जावान युवा साथियों को विभिन्न आयोजनों के माध्यम से अवसर प्रदान करने में गुफरान अहमद जी का साथ दें और सहयोग करें। उद्घाटन समारोह के संचालक के रूप में दायित्व का निर्वहन करते हुए कवि आशुतोष गिरि %दीपक% की पंक्तियों ÷गीता बाइबिल और कुरान चाहिए। राम कृष्ण और रहमान चाहिए। हरभजन के साथ भारत की पिच पर, रोहित शर्मा और युसुफ पठान चाहिए। ÷ पर खूब तालियाँ बजीं। कवि दीपक ने कहा कि खेल सामाजिक समरसता प्रेम और सौहार्द को स्थापित करने करने वाला सशक्त माध्यम है। गुड्डू मुस्लिम के शायराना अंदाज में स्वागत क्रम में टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष गुफरान अहमद ने सबका स्वागत करते हुए टूर्नामेंट में अधिक से अधिक टीमों के नामांकन का आह्वान किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करना और उन्हें आगे बढ़ाना ही आयोजन समिति का मुख्य ध्येय है। टूर्नामेंट के संरक्षक मो. ईसा खान ने उपस्थित समस्त गणमान्यजन के प्रति आभार व्यक्त किया और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना प्रदान की। इस दौरान राम औतार वर्मा, एजाज अहमद दीवानजी,प्रवेश जी,अमितांशु तिवारी, शशांक तिवारी,मुख्य सहयोगी अमित तिवारी, असलम खान, भुलई खान, अतुल तिवारी, गयादीन वर्मा, सब्बन खान, नागेंद्र शर्मा, शहरे आलम, ओम प्रकाश वर्मा, मो अयान, सुफियान , प्रमोद पाण्डेय, आदि सैकड़ों गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## महिला प्रकोष्ठ की बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिला मुख्यालय स्थित प्रताप सदन में आज महिला प्रकोष्ठ की मासिक बैठक का आयोजन महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती वन्दना उपाध्याय जी की अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन जिला उपाध्यक्ष श्रीमती वन्दना कौशल ने किया। बैठक में सभी महिला पदाधिकारियों को पार्टी के कार्यो, उद्देश्यों एवं पार्टी की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें बताया गया कि किस प्रकार जनसंपर्क करके लोगों को पार्टी की सेवानीति को बताते हुए उन्हें पार्टी से जोड़ा जाए। बैठक में पार्टी के विस्तार, सदस्यता अभियान, ब्लॉक कार्यकारिणी के विस्तार, , पिछले माह की बैठक की समीक्षा आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राजकुमारी राव को आसपुर देवसरा का ब्लॉक अध्यक्ष और कंचन पटेल को सदर ब्लॉक का ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में जिला सचिव नीरजा त्रिपाठी,कुसुम जायसवाल सदर ब्लॉक अध्यक्ष कंचन सिंह, मिथलेश तिवारी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

संक्षिप्त खबरें

## गलती से फोन पे से गए पैसे को मांगने पर मारपीट, मुकदमा

**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नया नगर निवासी ने गलती से एक युवक के फोन पे में रुपए डाल दिए जिसको वापस मांगने पर दबंग युवक मारपीट कर धमकी देने लगा, पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।सदर कोतवाली क्षेत्र के नया नगर निवासी हफीज अहमद उर्फ मलिक पुत्र मो0 रसीद ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने कोड़र गांव में बाल कटिंग की दुकान खोल रखी है। मलिक ने बताया कि 15 सितंबर को वह अपने दोस्त के खाते में फोन पे माध्यम से पैसा ट्रांसफर कर रहा था लेकिन गलती से पैसा ओसा के रहने वाले सौरभ के खाते में चला गया, जानकारी पर सौरभ से पैसे की मांग की तो पैसा देने से इंकार कर दिया। मलिक का आरोप है कि 14 जनवरी को सौरभ अपने अन्य साथियों के साथ दुकान में आया और गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगा और पैसा न मांगने की धमकी देने लगा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सौरभ पर केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## थार की टक्कर से युवक जख्मी, केस

**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव में पैदल जा रहे एक युवक को तेज रफ्तार थार ने टक्कर मार दिया हादसे में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने थार चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।कोखराज थाना क्षेत्र के रामपुर सुहेला निवासी धर्मदास पुत्र सुखदेव ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 14 जनवरी की शाम वह पैदल घर जा रहा था , इस दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार थार ने उसको टक्कर मार दिया, हादसे ने धर्मदास गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आसपास मौजूद लोगो ने घायल धर्मदास को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने थार चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## महिला ने पड़ोसी पर लगाया बुरी नीयत से अश्लील हरकत का आरोप, मुकदमा

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पड़ोस के एक युवक पर बुरी नीयत से जबरन अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है, पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने कोखराज पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बुधवार की भोर गांव के बाहर शौच के लिए जा रही थी। महिला का आरोप है कि इस दौरान गांव का एक युवक पीछे से पकड़कर पटक दिया और अश्लील हरकत करने लगा, महिला के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगो के पहुंचने पर आरोपी फरार हो गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जगन के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## प्रधान व राजस्व निरीक्षक पर तालाबी भूमि में कब्जा कराने का आरोप

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील क्षेत्र के मोगरी कडा गांव के शिव बोध पुत्र कल्लू प्रसाद ने बृहस्पतिवार को एसडीम सिराथू अजेंद्र सिंह को शिकायती पत्र देकर ग्राम प्रधान व राजस्व निरीक्षक पर तालाबी रकबे में कब्जा करने का आरोप लगाया है। शिकायत पर एसडीएम ने नायब तहसीलदार अतुल कुमार को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिया। पईसा थाना क्षेत्र के मोगरी कड़ा निवासी शिव बोध पुत्र कल्लू प्रसाद ने उप जिलाधिकारी सिराथू को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके भूमिधरी के पास तालाबी रकबे में प्रधान व कानून गो ने गांव के एक व्यक्ति को साल भर पहले कब्जा करा दिया है। जिसकी शिकायत करने के बाद अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। मामले में राजस्व निरीक्षक अनुज कुमार सिंह का कहना है शिकायतकर्ता द्वारा तालबी रकबा बताया जा रहा है जबकि वह जीएस लैंड की जमीन है जिस पर गांव के व्यक्ति को पट्टा आवंटित किया गया है।

## पानी भरने को लेकर हुए विवाद में तीन जख्मी, पीड़ित ने एसपी से की दबंगों पर कार्यवाही की मांग

**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पानी भरने को लेकर हुए विवाद में पड़ोस के रहने वाले दबंगों ने पीड़ित के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया बीचबचाव में पीड़ित की पत्नी व पुत्र भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए, पीड़ित की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने तीन दिन बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जिसके बाद पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर दबंगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।सदर कोतवाली क्षेत्र के चक खोदायगंज के रहने वाले मो गौस पुत्र पीर गुलाम ने एसपी कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया कि रविवार को उसका पुत्र मो इदरीश सरकारी समरसेबल में पानी भरने गया था। इस दौरान पड़ोस के रहने वाले आधा दर्जन के करीब दबंग लाठी डंडा से लैश होकर मो इदरीश के साथ मारपीट करने लगे । मो गौस का आरोप है कि मो इदरीश के शोर मचाने पर बीच बचाव के लिए मो गौस व पत्नी साजदा बेगम पहुंची तो दबंगों ने गाली गलौच करते हुए मारपीट कर जख्मी कर दिया , मोहल्ले वालों के पहुंचने पर दबंग जान से मारने की धमकी देने लगे । हादसे में मो इदरीश , पत्नी साजदा बेगम व मो गौस जख्मी हो गए जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मो गौस ने मामले की लिखित सूचना स्थानीय पुलिस को दी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित ने एसपी कौशांबी से दबंगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## हैण्डपम्प पर पानी भरने गई किशोरी के साथ हुई छेड़खानी

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के एक गांव में बुधवार की शाम हैण्डपम्प पर पानी भरने गई किशोरी के साथ छेड़खानी की गई। हैण्डपम्प से पानी भरते समय एक युवक ने पीछे से जाकर किशोरी को पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा।  किशोरी के शोर सुनकर वहां पहुँची महिलाओं ने विरोध किया।युवक ने विरोध कर रही एक महिला का हाथ पकड़कर घसीट लिया।पीडित किशोरी और महिला ने हर्रायपुर चौकी जाकर घटना की तहरीर दी।संदीपन घाट थानाक्षेत्र के एक गांव की किशोरी बुधवार को हैण्डपम्प पर पानी भरने गई थी। पानी भरने के दौरान एक युवक किशोरी को पीछे से पकड़ कर अश्लील हरकत करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर बचाव के लिए दो महिलाएं वहां पहुँच गईं। किशोरी को छोड़कर आरोपी युवक एक महिला का हाथ पकड़ कर घर में खींचने लगा। किसी तरह महिला ने उससे अपना हाथ छुड़ाकर अपनी आबरू बचाई।दोनों ने पुलिस चौकी जाकर घटना की तहरीर दी है।

## अनियंत्रित ई रिक्शा के पलटने से अधेड़ महिला घायल

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के बालिहावा मोड़ के पास बुधवार की शाम सवारी से भरा एक ई- रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा में सवार महिला घायल हो गई। राहगीरों ने महिला को इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। रिक्शा चालक ई रिक्शा छोड़कर फरार हो गया।पिपरी कोतवाली क्षेत्र के हरदरमऊ गांव की परवीन बानो पत्नी हयात अली बुधवार को कोखराज थानाक्षेत्र के रसूलपुर काजी गांव में एक रिश्तेदार की मिट्टी देकर ई रिक्शा से वापस अपने मायके संदीपन घाट थानाक्षेत्र के नौवापुर गांव जा रही थी।इसी दौरान बलिहावां मोड़ के  समीप ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया।हादसे में परवीन बानो गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने महिला को इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी पाकर घायल के परिजन भीअस्पताल पहुंच गए।

## कनवार में कोरम के अभाव में कोटे का चयन स्थगित



लोकमित्र ब्यूरो

**अजुहा, कौशाम्बी।** विकासखंड कड़ा के कनवार ग्राम पंचायत के कोटे की दुकान के आवंटन के लिए गुरुवार को आयोजित खुली बैठक में कोरम पूरा नहीं होने के चलते स्थगित कर दिया गया।

एसडीएम सिराथू के आदेश पर गुरुवार को कोटेदार का चयन किया जाना था। इसकी सूचना ग्राम सचिव ने गांव में दी थी। इसकी मुनादी ग्राम प्रधान द्वारा गांव में कराई गई थी।

एडीओ पंचायत अवधेश कुमार तिवारी व सचिव अजय सिंह चुनाव कराने के लिए मौके पर पहुंचे। यहां 840 लोगो में गांव के लगभग 263 लोग ही खुली बैठक में पहुंचे। एडीओ पंचायत कड़ा अवधेश कुमार तिवारी ने बताया कि कोरम के अभाव में बैठक स्थगित कर दिया। बताया कि ग्राम सभा के मतदाताओं की संख्या के सापेक्ष 2 तीहाई लोगों की उपस्थिति अनिवार्य है। मतदाताओं की उपस्थिति कम होने पर कोरम नहीं पूरा हो सका। कोरम न पूरा होने पर कोटेदार के चयन की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया। बताया कि कोटेदार का चुनाव कार्य एक फरवरी को संपन्न कराया जाएगा। इस ग्राम सभा के कोटेदार का लाइसेंस निरस्त होने के कारण चुनाव कराया जा रहा है। इस अवसर पर सचिव अजय सिंह, पूर्ति निरीक्षक कड़ा हरिश्चंद्र दूबे , एडीओ आईएसबी दिलीप पांडेय, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मेवालाल, हल्का लेखपाल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## बीआरसी में बीडीओ व बीईओ ने शिक्षकों के साथ की बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** बीआरसी सिराथू सभागार में गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह और बीडीओ भवेश कुमार शुक्ला ने संयुक्त रुप से ब्लाक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने मौजूद प्रधानाध्यापकों को बताया की श्रम विभाग के पंजीकृत श्रमिकों की संख्या ब्लाक में करीब आठ हजार है। जिनके बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 और 9 के प्रवेश परीक्षा के लिए फार्म प्राथमिकता पर भरवाना है। बीडीओ ने कहा की गांव के सूचीबद्ध श्रमिकों से सम्पर्क कर बच्चों कि शिक्षा को लेकर जागरूक करते हुए बच्चों के फार्म भरवाने के लिए प्रेरित करें। बैठक में ब्लाक क्षेत्र के संचालित परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

## सैनी में पूर्वमंत्री ने खिचड़ी भोज का किया आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** महाकुंभ व मकर संक्रांति के अवसर पर सैनी कस्बे में पूर्वमंत्री मतेश चंद्र सोनकर के नेतृत्व में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जहां बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।

महाकुंभ व मकर संक्रांति के अवसर पर गुरुवार को सैनी कस्बे में डॉ भीमराव अंबेडकर इंटर कालेज के तत्वाधान में पूर्व मंत्री मतेशचंद्र सोनकर की अगुवाई में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

खिचड़ी भोज का आयोजन दोपहर से शाम तक चला। इस दौरान पूर्वमंत्री मतेशचंद्र सोनकर ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया है। खिचड़ी भोज कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने खिचड़ी का लुत्फ उठाया। इस मौके पर पूर्वमंत्री मतेश चंद्र सोनकर के साथ, निकेतन सोनकर, प्रतीक मौर्य, प्रधान प्रतिनिधि सरवन पटेल, अतुल श्रीवास्तव, सुजीत मिश्रा, मोहन, मुन्ना सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहें।

## महाकुंभ में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीओ ने भांग व शराब की दुकानों की किया जांच



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीओ सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने सैनी कोतवाली क्षेत्र ने करनपुर गांव में शराब व भांग की दुकानों का निरीक्षण किया। सीओ सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने गुरुवार को सैनी कोतवाली क्षेत्र के करनपुर में शराब व भांग की दुकानों का निरीक्षण किया।

इस दौरान सीओ सिराथू ने दुकान में स्टाक रजिस्टर देखा और दुकान में मौजूद शराब की बोतलों की गिनती कराई।

उन्होंने शराब विक्रेताओं को चेतावनी भी दी कि वह प्रतिबंधित और अवैध शराब कतई न रखें और न अपने आसपास बिकने दें। अपने स्टॉक रजिस्टर को दुरुस्त रखें। साथ ही भांग की दुकान में गांजा न बेचने की हिदायत देते हुए शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए आवश्यक जरूरी दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान सीओ के साथ थाना प्रभारी सैनी बृजेश करवरिया , चौकी प्रभारी मनोज तोमर सहित पुलिस बल मौजूद रहें।

## बस्ती में सुअरबाड़ा होने से समस्या, एसडीएम से शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

**सैनी, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील के फैजीपुर गांव में बस्ती के बीच सूअरबाड़ा बनाए जाने से होने वाले दुर्गंध से लोगों को समस्या हो रही है। गांव के राजेंद्र कुमार पुत्र गरीबदास ने सूअरबाड़ा होने से हो रही समस्या से निजात पाने के लिए गुरुवार को एसडीएम सिराथू से लिखित शिकायत की है। उसने बताया कि उसके घर के सामने रहने वाले एक व्यक्ति ने घर के सामने ही सूअरबाड़ा बनाकर सूअर पाल रखा है। जिससे यहां पर गंदगी होने से बस्ती में दुर्गंध फैल रही है। जब इसका विरोध किया गया तो उसने गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे चोट भी आई है। 112 से शिकायत की गई लेकिन पुलिस के आने तक वह फरार हो गया।

## महिला के हत्या के आरोप में डेढ़ साल पहले छूटा था मृतक नईम

लोकमि ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के चपहुंआ गांव के बाहर कुएं में मिला युवक के शव मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक चार साल पहले महिला की हत्या के आरोप में जेल गया था। डेढ़ साल पहले जमानत पर छूटने के बाद वह मुंबई में रहकर सैलून की दुकान में बाल काटने का काम करने लगा था।

चपहुंआ गांव के बाहर बगीचे के समीप नाले में उगे झाड़ियों के बीच नौ अगस्त 2020 को गांव की गुड़िया पत्नी बब्बू अहमद का शव मिला था। महिला के शरीर पर चोट के निशान नहीं पाए गए थे। पोस्टमार्टम में महिला की गला घोंट कर हत्या की रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु किया था। दौरान विवेचना पुलिस ने नईम को महिला के हत्या के आरोप में जेल भेजा था। डेढ़ साल पहले वह जमानत पर छूटने के बाद मुंबई जाकर सैलून की दुकान में बाल काटने का काम करने लगा था। छह माह पहले वह मुंबई से घर लौटा था। इसी सप्ताह वह मुंबई जाने की तैयारी कर रहा था।

मंगलवार की रात गांव के बाहर स्थित सरदार सरोज के कुएं के समीप धारदार हथियार से सिर पर वार कर उसकी हत्या के बाद शव कुएं में फेंक दिया गया। पुलिस ने पिता नसीरुद्दीन की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

## मजदूरी कर घर लौट रहे युवक की ठंड लगने से मौत

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के नोहरी का पूरा मजरा शेखपुर रसूलपुर गांव में बुधवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। परिजन ठंड लगने की आशंका जता रहे हैं।गुरुवार की सुबह परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।नोहरी का पूरा गांव निवासी अजीत कुमार (22) पुत्र चेतराम मजदूरी कर गुजारा करता था। परिजनों के मुताबिक बुधवार सुबह वह प्रयागराज मजदूरी करने गया था। शाम को घर लौटने पर वह ठंड से कांप रहा था। थोड़ी देर बाद ही सीने में तेज दर्द होने से वह बेहोश हो गया। अचानक तबियत बिगड़ती देख परिजन आनन फानन में इलाज के लिए उसे समीप के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने अजीत को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल से लौटे परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना गुरुवार की सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## ई-लाटरी का आयोजन 17 को

**कौशाम्बी।** कृषि यन्त्रीकरण की समस्त योजनाओं के अन्तर्गत रू0 10000 से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यन्त्र वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत अनुदान संख्या-11 एवं 83 की ई-लाटरी के सम्बन्ध में, कृषि विभाग के पोर्टल पर की गई बुकिंग के सापेक्ष जनपद स्तर पर ई-लाटरी का आयोजन जिलाधिकारी श्री मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में दिनॉक-17 जनवरी 2025 को सम्राट उदयन सभागार में दोपहर 12.00 बजे से आयोजित की जायेंगी। यह जानकारी उप कृषि निदेशक, सतेन्द्र कुमार तिवारी ने देते हुए बताया कि जिन कृषकों द्वारा कृषि यन्त्रीकरण की समस्त योजनाओं में बुकिंग हुयी है, उन समस्त कृषकों की बुकिंग कन्फर्म की जा चुकी है, इसलिए उनके लिए ई-लाटरी की आवश्यकता नही है। ई-लाटरी में चयनित कृषकों को उनके मो0न0पर एस0एम0एस0 के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड की अन्तिम तिथि की सूचना दी जायेंगी। इसी प्रकार ई-लाटरी में प्रतीक्षा सूची में चयनित कृषकों को उनके मो0न0पर एस0एम0एस0के द्वारा प्रतीक्षा सूची क्रमांक की सूचना दी जायेगी। ई-लाटरी व्यवस्था में लक्ष्य के अनुरूप चयनित किये जाने वाले लाभार्थियों की संख्या के अतिरिक्त लक्ष्य का 50 प्रतिशत तक क्रमवार प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जायेंगी। लक्ष्य की सीमा तक चयनित लाभार्थी द्वारा निर्धारित समयावधि में यन्त्र क्रय न करने की दशा में अवशेष लक्ष्यों के सापेक्ष ई-लाटरी द्वारा तैयार प्रतीक्षा सूची के क्रम में लाभार्थियों को चयन किया जायेंगा। ई-लाटरी में चयनित न होने वाले समस्त कृषकों को जमानत धनराशि वापस कर दी जायेगी। आवेदन के समय कृषक द्वारा जमा की गयी जमानत धनराशि को कृषक के विभागीय पोर्टल पर पंजीकृत बैंक खाते में वापस किया जायेगा एवं जिन कृषकों द्वारा आवेदन किया गया है वे सभी प्रतिभाग कर सकतें

## बालू माफिया ने यमुना नदी की जलधारा को रोककर बनाया रास्ता

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर घाट पर यमुना में रास्ता बनाने के लिए बालू माफिआओं ने बांध बना डाला है। इसी रास्ते से वह रोजाना बालू के अवैध खनन में जुटे हैं। माफिआओं की इस कारस्तानी की शिकायत ग्रामीणों ने कई बार तहसील प्रशासन से की। इसके बाद भी अभी तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

चायल क्षेत्र के यमुना नदी में कई घाटों पर खनन होता है। प्रयागराज जनपद के नौढ़िहा में भी बालू खनन का पट्टा हुआ है। बालू कारोबारी नदी कह जलधारा को रोककर बांध और रास्ता बनाकर कौशाम्बी में बालू की अवैध निकासी कराते हैं। बालू माफिया की दबंगई का ये नजारा गुरुवार को सैदपुर घाट पर



देखने को मिला। माफिया ने सैदपुर में पानी की धारा को रोककर प्रयागराज के नौढ़िया तक रास्ता बना लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि नदी में बने इस बांध से रोजाना अवैध खनन कर बालू की ढुलाई की जा रही है। घाट पर पानी की धारा को रोककर बनाए गए बांध का मंजर देखकर ग्रामीण सन्न रह गए हैं। इसी रास्ते से बालू माफिया नौढ़िया से बालू का खनन करते हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार इसकी शिकायत उन लोगों ने कई बार तहसील प्रशासन से की है। पर, अभी तक इस मामले में माफिआओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## श्रद्धालुओं से भरी कार डीसीएम से टकराई, बाल बाल बचे लोग

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मझंनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर में मझंनपुर की तरह से प्रयागराज की ओर जा रही बेंगलोर से कटहल सब्जी लोडिंग कर मुडेरा मंडी जा रहे डीसीएम और उसी तरह जा रही कार सिफ्ट ओवर टेक करने के चक्कर में डीसीएम और कार मे बुधवार की शाम टक्कर लग गई। जिसमे कार सवार श्रद्धालुओ बाल बाल बच गए और डीसीएम चालक व  परिचालक भी बाल बाल बचे सूचना मझंनपुर पुलिस पहुँच कर श्रद्धालुओ को सुरक्षित रैन बसेरा मे ठहराते हुए जल पान चाय नास्ता भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कराया सूचना पर नगर अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी भी रैन बसेरा पहुँच कर श्रद्धालुओ का हाल चाल और कुशलता की जानकारी लेते हुए चाय नास्ता




कराकर हर सम्भव मदद करने का अश्वासन दिया जिससे श्रद्धालुओ ने राहत की सांस ली है डीसीएम चालक और गाड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कब्जे मे लेकर पूछताछ कर रही है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करना बताया जा रहा अभी तक डीसीएम मे लदा कटहल सब्जी अनलोडिंग नहीं हुआ जिससे कटहल व्यापारी को अपूर्ण आर्थिक क्षति होने की सम्भावना बनती जा रही है जब डीसीएम गाड़ी एवं चालक पुलिस के कब्जे मे है तो नियमानुसार सब्जी कटहल को मुडेरा मंडी से आऐ व्यापारी को सकुशल अन लोडिंग करा देना चाहिए।

## तीन माह से ससुराल में रह रहा युवक लापता

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के मीरापुर गांव में पत्नी के साथ ससुराल में रह रहा का एक युवक लगभग 20 दिनों से लापता हो गया।

परिजनों को जानकारी मिलते ही उनके होश उड गये।उन्होंने युवक की खोजबीन की।कहीं सुराग न लगने से निराश होकर मां ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस युवक के सुराग में जुट गई है।

चरवा थानाक्षेत्र के कमालपुर गांव की रम्मू देवी पत्नी राम भरोसे के अनुसार उसके पुत्र नीरज कुमार का विवाह पूरामुफ्ती क्षेत्र के मीरापुर गांव निवासी अमरसिंह की पुत्री शिवानी के साथ हुआ था।उसका पुत्र लगभग तीन माह से ससुराल में रहकर मजदूरी करता था। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग गाड़ी खरीदने के लिए नीरज से 50 हजार रुपये की मांग कर रहे थे।वह 9 जनवरी को बेटे का हालचाल जानने के लिए मीरापुर गांव गई थी। वहां जानकारी लेने पर बताया गया कि वह 20 दिनों से लापता है। यह सुनकर उसके होश उड गये।

उसने नीरज की काफी खोजबीन की।

कहीं सुराग न लगने से निराश होकर मां रम्मू ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस युवक के सुराग में जुट गई है।

## हत्या के प्रयास के आरोपी को दिलाई गई 05 वर्ष कारावास की सजा


लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** थाना पिपरी पर वादी कैलाश सिंह पटेल द्वारा सूचना दी गयी कि उनके लड़के को आरोपी द्वारा जान से मारने की नियत से फायर करते हुए मार-पीट किया गया व जान से मारने की धमकी दी गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित आरोपी कल्लू सिंह पटेल निवासी फतेहपुर सहावपुर थाना पिपरी को आज न्यायालय सत्र न्यायाधीश द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी करते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 05 वर्ष कारावास तथा 7000 रूपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## सम्पादकीय

# बांग्लादेश में फिर टकराव की आशंका

एक दूसरे पर हमले करने के लिए ये गुट शेख हसीना को मुद्दा बना रहे हैं। इस माहौल से फिर टकराव की आशंकाएं गहरा रही हैं। लोगों में भी मायूसी है। धारणा बनने लगी है कि अगस्त में हुआ बदलाव व्यर्थ जा रहा है। बांग्लादेश में जिन सियासी ताकतों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ आंदोलन में जबरदस्त एकता दिखाई थी, अब उनके बीच टकराव तीखा हो रहा है।नए चुनाव कराने के सवाल पर अंतरिम सरकार के रुख ने अन्य समूहों में अंदेशा पैदा किया है कि बीते अगस्त में फौरी तौर पर देश की कमान संभालने आए शासकों को सत्ता का स्वाद लग गया है।अब वे चुनाव नहीं कराना चाहते। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस और सरकार में शामिल पूर्व छात्र नेताओं के कुछ बयानों के बाद बांग्लादेश नेशलनिस्ट पार्टी (बीएपनी) सहित अन्य दल अंतरिम शासकों के खिलाफ खुल कर बोलने लगे हैं। इन बयानों का संदेश था कि चुनाव कराना अंतरिम सरकार की प्राथमिकता नहीं है।तब से आरोप लगाए गए हैं कि अंतरिम सरकार जानबूझ कर चुनाव में देर कर रही है। संदेह जताया गया है कि हसीना को सत्ता से बाहर करने के बाद मोहम्मद यूनुस और उनके छात्र समर्थक बीएनपी को भी रास्ते से हटाना चाहते हैं।हसीना के देश से जाने के बाद उनकी पार्टी अवामी लीग के नेताओं के ख़िलाफ़ हत्या समेत अलग-अलग आरोपों में मामले दर्ज होने का सिलसिला शुरू हुआ था।उधर प्रमुख विपक्षी पार्टी बीएनपी की अध्यक्ष ख़ालिदा जिया़ के खिलाई कई मामलों में सज़ा रद्द की गई। जमात-ए-इस्लामी के भी कई नेता और कार्यकर्ता जेल से रिहा हुए।तब लग रहा था कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार, बीएनपी, जमात और आंदोलनकारी छात्र नेता एकजुट हैं। लेकिन अब सूरत बदल गई है।एक दूसरे पर हमले करने के लिए ये गुट शेख हसीना को मुद्दा बना रहे हैं। एक दूसरे पर इल्जाम लगाए गए हैं कि वे हसीना के प्रति नरम रुख अपना रहे हैं।बीएनपी ने कहा है कि अंतरिम सरकार और जमात भारत के साथ अपने रिश्ते अच्छे करने के लिए हसीना को माफ़ कर देना चाहते हैं।इसके बाद जमात-ए-इस्लामी पार्टी ने बीएनपी पर कड़ा हमला किया। इस माहौल से देश में फिर टकराव की आशंकाएं गहरा रही हैं। लोगों में भी मायूसी है। ये धारणा बनने लगी है कि अगस्त में हुआ बदलाव व्यर्थ जा रहा है।




# दिल्ली में भाजपा के लिए 'बिल्ली के भागे छिका टूटना '



**अशोक भाटिया**

मई 2024 में हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों ने विपक्षी गठबंधन इंडिया के हौसलों को उड़ान दी थी। कांग्रेस सबसे अधिक खुश थी क्योंकि पिछले दस वर्षों में पहली बार राहुल गांधी का नेतृत्व कामयाब हुआ था। 2014 और 2019 में तो कांग्रेस को लोकसभा में इतनी सीटें भी नहीं मिली थीं कि वह विपक्ष के नेता का पद भी पा सके। हालांकि 2024 में उसे 99 सीटें मिल गईं और उसके दामन से यह धब्बा दूर हुआ कि कांग्रेस अब मुख्य विपक्षी दल भी नहीं बन पा रही है। लेकिन कांग्रेस की यह हवाबाजी स्थायी न रह सकी। हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों ने उसकी फिर बुरी गत कर दी।लोकसभा चुनाव के नतीजों का श्रेय कांग्रेस खुद को दे रही थी पर यह सत्य नहीं है। कांग्रेस की इन 98 सीटों पर जीत के पीछे इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव का राजनीतिक दांव था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को सीलमपुर रैली में आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आक्रामक बयानबाजी करके कांग्रेस के कुछ नेताओं को भी चौंका दिया, जिन्होंने उनके साथ मंच साझा किया था।राहुल गांधी ने कहा, ÷मोदी और अरविंद केजरीवाल दोनों एक जैसे हैं, वे देश के लोगों से झूठे वादे करते हैं।÷ उन्होंने केजरीवाल की तुलना मोदी से की और भ्रष्टाचार, शासन और जाति जनगणना पर चुप्पी को लेकर केजरीवाल पर हमला किया। इसके साथ ही अब लोकसभा में आप के साथ हुए %आधे-अधूरे% गठबंधन का अंत हो गया, जो शायद कभी पूरी तरह से सफल नहीं हो पाया। हालांकि वे शुरू में अस्वाभाविक सहयोगी थे, लेकिन इस नतीजे का विपक्षी एकता पर असर पड़ रहा है। गौरतलब है कि केंद्र में भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए लोकसभा चुनाव से पहले गठित इंडिया अघाड़ी का कुम्भ के मेले में विसर्जन हो गया है और महागठबंधन में शामिल प्रमुख दल ही विसर्जन की भाषा बोल रहे हैं। लोकसभा चुनाव में %अब की बार 400 पार% का नारा देने वाले भाजपा को इंडिया अलायंस ने 240 सीटों पर रोक दिया। लेकिन नए साल में इंडिया अलायंस को अपनी गर्दन लपेटनी पड़ी। भाजपा विरोधी गठबंधन को दो राज्यों महाराष्ट्र और हरियाणा में बड़ा झटका लगा । भारतीय गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस और कांग्रेस का नेतृत्व करने वाले राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे पर अब गठबंधन में क्षेत्रीय दलों का भरोसा नहीं है और कांग्रेस पार्टी गठबंधन सहयोगियों से नहीं पूछ रही है।यही नहीं दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में भारतीय गठबंधन और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच मतभेद बढ़ते जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर, कांग्रेस भाजपा की राजनीतिक दुश्मन है और दूसरी ओर, भारतीय गठबंधन के सहयोगी कांग्रेस के स्विंग और राहुल गांधी के नेतृत्व के बारे में बात कर रहे हैं। भारत गठबंधन में असंतोष से भाजपा को फायदा हो रहा है। यही कारण है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भाजपा के लिए 100 प्रतिशत सफलता की बात कर रहे हैं। यह आईसीयू में जाने जैसा है। इस बार को सबसे आगे किसने लाया? लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा को फिर से बड़ी जीत मिलने लगी है, जिसने भारत के नेताओं को हिलाकर रख दिया है। राहुल गांधी के व्यवहार के कारण भारत गठबंधन के विघटन का कारण बना है, इस सवाल ने भी कांग्रेस को निराश किया है।

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि भारत गठबंधन का उद्देश्य लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने तक सीमित था। जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भारत गठबंधन का उद्देश्य लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने तक सीमित था। जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा विपक्ष के बीच कोई एकता नहीं है। इसलिए भारत गठबंधन को भंग कर दिया जाना चाहिए। यदि महाराष्ट्र में भारत के गठबंधन की आवश्यकता समाप्त हो गई है, तो कांग्रेस को इसकी घोषणा करनी चाहिए। हम तय करेंगे कि किस रास्ते पर जाना है। भारत गठबंधन किस लिए था? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा का अश्वमेध देश भर में चल रहा है, जिससे कई राजनीतिक दलों के अस्तित्व पर ही खतरा मंडरा रहा है। भाजपा विरोधी वोटों का विभाजन रोकने के लिए %भारत% के बैनर तले दलों को एक साथ लाने की रणनीति तैयार की गई। आम आदमी पार्टी समेत 26 राजनीतिक दल गठबंधन बनाने के लिए एक साथ आए थे।गठबंधन का नाम बदलकर भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन या इंडिया अलायंस कर दिया गया। कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे को गठबंधन का अध्यक्ष बनाया गया। इंडिया अलायंस का उद्देश्य 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को सत्ता से हटाना था। बेंगलुरु में बैठक में, ममता बनर्जी ने घोषणा की कि गठबंधन के सभी कार्यक्रम, अभियान और प्रचार भारत के बैनर तले होंगे। भारत के गठन के छह महीने बाद 24 जनवरी, 2024 को ममता बनर्जी ने घोषणा की कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में अपने दम पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस कमजोर थी। कांग्रेस ने तृणमूल कांग्रेस से 10-12 सीटों की मांग की थी, लेकिन ममता ने साफ इनकार कर दिया। ममता बनर्जी ने भारत का गठबंधन नहीं छोड़ा और न ही भारत से अलग हुई। यह हमेशा कठिन रहा है। ममता के खुद के ऐलान के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 27 जनवरी, 2024 को भारत में राम राम के प्रदर्शन की खबर सामने आई। इतना ही नहीं उन्होंने सीधे भाजपा नीत राजग का रास्ता भी अपनाया। भारत की नींव रखने वाले वही नेता भगवा ब्रिगेड में गए।ममता और नीतीश कुमार की मेरी इच्छा की राजनीति भाजपा के पक्ष में गिरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई, 2024 को बिहार के पटना में एक रोड शो को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल एक परिवार के हितों की रक्षा करने और कुछ भी करके सत्ता हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनावों में 282 सीटें जीतीं। 2014 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने 282 सीटें जीतीं। पार की घोषणा की गई थी। लेकिन 2024 के चुनावों में कांग्रेस की संख्या 240 पर रुक गई, जबकि कांग्रेस के सांसदों की संख्या 100 तक पहुंच गई। इंडिया अलायंस ने कांग्रेस की सफलता में प्रमुख भूमिका निभाई। 2019 में, लोकसभा में ह्ष्ठ सांसदों की संख्या 360 थी, 2024 में यह 293 थी। 2019 में, भाजपा सांसदों की संख्या 303 थी, 2024 में यह 240 पर रुक गई। 2019 में, विपक्षी सांसदों की संख्या 119 थी। 2024 में लोकसभा में कांग्रेस के 52 सांसद थे, 2024 में यह संख्या बढ़कर 100 हो गई। 2014 और 2019 में लोकसभा में विपक्ष कमजोर था। विपक्ष का कोई नेता नहीं था। 2024 में, विपक्ष मजबूत हुआ। राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं।

2024 के चुनावों में, भाजपा ने 543 सीटों में से 441 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। इंडिया अलायंस ने 466 सीटों पर चुनाव लड़ा। इंडिया अलायंस ने संविधान, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया। भाजपा ने 400 पारों का नारा दिया है क्योंकि वह संविधान को बदलना चाहती है, और मतदान पर इसका वांछित प्रभाव पड़ा। हरियाणा में अक्टूबर 2024 में विधानसभा चुनाव हुए थे।ढ्ढक्क और स्क्क दोनों इस राज्य में चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें सीटें देने से इनकार कर दिया। कांग्रेस में गुटबाजी और भारत में विभाजन के कारण भारत में कांग्रेस का विभाजन हुआ। हरियाणा में इंतजार करना पड़ा और भाजपा ने सत्ता हासिल कर ली। महाराष्ट्र में महागठबंधन अंत तक सत्ता की साझेदारी से खिलवाड़ करता रहा। लोकसभा में गठबंधन की सफलता ने गठबंधन को काफी आत्मविश्वास दिया।कांग्रेस और उबाथा सेना पहले से ही मुख्यमंत्री पद के लिए तैयार थे। न केवल भाजपा ने गाफिल गठबंधन को हराया, बल्कि प्यारी बहन योजना और ओबीसी ने भाजपा-महायुति को भारी बहुमत दिया। अगर महागठबंधन के 50 विधायक भी नहीं चुने जा सके तो भारत की जरूरत क्यों पड़ी। लोकसभा में अखिलेश यादव पहले पहली पंक्ति में बैठते थे। लेकिन संसद के शीतकालीन सत्र में उन्हें सीट नंबर 355 अपने पीछे मिल गई। अखिलेश ने थैंक्यू कहकर अपनी नाराजगी जाहिर की। हरियाणा और महाराष्ट्र में हार के बाद ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने भारत बनाया, लेकिन गठबंधन का नेतृत्व ठीक नहीं है, मुझे मौका मिलना चाहिए। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस चारों राज्यों महाराष्ट्र, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और झारखंड में बुरी तरह हार गई। दिल्ली में कांग्रेस और आप एक दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस लोगों का विश्वास नहीं जीत सकी और भारत में सहयोगी दलों ने भी कांग्रेस पर भरोसा किया। और नहीं। 2025 में दिल्ली और बिहार, 2026 में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल, 2027 में उत्तर प्रदेश। पिछले सात महीनों में, भारत गठबंधन की बैठक नहीं हुई है। किसी की जरूरत नहीं है। इस पूरे घटना चक्र में फायदे में भाजपा जा रही है क्योंकि इंडिया गठबंधन के विसर्जन का सबसे ज्यादा फायदा भाजपा को ही मिल रहा दिखता है ।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# सर्दी की ठिठुरन से मौंते

**अनिल जैन**

नया साल शुरू हो चुका है, और उससे पहले शुरू हो गई कंपकंपा देने वाली सर्दी। इस समय भी देश के विभिन्न इलाकों में शीत लहर कहर बरपा रही है, जिससे हर साल की तरह देश के विभिन्न इलाकों से लोगों के मरने की खबरें भी आ रही हैं। अब तक 150 से ज्यादा लोग सर्दी की ठिठुरन से मौत की नींद सो चुके हैं।

वैसे इस तरह की खबरें आना कोई नई बात नहीं है। कहीं भूख और कुपोषण से होने वाली मौतें तो कहीं गरीबी और कर्ज के बोझ से त्रस्त किसानों और छोटे कारोबारियों की खुदकुशी के जारी सिलसिले के बीच हर साल ही सर्दी की ठिठुरन, गरम लू के थपेड़ों और बारिश-बाढ़ से भी लोग मरते ही रहते हैं।

मौसम की अति के चलते असमय होने वाली ये मौतें हमारे उस भारत की नग्न सच्चाइयां हैं, जिसके बारे में दावा किया जाता है कि वह तेजी से विकास कर रहा है, और जल्द ही दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। ये सच्चाइयां सिर्फ हमारी सरकारों के हवा-हवाई कार्यक्रमों और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हो जाने जैसे गुलाबी दावों की ही खिल्ली नहीं उड़ातीं, बल्कि व्यवस्था पर काबिज लोगों की नालायकी और संवेदनहीनता को भी उजागर करती हैं।

वैसे, सर्दी हमारे नियमित मौसम चक्र का ही हिस्सा है। कड़ाके की सर्दी इसका हल्का सा विचलन भर है। सर्दी और भीषण सर्दी अंत में हमें कई तरह से फायदे ही पहुंचाती हैं। सबसे बड़ी बात है कि कड़ाके की सर्दी हमें आस्त करती है कि ग्लोबल वार्मिंग उतनी सन्निकट नहीं है, जितना कि अक्सर हम मान बैठते हैं। ज्यादातर भारतीय इस मायने में खुशनसीब हैं कि उन्हें मौसम की विविधताएं देखने को मिलती हैं।

अन्यथा दुनिया में ऐसे कम ही इलाके हैं, जहां हर मौसम का मजा लिया जा सके। हर मौसम अपने रौद्र रूप में भी सुंदर होता है, बशर्ते उसकी मार से लोगों को बचाने के इंतजामात हो।

दुनिया में संभवतः भारत ही ऐसा एकमात्र देश है, जहां हर मौसम की अति होने पर लोगों के मरने की खबरें आने लगती हैं। लेकिन हकीकत यह भी है कि लोग मौसम की अति से नहीं मरते हैं, वे मरते हैं अपनी गरीबी से, अपनी साधनहीनता से और व्यवस्था तंत्र की नाकामी या लापरवाही की वजह से। यूरोप के देशों में सरकारें मौसम की अति का मुकाबला करने के चाक-चौबंद इंतजाम करती हैं, इसलिए वहां लोग हर मौसम का तरह-तरह से लुत्फ उठाते हैं। हमारे देश में भी खाया-अघाया तबका ऐसा ही करता है, जिसके पास हर मौसम की अति का सामना करने और उसका लुत्फ उठाने के पर्याप्त साधन हैं।

भारत के ज्यादातर हिस्सों में यूरोप जैसी ठंड नहीं पड़ती, लेकिन हमारे यहां जब हिमालय परिवार की पहाड़ियों पर गिरने वाली बर्फ से मैदानी इलाकों में शीत लहर चलती है, तो देश के विभिन्न इलाकों में सर्दी की ठिठुरन से होने वाली मौतों के आंकड़े आने लगते हैं।

हकीकत यह है कि अगर समूचे भारत के आंकड़े इकट्ठे किए जाएं तो हर साल सर्दी से मरने वालों की संख्या हजारों में पहुंचती है। ज्यादातर मौतें बड़े शहरों और महानगरों में होती हैं। जो मरते हैं, उनमें से ज्यादातर बेघर होते हैं। ऐसे लोग काम की तलाश में दूरदराज के इलाकों से बड़े शहरों या महानगरों में जाते हैं, ताकि मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार के जिंदा रह सकने लायक कुछ कमा सकें। इनमें कोई साइकिल रिक्शा चलाते हैं, कोई रेस्तरांओं और ढाबों में काम करते हैं, तो कोई किसी और काम में लग जाते हैं। लेकिन चूंकि ऐसे लोगों के पास रहने के लिए अपना कोई ठिकाना नहीं होता है, इसलिए खुले आसमान के नीचे रात गुजारना उनकी मजबूरी होती है।

गरमी या दूसरे मौसम में तो किसी तरह उनकी रातें कट जाती हैं, लेकिन कड़ाके की शीत लहर में एक रात भी सुरक्षित बीत जाने पर वे असीम राहत महसूस करते हैं। अगर वे सर्दीजनित किसी बीमारी की चपेट में आ जाते हैं, तो उनके पास इतने पैसे भी नहीं होते हैं कि अपना इलाज करा सकें।

सर्दी के दिनों में ऐसे जानलेवा हालात का सामना करने वाले लोगों की तादाद लाखों में होती है। सवाल यह है कि अगर इन लोगों के सामने साधनहीनता एक लाचारी है, तो कल्याणकारी मूल्यों पर चलने का दावा करने वाली सरकारों की क्या कोई जिम्मेदारी बनती है कि नहीं?

दरअसल, शहरी और अर्धशहरी इलाकों में मौसम की मार से लोगों के मरने के पीछे सबसे बड़ी वजह है शहरी नियोजन में सरकारी तंत्र की अदूरदर्शिता। जब से आवासीय कॉलोनियों की बसावट के मामले में विकास प्राधिकरणों और गृह निर्माण मंडलों की बजाय निजी भवन निर्माताओं और कॉलोनाइजरों का दखल बढ़ा है, तब से रोज कमा कर रोज खाने वालों और बेघर लोगों के लिए आवासीय योजनाएं हाशिए पर खिसकती गई हैं।

करोड़ों लोग आज भी फुटपाथों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर या टाट और प्लास्टिक आदि से बनी झोपड़ियों में रात बिताते हैं। बहुत से लोगों के पास तो पहनने को गरम कपड़े या ओढने को रजाई-कंबल तो दूर तापने को सूखी लकडियां तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे लोगों को मौसम की मार से बचाने के लिए अदालतें हर साल सरकारों और स्थानीय निकायों को लताड़ती रहती हैं, लेकिन सरकारी तंत्र की मोटी चमड़ी पर ऐसी लताड़ों का कोई असर नहीं होता है।

शीत लहर, बाढ़ और भीषण गरमी जैसी प्राकृतिक आपदाएं कोई नई परिघटना नहीं हैं। ये तो पहले से आती रही हैं, और आगे भी आती रहेंगी।

इन्हें रोका नहीं जा सकता। रोका जा सकता है, तो इनसे होने वाली जान-माल की तबाही को, जो सिर्फ राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र की ईमानदार इच्छाशक्ति से ही संभव है। ताजा शीत लहर और उससे होने वाली मौतें हमें बता रही हैं कि जब मौसम के हल्के से विचलन का सामना करने तक की हमारी तैयारी नहीं है, और हमारी व्यवस्थाएं पंगु बनी हुई हैं, तो जब ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौती हमारे सामने होगी तो उसका मुकाबला हम कैसे करेंगे?

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### महाकुंभ जय हर-हर गंगे


महाकुंभ के महापर्व में तीर्थराज सब आए।
संतों का दर्शन-पूजन कर सभी भक्त हर्षाए।।
गंगा-जमुना की धाराएँ कल-कल बहती जातीं।
सरस्वती की ज्ञान-रश्मियाँ जीवन सफल बनातीं।।
सारी दुनिया माँ गंगा की गोदी में सुख पाती।।
तीर्थराज की पावन धरती सबको गले लगाती।।
महाकुंभ जय हर-हर गंगे सारी दुनिया गाए।
संतों का दर्शन-पूजन कर सभी भक्त हर्षाए।।
गंगा मैया के चरणों में सबने शीश झुकाया।
महाकुंभ की इस बेला में जीवन धन्य बनाया।।
लोक और परलोक सुधारा अक्षय पुण्य कमाया।
योग-ध्यान की कस्तूरी को जन-जन तक पहुँचाया।।
विश्व-शांति की धर्म पताका दुनिया में लहराए।
संतों का दर्शन-पूजन कर सभी भक्त हर्षाए।।
योगी-संतों-नागाओं ने धर्म-ध्वजा फहराई।
कल्पवास स्नान-ध्यान करने की अलख जगाई।।
दिव्य दृष्टि डाली भक्तों पर मस्ती ऐसी छाई।
हर-हर महादेव जय कहके धूनी वहीं रमाई।।
माँ गंगा की चरण-धूलि से माथे तिलक लगाए।
संतों का दर्शन-पूजन कर सभी भक्त हर्षाए।।



**डा0 नीलिमा मिश्रा**
**प्रयागराज**

### हर अंत की नई शुरुआत होती है

हर अंत की एक नई शुरुआत होती है,
इतना क्यों सोचना जीवन के बारे में,
ज़िंदगी देने वाले ने भी तो कुछ सोच
रखा होगा नादान इंसान हमारे बारे में।
मेहनत करके उसका फल मिलता है,
मेहनत से समस्या का हल मिलता है,
देर से ही सही, सदकर्मों का फल व
प्रभूकृपा से सदा हर कष्ट दूर होता है।
थोड़ी सी दवा खाकर गम्भीर रोग से
हर रोगी अक्सर निरोगी हो जाता है,
हृदय से ईश्वर पर आस्था रखकर,
विनती से हर दुःख दूर हो जाता है।
ईश्वर को अपना मानो तो वह अपना
और पराया मानो तो पराया होता है,
क्या फ़र्क़ है ईश्वर में और ख़ुदा में
मानो तो अपना न मानो तो पराया है।
हाँ, जो भावना से परे होता है वही
अक्सर जीवन भर पराया होता है,
दूर होकर भी हृदय में हो, अपना भी
वो और परमात्मा भी वही होता है।
कोई हमारी क्षमता पर संदेह करे तो
भी हम अपने कमतर कहाँ आंकते हैं,
स्वयं पर पूरा भरोसा रखना क्योंकि
लोग सोने को भी नहीं खरा मानते हैं।
दुनिया सोने की शुद्धता पर ही संदेह
करती है, लोहे को सभी शुद्ध मानते हैं,
आदित्य सच्चाई की राह चलते रहो
लोग तो चाँद पर भी दाग देखते हैं।



**कर्नल आदि शंकर मिश्र**
**आदित्य**
**लखनऊ**




## राशिफल

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। इस बीच आपके जीवनसाथी को भी तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। आज परिस्थितियां बदलने के योग हैं और नई उम्मीदें बनेगी। कुछ लोग जो आप के खिलाफ थे, वो आज आपके सामने नतमस्तक होंगे। आपके रिश्ते फिर से मधुर हो जाएंगे। |
| वृष | आज कारोबार में अचानक आपको फायदा होगा। आज किसी काम के लिए की गई कोशिश सफल रहेगी। आज मन में चल रहे सवालों का जवाब खुद को ही तलाशना होगा। आज दिखावे के चक्कर में अधिक खर्च करने या कर्ज लेने से बचें। सोच-विचार में अपनों की राय लेनें से उपलब्धियां आपके हाथ लगेगी। आज व्यवसायिक गतिविधियों को और समय देंगे। |
| मिथुन | ऑफिस में आज काम का बोझ अधिक हो सकता है। आज कारोबार में अचानक महत्वपूर्ण कार्य पूरे हो सकते हैं। स्थान परिवर्तन के योग है। आज दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ में मुलाकात खुशी देगी। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति रहेगी और किसी परेशानी का हल मिलेगा। |
| कर्क | आज अधिकारी वर्ग से आपको सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त होगी। आज घर में सुखद और अनुशासित माहौल रहेगा। काफी समय बाद रिश्तेदारों से मेल-मुलाकात होने से प्रसन्नता होगी। आज दिनभर बहुत व्यस्तता रहेगी। लेकिन मनोनुकूल नतीजे मिलने से मन में उत्साह रहेगा। किसी समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा, आपसी मेलजोल बढेगा। |
| सिंह | आज आपको घर की कुछ नयी जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी7 आज रुका हुआ काम पूरा होने वाला है, साथ ही आप कई प्रकार की गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे साथ ही आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी और कुछ बेहतरीन जानकारियां मिलेंगी। जीवनसाथी आज आपको सरप्राइज दे सकते हैं। |
| कन्या | आज कार्यालय में अधिकारी वर्ग आपके ऊपर काम को लेकर थोड़ा दबाव बनायेंगे। आज किसी नजदीकी रिश्तेदार से चल रही अनबन दूर होगी रिश्ते में पुनः मधुरता आएगी। आज आपके घर परिवार में खुशी भरा माहौल रहेगा। आज पुरानी नकारात्मक बातों को वर्तमान पर हावी ना होने दें और रिश्ते को सहेज कर रखें। |
| तुला | आज का दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज कहीं भी निवेश सोच-समझकर ही करेंगे। लोगों के साथ बातचीत करते समय सावधान रहें, गलतफहमियों की वजह से रिश्ते में समस्या आ सकती हैं। बच्चों की समस्याओं के समाधान के लिए आपका सहयोग रहेगा। आज कामकाज में व्यस्तता रहेगी। व्यापार में महत्वपूर्ण फैसले होंगे। |
| वश्चिक | आज आप अपने कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिये पूरी मेहनत करेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। परिवार के सब लोग आपसे खुश रहेंगे। आज किसी की गलत सलाह आपको आपके लक्ष्य से भटका सकती हैं। इसलिए सोच-समझकर ही कदम उठाएंगे तो परेशानी से बच जाएंगे। घर के बुजुर्गों की सलाह और मार्गदर्शन की अवहेलना ना करें। |
| धनु | आज किसी नई योजना को बनाने में आप सफल होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। किसी खास काम में आपको माता का सहयोग प्राप्त होगा। आज कार्यभार की वजह से शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। अपने कामों को दूसरों के साथ बांटने का प्रयास करेंगे तो आसानी होगी। आज नई शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। |
| मकर | आज आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज नए कांटेक्ट बनेंगे। आज किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आपसी बातचीत द्वारा कई परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी। किसी काम में संघर्ष के बाद सफलता मिलने के योग हैं। आज अपने ऊपर अतिरिक्त कार्यभार या जिम्मेदारियां ना लें। |
| कुम्भ | आज आप दोस्तों के लिए मददगार साबित होंगे। आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने की जरूरत है, इससे आप अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से अंजाम देंगे। आज किसी दोस्त या रिश्तेदार के साथ कहीं घूमने जाएंगे । संतान की तरफ से संतोषजनक नतीजे मिलने से सुकून मिलेगा। ऑफिस में आज आपसे सभी लोग खुश रहेंगे। |
| मीन | आज आप सकारात्मक विचारों के साथ अपने काम को आसानी से पूरा कर लेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज अपनी कार्यप्रणाली में लाए गए परिवर्तन के कुछ अनुकूल परिणाम मिल सकते हैं। आज आपका व्यवसायिक दृष्टिकोण कई मामलों को सुलझाने में सक्षम रहेगा। आज पारिवारिक माहौल अच्छा बना रहेगा। |

# माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ा तीर्थ - अपर जिला जज

▸▸ मां शांति देवी की पुण्यतिथि पर समाजिक सद्भावना सम्मान समारोह आयोजित
▸▸ जरूरमंदो को बांटा गया कम्बल, मुफ्त दवाएं वितरित



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** नगर क्षेत्र के चिलबिला स्थित रेखा सदन में गुरुवार को ममतामयी मां शांति देवी की चौदहवीं पुण्यतिथि पर समाजिक सद्भावना सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर पूर्व विधायक अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल ने किया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/ अपर जिला जज सुमित पवार ने मां शांति देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ा तीर्थ है। उन्होंने कहा कि रोशन लाल उमरवैश्य का कार्य अनुकरणीय है,उनकी मां ने उन्हें अच्छे संस्कार दिये है, जिससे वह निरंतर समाज के खुशहाली के लिए कार्य कर रहे हैं। अपर जिला जज ने इस दौरान प्रभु श्री राम के आदर्श पर चर्चा करते हुए श्रवण कुमार की माता-पिता के प्रति सेवा भाव पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी देते बताया कि आम लोगों में कानूनी जागरूकता फैलाना व विवादों को सौहार्दपूर्ण निपटारा कराने के साथ ही पीड़ितों को उनके अधिकारों के लिए बढ़ावा देना है। इसके जरिए समाज के कमजोर लोगों को मुफ्त सहायता प्रदान की जाती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएफओ जेपी श्रीवास्तव ने समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य के विभिन्न सामाजिक कार्यों की प्रसंशा करते हुए ममतामई मां शांति देवी को श्रद्धासुमन अर्पित किया भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ने माता पिता का दर्जा ईश्वर समान बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल ने मां शांति देवी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि वह माता- पिता धन्य हैं जो अपनी संतानों के नाम से जानें जातें हैं। समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य ने अपनी माता के पुण्य तिथि पर जो कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहे हैं वह अन्य लोगों के लिए प्रेरणा दायक है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ माता शांति देवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके व स्वास्थ्य शिविर का फीता काट कर अपर जिला जज सुमित पवार, अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल व डीएफओ जेपी श्रीवास्तव सहित अन्य अतिथियों द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि अपर जिला जज सुमित पवार व अन्य अतिथियों द्वारा वृद्धा आश्रम के बुजुर्गो सहित लगभग 550 जरूरतमंदो में कम्बल का निःशुल्क वितरण किया। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सैकड़ों लोगों ने सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट व आयुष एवं क्षय रोग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मुफ्त दवा प्राप्त किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि अपर जिला जज, डीएफओ सहित अन्य अतिथियों का समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य द्वारा शांति देवी सद्भावना राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया। इस मौके पर विविध क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले लगभग तीन दर्जन विभूतियों को मुख्य अतिथि अपर जिला जज सुमित पवार द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डायट के पूर्व प्रवक्ता राकेश कनौजिया ने किया। अंत कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य ने सभी अतिथियों व अगन्तुको के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सुरेश अग्रवाल,सुनील सिंह, रामेंद्र कुमार तिवारी, राकेश कुमार, शंकर लाल,गुलाब चंद्र,राम आजोर,शाहीदा बेगम,विनय श्रीवास्तव, विवेक उपाध्याय, श्रवण कुमार,सत्य प्रकाश केडिया, लक्ष्मी नारायण, राजीव आर्या, आनन्द, विवेक यादव, श्याम बाबू, विजय कुमार, प्रभात,अमन,आदर्श परमानंद मिश्र,आशीष, अजीत शर्मा, डॉ दयाराम मौर्य, आनन्द ओझा, अर्चना पाण्डेय,रेखा उमरवैश्य, पूनम सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करायें-जिलाधिकारी

● जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेऊट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता चमेला देवी, लक्ष्मी, बड़की, तारा देवी निवासीगण दरछुट थाना कन्धई ने शिकायत किया कि प्रार्थिनीगण की भूमि पर विपक्षी केशव प्रसाद, दीपक यादव, नीरज यादव, विपिन व विकास द्वारा जबरन मारपीट कर अवैध कब्जा, घर के दरवाजे के सामने जानवर बांधने व रास्ता बन्द करने तथा जबरन प्रार्थीगण के हरे पेड़ काट रहे है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी पट्टी व एसओ कन्धई को निर्देशित किया है कि जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई रास्ता अवरूद्ध न हो।

इसी प्रकार जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व व अन्य शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

# आठवें वेतन आयोग को मंजूरी मिलने से कर्मचारियों मे खुशी की लहर



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। केंद्रीय कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार के कर्मचारी और पेंशनधारी बेसब्री से 8वें वेतन आयोग का इंतजार कर रहे थे।जल्द ही इसके लिए कमेटी का गठन होगा और 8वें वेतन आयोग को बनाने की प्रक्रिया चालू कर दी जाएगी। इसके लिए आज केंद्रीय कैबिनेट की बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर हुई। अटेवा पेंशन बचाओ मंच की तरफ से प्रधानमंत्री जी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सी.पी.राव जिलाध्यक्ष अटेवा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री जी कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग का गठन एंव मंजूरी दे कर लाखों लाख कर्मचारियों को सौगात दी है। सी.पी.राव ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के भविष्य का सहारा है। अतः प्रधानमंत्री जी पुरानी पेंशन बहाल करके लाखों लाख कर्मचारियों के बुढापे का भविष्य सुरक्षित करें।जो माननीय प्रधानमंत्री के लिए असंभव नही है। इससे प्रतापगढ़ सहित देश के कर्मचारियों मे खुशी का माहौल ब्याप्त है।

# छुआछूत व भेदभाव मिटाने से ही सामाजिक समरसता संभव

लोकमित्र ब्यूरो

**रखहा प्रतापगढ़।** समाज से छुआछूत व भेदभाव मिटाकर ही सामाजिक समरसता का वातावरण बन सकता है, यह तभी संभव होगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक अन्न का दाना पहुंचेगा।

यह बातें बाबा बेलखरनाथ धाम के गनईडीह गांव में आयोजित मकर संक्रांति उत्सव के साथ सामाजिक समरसता भोज पर आयोजित एक कार्यक्रम में आरएसएस पूर्वी उत्तर प्रदेश के सहक्षेत्र संपर्क प्रमुख मनोज जी ने कहीं। उन्होंने आगे कहा कि भारत एक विकसित राष्ट्र तभी बनेगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक अन्न का दाना पहुंचेगा तथा उसे एहसास होगा कि मैं भी समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सकता हूं। छुआछूत की बीमारी किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी में नहीं आई है, बल्कि सदियों से चली आ रही दुर्व्यवस्था का परिणाम है, जिसे आने वाली पीढ़ी भुगत रही है।



उन्होंने राम के आदर्श पर अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया तथा गुड़ और तिल की महिमा का बखान करते हुये कहा कि हिंदू समाज अंगूर की तरह है, वह जब दानों में बिखर जायेगा तो उसकी कीमत घट जाएगी। यदि वह अंगूर के लच्छों की तरह एक जुट होकर रहेगा तो अपने आप उसकी कीमत बढ़ जाएगी। राम की पूजा आज माता कैकई के नाते की जाती है जिन्होंने राम को वनवास देकर उनका मान पूरे हिंदू धर्म में बढ़ाया। जब कि भगवान राम से आदर्श बहुत से पुरुष हुये किंतु वह राम का दर्जा न पा सके। इस दौरान मुख्य अतिथि मनोज जी ने गांव की महिमा का बखान करते हुए कहा कि निःसंदेह आज गांव में अतिथि देवो भव~ की भावना देखी जा सकती है जो कि आने वाली पीढ़ी के लिये एक सकारात्मक संदेश की भांति है। उन्होंने प्रयाग में चल रहे महाकुंभ महोत्सव का बखान करते हुये कहा कि आज पूरा विश्व प्रयाग में महाकुंभ महोत्सव की झलकियां देख रहा है जो कि सनातन धर्म की पताका सोशल मीडिया से लेकर अन्य माध्यमों पर फहरा रहा है।

इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक दिल्ली बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष आलोक कुमार पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुये कहा कि आठवीं शताब्दी से लेकर आज तक सनातन धर्म बिखरा हुआ है, जिसे जोड़ने के लिये हम सभी को सामाजिक समरसता का वातावरण बनाना होगा। यह कार्यक्रम इस कड़ी में एक पहल है। कार्यक्रम के पश्चात शिव प्रकाश मिश्रा सेनानी ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल जयराम सिंह ने की। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ छोटे भईया, बाबा बेलखरनाथ धाम सेवा समिति के अध्यक्ष शीतला सिंह मदन, डॉक्टर दिनेश मौर्य, गोसेवक संतोष सिंह, के. के. शर्मा, पूर्व प्रधान कुलदीप सिंह, रिंकू सिंह, प्रशांत सिंह बबलू आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजन आलोक कुमार पाण्डेय की ओर से बाबा बेलखरनाथ धाम के मुख्य पुजारी विश्वनाथ गिरि सहित बाबा शांति दास, विजय शंकर पांडे, सुरेंद्र दुबे तथा अन्य क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों तथा समाज के दबे कुचले लोगों को शाल देकर सम्मानित किया।

# बिजली विभाग के ठेकेदार की दबंगई आई सामने भूमिधरी खेत से खींची जा रही है एल टी लाइन



लोकमित्र ब्यूरो

**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़।** सदर ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा बहलोलपुर निवासी शिव बहादुर यादव उर्फ लल्लन ने जिलाअधिकारी तथा बिजली विभाग के आला अधिकारियों को लिखित सूचना देते हुए कार्यवाही की मांग की है।जानकारी के अनुसार ग्राम सभा बहलोलपुर से ग्राम सभा सरायसागर के लिए दबंग बिजली ठेकेदार तथा बिजली विभाग की मिली भगत से पैसा लेकर कोठवा गांव में बिजली आपूर्ति के लिए बिना सरकारी आदेश के भूमिधरी जमीन से बिजली के खंभो को गाड़कर एलटी लाइन बनाई जा रही थी। जिसका ग्राम प्रधान शिव बहादुर यादव द्वारा पुरजोर विरोध किया गया लेकिन दबंगई से उनकी तथा परिवार की जमीनों में खम्भों को खड़ा कर दिया गया। प्रधान द्वारा बताया गया कि जिस पुरवे के लिए बिजली आपूर्ति जानी है वहां पर 11000 लाइन का तार आया हुआ है। यदि वहीं पर ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति की जाए तो किसानों की कृषि योग्य भूमि के बीचो-बीच बिजली की लाइन नहीं ले जाना पड़ेगा ठेकेदार तथा जे ई के इस कृत्य से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है।

# महाकुंभ सामाजिक समरसता का संदेश देता है-मनोज जी

▸▸ मकर संक्रांति उत्सव एवं समरसता भोज आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिले के गनई डीह ग्राम में सामाजिक समरसता के पावन पर्व मकरसंक्रान्ति के अवसर पर मकर संक्रान्ति उत्सव और समरसता भोज का भव्य आयोजन उच्चतम न्यायलय के अधिवक्ता एवं पूर्व उपाध्यक्ष नई दिल्ली बार एसोसिएशन आलोक पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सह क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख मनोज जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल जयराम सिंह और संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग व्यवस्था प्रमुख गिरिजा शंकर मिश्र ने किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सह क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख मनोज जी ने कहा कि मकर संक्रान्ति का पर्व समरसता का संदेश देता है। भगवान सूर्य का यह पर्व पूरे जगत को प्रकाशमान करता है।यह बड़े से बड़े कई रूपों में रहने वाले गुड़ और अन्नों में अत्यन्त छोटे तिल के साथ जुड़ जाने का पर्व है जो सभी को समरस करने का संदेश देता है। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है।

वर्तमान मे प्रयागराज का महाकुंभ सामाजिक समरसता का जीवन्त उदाहरण है आरंभ में आयोजक आलोक कुमार पांडेय ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम और माँ बाराही का चित्र देकर स्वागत किया और सभी से सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आग्रह किया इस अवसर पर जिला संघचालक चिंतामणि द्विवेदी, संपर्क प्रमुख डॉ रंगनाथ शुक्ल, कृष्ण कुमार सिंह रिंकू शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, शिव शंकर सिंह, अवधेश मिश्र, डॉ दिनेश मौर्य, ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह छोटे भइया, अनिल सिंह, कुलदीप सिंह, सोनू सिंह ,संतोष कुमार पांडे, रिंकू सिंह, सुनील तिवारी, अशोक सरोज, अजय राजू, रामनाथ, आनंद प्रकाश ,विपुल सिंह, केपी सिंह, बबलू सिंह प्रधान, श्यामू दिलीप पांडे, अवनीश पांडे ,मोनू पांडे, अशोक सिंह, पिंटू सिंह, शिवमणि आदि उपस्थित रहे

# विज्ञान क्लब द्वारा बेकार से सरोकार कार्यशाला आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** राजकीय हाई स्कूल सराय आनादेव मे विज्ञान क्लब के तत्वावधान मे बेकार से सरोकार कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला के आयोजक विज्ञान शिक्षक अनिल कुमार निलय द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला मे विद्यार्थियों को बेकार से सरोकार पहल के अन्तर्गत निष्प्रयोज्य बेकार सामग्रियों का उपयोग करके विज्ञान की अधिगम सामग्री बनाना सिखाया गया। इनसे विद्यार्थी निष्प्रयोज्य संसाधनों का पुनः प्रयोगकर विज्ञान के आधारभूत सिद्धांतों व नियमों से संबंधित प्रोजेक्ट निर्मित कर सकेंगे।कार्यशाला मे विद्यार्थियों ने जल चक्र,मानव हृदय,पुष्पी पादपों मे जनन,मानव जनन तंत्र,पाचन तंत्र,श्वसन तंत्र,उत्सर्जन तंत्र आदि से संबंधित प्रोजेक्ट बनाये।प्रोजेक्ट बनाने के लिए पुराने गत्ते,फटे-पुराने कपडे,अखबार,कागज के टुकड़ों,चार्ट पेपर,धागे आदि का प्रयोग किया गया।साक्षात्कार के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी अधिगम सामग्री की विषयगत जानकारी भी प्रदान की गई।

# अभ्यर्थी अग्निवीरवायु की भर्ती के लिये 27 जनवरी तक करायें आनलाइन पंजीकरण

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** विंग कमांडर/कमानडिंग आफिसर ए गुणशेकर ने बताया है कि भारतीय वायु सेना की अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरवायु इनटेक 01/2026 की भर्ती प्रक्रिया के लिये अभ्यर्थी आनलाइन पंजीकरण दिनांक 27 जनवरी 2025 तक कर सकते है। भर्ती में दिनांक 01 जनवरी 2005 और 01 जुलाई 2008 (दोनो तिथियॉ सम्मिलित) के बीच जन्म पात्र अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार आनलाइन आवेदन करने हेतु योग्य है। भर्ती प्रक्रिया की प्रथम चरण की आनलाइन परीक्षा का आयोजन दिनांक 22 मार्च 2025 से नियत है। पंजीकरण एवं अधिसूचना का लिंक ीजजचेरूध्ध्हदपचंजीअंलनणबकंबणप द वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होने बताया है कि उत्तर प्रदेश में वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु (महिला एवं पुरूष) की भर्ती करने के लिये अधिकृत एकमात्र चयन केन्द्र है। हमारा उद्देश्य प्रति वर्ष बड़ी से बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं को वायु सेना में भर्ती हेतु प्रोत्साहित करना एवं भर्ती करना है। इस योजना के तहत भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में सम्पन्न की जाती है। प्रथम चरण में अभ्यर्थियों के लिये आनलाईन लिखित परीक्षा का आयोजन प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर किया जाता हैं। द्वितीय चरण में अभ्यर्थियों की शारीरिक एवं अनुकूलता परीक्षण इस चयन केन्द्र में सम्पन्न किया जाता हैं तृतीय चरण में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को चिकित्सा परीक्षण हेतु निर्धारित चयन केन्द्र में उपस्थित होना होता हैं। चिकित्सा परीक्षण भारतीय वायु सेना चिकित्सा टीम द्वारा वायु सेना के चिकित्सा मानकों और प्रचलित नीति के अनुसार किया जाता है। तृतीय चरण में सफ्ल अभ्यर्थियों को अग्निवीरवायु के रूप में भारतीय वायु सेना में नामांकित किया जाता है जिसके पश्चात् उन्हें प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण केन्द्र में भेज दिया जाता है।

## सफाई कर्मचारियों का ब्लॉक शिवगढ़ में 22 और गौरा का 24 को होगा चुनाव

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ जनपद शाखा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष बीएल पटेल और जिला मंत्री अनिल कुमार गौतम ने बताया कि विकास खंड शिवगढ़ के सफाई कर्मचारियों का चुनाव 22 जनवरी को 10ः00 बजे से 3ः00 तक चुनाव होगा। जिला अध्यक्ष बीएल पटेल ने बताया कि इसी क्रम में ही 24 जनवरी को ब्लॉक गौरा के सफाई कर्मचारियों का भी चुनाव जिले के पदाधिकारियों के द्वारा कराया जाएगा। इसमें दोनों ब्लॉक के सफाई कर्मचारियों को समय से ब्लॉक सभागार में पहुंचना जरूरी है।

# सोशल मीडिया में मारपीट का वीडियो वायरल , अभियुक्त गिरफतार

**सुवंशा,प्रतापगढ़।** राह चलते लोगो से मारपीट, गाली गलौज, धमकी ध् जबरन वसूली कर उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर समाज में भय व्याप्त करने वाले के विरुद्ध की गयी सख्त कार्यवाही।लोगो को फर्जी मुकदमें में फसाने व उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के नाम पर करता है ब्लैकमेल।एसपी डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में थाना फत्तनपुर में 02 नामजद अभियुक्तों व 01 अज्ञात के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों एवं अपराधियों के विरूद्ध जीरो टालरेंस नीति के तहत थानाफत्तनपुर पुलिस का कड़ा एक्शन ।अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री राकेश कुमार राय थाना फत्तनपुर के नेतृत्व में उ0नि0 प्रभांशू कुमार राय मय हमराह हे0कां0 राजेश कुमार यादव, कां0 विवेक यादव द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान01 वांछित को दिनांक 16.01.2025 थानाक्षेत्र के ग्राम वसीराहा प्राथमिक विद्यालय के पास तिराहा से गिरफ्तार किया गया।

# सड़क हादसों में महिला समेत तीन घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली के बड़ी चकिया गांव निवासी नवनीत यादव की 35 वर्षीय पत्नी पूनम यादव बुधवार को शाम कहीं जा रही थी। उसी समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गई। कोतवाली के मन्नान बाजार निवासी कल्लू सोनकर का 52 वर्षीय बेटा उमेश कुमार सोनकर बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के बुज्जू खां का पुरवा गोतनी गांव निवासी 24 वर्षीय अजय कुमार सोनकर हादसे में घायल हो गया। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी भेजा।

# साथी की गिरफ्तारी की खबर देकर ठगे 70 हजार

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के मालाधर छत्ता गांव निवासी धीरज गौतम ने पुलिस को तहरीर दी। उसके पिता सुरेश कुमार मुंबई में चालक हैं। उनके मोबाइल पर फोन आया कि आपके गांव का रहने वाला बबलू पटेल सऊदी अरब में पकड़ा गया है। उसका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया गया है। उनको बचाने के लिए 70 हजार रुपये भेजिए। घर आकर वह रुपये दे देगा। पिता के कहने पर उसने बताए गए खाता नंबर पर 70 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिया। बाद में बबलू से बात हुई तो वह पूरे मामले से इनकार कर दिया, तब उसे ठगे जाने का एहसास हुआ। पीड़ित ने मोबाइल नंबर, खाता नंबर के साथ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# सांगीपुर में नशीले पदार्थों की बढ़ती बिक्री पर प्रशासन मौन

▸▸ युवा पीढ़ी के भविष्य पर बढ़ रहा संकट

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखंड के थाना क्षेत्र सांगीपुर उदयपुर में नशीले पदार्थों की बिक्री दिनों-दिन तेज़ी से बढ़ रही है। इससे क्षेत्र में नशे की लत युवा पीढ़ी के बीच एक गंभीर समस्या बन चुकी है। सूत्रों के अनुसार, कुछ थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री धड़ल्ले से चल रही है, और प्रशासन की तरफ से इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

इस संदर्भ में प्रबुद्ध वर्ग का मानना है कि यदि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान दे, तो युवा पीढ़ी के भविष्य को नशे के जाल से बचाया जा सकता है।सूत्रों के अनुसार, यह भी खुलासा हुआ है कि कुछ पुलिसकर्मी नशीले पदार्थों की बिक्री में सहयोग कर रहे हैं। बीते वर्ष, गाजीपुर जिले की पुलिस ने एक बड़े मादक पदार्थों के सप्लाई रैकेट का खुलासा किया था, जिसमें कंटेनर में गांजा लादकर अन्य जनपदों में सप्लाई की जा रही थी।

इस मामले में कोतवाली देहात और देल्हूपुर थाने के कुछ पुलिसकर्मी भी शामिल पाए गए थे। जिनकी मिलीभगत से यह पूरे रैकेट चल रहा था। यह घटना सवाल उठाती है कि आखिर क्यों ऐसे लोगों को संरक्षण प्राप्त है, जो समाज और सरकार दोनों के लिए हानिकारक हैं। सूत्रों का मानना है कि इसमें महिलाएं और युवा पीढ़ी दोनों मिलकर सप्लाई करते नजर आ रहे है। वर्तमान में, मादक पदार्थों की बिक्री बढ़ने से क्षेत्र के युवा पीढ़ी का भविष्य अंधेरे में डूबता जा रहा है। सरकार तथा प्रशासन को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि समाज को इस समस्या से मुक्ति मिल सके।

# अनुदान पर कृषि यन्त्र प्राप्त करने का सुनहरा अवसर-उप कृषि निदेशक

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि विभाग द्वारा संचालित मैकेनाइजेशन एवं इन-सीटू योजनान्तर्गत रूपये 10 हजार से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यन्त्र/कृषि रक्षा उपकरण, किसान ड्रोन, फसल अवशेष प्रबन्धन के कृषि यन्त्र एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर, फार्म मशीनरी बैंक इत्यादि के आवेदन हेतु बुकिंग दिनांक 16 जनवरी से प्रारम्भ होकर दिनांक 30 जनवरी 2025 रात्रि 12 बजे तक किसान भाई कर सकते है। बुकिंग हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर एवं ीजजचेरूध्ध्हतपकंतींदणनचणहवअण्पद पर ''यंत्र पर अनुदान हेतु टोकन निकाले'' लिंक पर क्लिक कर आनलाइन आवेदन किया जाना है।

# चोरी की साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफतार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा चोरी की घटना से संबंधित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 अदद साइकिल बरामद ।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण थानाध्यक्ष उ0नि0 श्री मनीष कुमार त्रिपाठी थाना मानिकपुर के नेतृत्व में उ0नि0 संजय कुमार मय हमराह का0 रामकिशन राणा व का0 राजेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना सांगीपुर के 01 अभियुक्त आशीष शर्मा पुत्र स्व0 बडेलाल शर्मा निवासी ग्राम रूप का पुरवा, ऐंधा, हीरागंज थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना मानिकपुर क्षेत्रान्तर्गत यादव पट्टी जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियक्त के कब्जे से 01 अदद चोरी की साइकिल बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।

# छात्र की साइकिल चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के गहनेरु बाग गांव निवासी मुकेश कुमार पटेल ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि वह 14 जनवरी शाम मानिकपुर नगर के मुंदीपुर स्थित कोचिंग में पढ़ने गया था। कोचिंग के बाहर से किसी ने उसकी साइकिल गायब कर दी। मुकेश पटेल की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। गुरुवार को सुबह दरोगा मनीष कुमार त्रिपाठी ने चोरी की साइकिल के साथ एक युवक को यादव पट्टी के पास से गिरफ्तार किया। पकड़ा गया युवक आशीष शर्मा निवासी रुप का पुरवा ऐंधा हीरागंज महेशगंज का है।

# परियोजनाओं का कार्य मानक के अनुरूप गुणवत्तायुक्त ढंग से पूर्ण किया जाये-जिलाधिकारी

▶▶जिलाधिकारी ने रूपये 50 लाख से अधिक लागत के कार्यो/परियोजनाओं तथा सीएम डैशबोर्ड पोर्टल की समीक्षा की

▶▶पुलों का निर्माण समय से पूर्ण न करने पर जिलाधिकारी ने सेतु निर्माण के एक्सईन के विरूद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र भेजने का दिया गया निर्देश

▶▶जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर 05 विभागों की रैकिंग काफी खराब पाये जाने पर अधिकारियों को किया सचेत



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में रूपये 50 लाख से अधिक लागत के कार्यो/परियोजनाओं तथा सीएम डैश बोर्ड पोर्टल की समीक्षा की गयी। बैठक में जल निगम के परियोजनाओं के कार्यो की समीक्षा की गयी और जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया गया कि खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा जल निगम की परियोजनाओं की जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत किया जाये। सेतु निर्माण की समीक्षा में पाया गया कि दिसम्बर माह में 03 पुलों का निर्माण पूर्ण करना था जो अभी तक पूर्ण नही किया गया जिस पर जिलाधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया कि सेतु निर्माण के एक्सईन के विरूद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया जाये। पर्यटन विभाग की समीक्षा में पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड प्रयागराज को पैसा मिलने के बावजूद भी कार्य नही किया जा रहा है जिसके लिये शासन को पत्र प्रेषित किया गया है। बैठक में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल, यूपीआरएनएसएस, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सीएनडीएस आदि के निर्माण कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसी प्रकार पूर्वान्चल विकास निधि व सांसद निधि की समीक्षा कर परियोजना निदेशक डीआरडीए को निर्देशित किया गया कि वर्ष 2023 के पहले के जो कार्य अभी तक पूर्ण नही है सम्बन्धित संस्थाओं के विरूद्ध कार्यवाही करें और वर्ष 2023-24 के कार्य फरवरी माह तक पूर्ण कर लिये जाये।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परियोजनाओं से प्रशासकीय विभाग से सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी द्वारा कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का नियमित अनुश्रवण किया जाये। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो को लम्बित कदापि न रखा जाये, निर्माणपरक कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये, यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। सभी परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत मानक के अनुरूप गुणवत्ता सहित पूर्ण किया जाये। उन्होने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो जाये उसे यथाशीघ्र सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर किया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।

इसी प्रकार जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर कार्यो/योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की। सीएम डैशबोर्ड पर उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप, मण्डी सचिव, पूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार की रैकिंग काफी खराब पाये जाने पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को सचेत करते हुये कहा कि रैकिंग में सुधार लायें अन्यथा सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार डूडा विभाग, परिवहन विभाग, खनन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल निगम, बेसिक शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, सेतु निर्माण, अल्पसंख्यक विभाग, समाज कल्याण, अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग की भी रैकिंग ठीक नही पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों की रैकिंग में सुधार लाये। छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत प्रगति ठीक न पाये जाने पर एडीआईओएस आरपी सरोज को निर्देशित किया गया कि प्रधानाचार्यो के साथ बैठक कर छात्रवृत्ति योजना से सम्बन्धित समस्त कार्यो को 20 जनवरी तक पूर्ण कराकर छात्रवृत्ति का लाभ बच्चों को दिलाया जाये। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग की प्रगति ठीक न पाये जाने और बैठक में डीसी एनआरएलएम के अनुपस्थित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने डीसी एनआरएलएम के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया और कहा कि यदि प्रगति में सुधार नही होता है तो विभाग के सभी स्टाफ का वेतन रोका जाये। उन्होने अधिकारियों से कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में निस्तारित करें, सभी सम्बन्धित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गम्भीरता से लें, सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं की रैकिंग ठीक रखें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन डिलीवरी एजेंट को तमंचा सटाकर लूटे

**कुंडा प्रतापगढ़।** ऑनलाइन सामान की डिलीवरी देने जा रहे एजेंट से अपाचे सवार बदमाशों ने तमंचा सटाकर 7200 और मोबाइल लूट लिया। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के भरतगढ़ के पास कुंडा से ऑनलाइन सामान की डिलीवरी देने के लिए निकले ई कॉम एक्सप्रेस के डिलीवरी एजेंट कौशल कुमार से अपाचे सवार बदमाशों ने रोक कर उसके पास से 7200 नगद और मोबाइल छीन लिया। घटना के बाद पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस मौका पहुंची और घटना की जांच की। सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर ने बताया कि लूट की सूचना मिली है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सेवानिवृत्ति शिक्षक के निधन पर शोक-संवेदना

कुंडा प्रतापगढ़। विकासखंड बाबागंज की ग्राम पंचायत धनगढ़ गांव निवासी केएन काटजू इंटर कॉलेज कीडगंज प्रयागराज के सेवा निवृत शिक्षणेत्तर कर्मी सीताराम यादव 78 वर्ष का उनके पैतृक निवास पर निधन हो गया। निधन की खबर पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का उनके आवास पर तांता लग गया।

## क्रिकेट मैच के फ़ाइनल में विजेता खेमपुर इलेवन एवं बड़ूपुर इलेवन बनी उपविजेता



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** विकासखंड कुंडा की ग्राम पंचायत ताजपुर पूरे नेवली स्थित एबीएस कोबरा ग्राउंड पर बीते 5 जनवरी से खेला जा रहा 40 टीमों का क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला गुरुवार को क्रिकेट टीम खेमीपुर तथा बड़ूपुर इलेवन के बीच खेला गया। खेमीपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 128 रन बनाकर विपक्षी टीम को जीतने के लिए 129 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बड़ूपुर इलेवन की टीम 96 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार खेमीपुर की टीम ने 32 रन से फाइनल का मुकाबला जीत लिया। मुख्य अतिथि बाबा फरीद ने विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित और पुरस्कृत किया।

क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक विपिन गौतम ने 12 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर टूर्नामेंट में शामिल टीमों व क्रिकेट प्रेमी क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर बाबा फरीद, प्रधान पिंगरी रिशु सिंह, पुरुषोत्तम यादव, सुरेश सरोज, साजन, प्रोफेसर मनोज केसरवानी, आलोक यादव, श्यामलाल, सुमित, जय कुमार सरोज, सत्यम सिंह व आशीष ओझा समेत क्षेत्र के अन्य लोग मौजूद रहे।

## शहीद थाना प्रभारी की प्रतिमा का कराया गया जीर्णोद्धार



लोकमित्र ब्यूरो

**पहाड़ी (चित्रकूट)** -शहीद थाना प्रभारी की मूर्ति का जीर्णोद्धार करा पुलिस अधीक्षक ने किया अनावरण दस्यूदलो से हुई मुठभेड़ में शहीद सब इंस्पेक्टर की मूर्ति का पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह ने जीर्णोद्धार कराकर अनावरण किया व भगवान शिव के मंदिर हेतु भूमि पूजन किया जानकारी के अनुसार सन 1985मे जब वर्तमान चित्रकूट उस समय बांदा जनपद में दस्युओं का आंतक चरम सीमा पर था उस समय के तत्कालीन थानाध्यक्ष पहाड़ी पीएन पांडेय पुलिस अधीक्षक बांदा आनंद बिहारी चतुर्वेदी के निर्देश पर दिनांक 28/2/1985को थाना पहाड़ी अन्तर्गत ओरा गांव निवासी दस्यु सरगना प्रकाश पाण्डेय को पकड़ने उसके गांव ओरा दल-बल के साथ गये थे जहां बदमाशों व पुलिस के बीच हुई गोलीबारी में थानाध्यक्ष पीएन पांडेय शहीद हो गए थे तब तत्कालीन थानाध्यक्ष पहाड़ी पीएस मलान द्वारा उनके स्मृति में उनकी मूर्ति बनवाकर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक बांदा आनंद बिहारी चतुर्वेदी उप पुलिस अधीक्षक प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव के द्वारा थाना पहाड़ी में लगवाई गई थी लेकिन तब से अब तक मूर्ति जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो गई थी पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन पर प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह ने एक बार फिर मूर्ति का सुन्दरी करण कराया व स्थान परिवर्तित कर पुनः स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह ने मूर्ति का अनावरण किया

तथा भगवान शिव के मंदिर हेतु भूमि पूजन किया इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट चक्रपाणि त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी फहद अली शहीद थानाध्यक्ष प्रभु नाथ पांडेय की विटिया विशाखा पांडेय उनके पति प्रभारी निरीक्षक चकेरी कानपुर अशोक दुबे तथा शहीद थानाध्यक्ष की पत्नी निर्मला पांडेय प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज चौधरी प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप सिंह पटेल प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्ग विजय सिंह निरीक्षक शिवमूरत यादव थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण सिंह चौकी प्रभारी गनीवा यदुवीर सिंह पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे

### *जीवन परिचय*

शहीद सब इंस्पेक्टर का जन्म सन् 1957मे ग्राम कोइरीपुर थाना बड़ागांव जिला वाराणसी में लक्ष्मीकांत पांडेय उर्फ चिक्कन पहलवान के घर हुआ था इनकी मां का नाम मिथिला पांडेय था सन् 1978मे सीधी भर्ती की परीक्षा उत्तीर्ण कर उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे 1985मे पहाड़ी थानाध्यक्ष के रुप में तैनात हुए 28/2/1985को मुखबिर द्वारा बदमाशों की सूचना पर तत्काल मय हमराह फोर्स के ओरा गांव में दविश दी जहां बदमाशों की गोलीबारी में शहीद हुए उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में थाना पहाड़ी में अपराध संख्या 18/1985धारा 147/148/149/302/307प्रकाश पाण्डेय प्रेमनारायण शिवनारायण पुत्रगण सुंदरलाल निवासी ओरा थाना पहाड़ी राजेन्द्र गोसाई पुत्र नत्थू गोसाई निवासी गोसाईपुर थाना राजापुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा गठित टीम ने राजेन्द्र गोसाई को 1985मे रैपुरा थाना अंतर्गत मुठभेड़ के दौरान मार गिराया जिस समय थानाध्यक्ष पहाड़ी शहीद हुए थे

उस समय उनके एक पुत्र अमित पांडेय जो उस समय महज चार वर्ष के थे व पुत्री विशाखा पांडेय की उम्र महज एक वर्ष थी इनका बड़ा पुत्र अमित पांडेय इस समय बरेली में प्रभारी निरीक्षक पद पर हैं व इनके पिता पुलिस में पुलिस उपाधीक्षक पद पर थे व अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान थे 1956मेलबर्न ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया व 1958मे कामन वेल्थ गेम्स में भारत के लिए सिल्वर पदक जीता था

## सूफी संत बाबा अनीस मंसूरी का निधन, शोक



**कुंडा प्रतापगढ़ ।** कुंडा क्षेत्र के बरई गांव निवासी सूफी संत अनीश बाबा मंसूरी का इलाज के दौरान मुंबई में इंतकाल हो गया। हवाई जहाज से उनका शव उनके पैतृक गांव लाया गया। उनके शव को बरई के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए खाक कर दिया गया। जहां पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बाबा अनीस मंसूरी के हजारों मुरीद देश भर में फैले हुए हैं।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मीना वर्मा पत्नी भारत वर्मा ग्राम रिसाल का पुरवा पोस्ट किशुनगंज प्रतापगढ़ की निवासनी हूँ। मेरे एल0आई0सी0 की पालिसी संख्या 312173600 मे मेरा नाम सरला देवी पत्नी भारत वर्मा हो गया है जो मेरे घर पर बुलाने का नाम है मेरे सभी अभिलेख में मीना वर्मा दर्ज है। मीना वर्मा और सरला देवी दोनो मेरा ही नाम है अब से मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

मीना वर्मा
पत्नी भारत वर्मा
ग्राम रिसाल का पुरवा पोस्ट
किशुनगंज प्रतापगढ़

## कार्यालय जगदीश नारायण इण्टरमीडिएट कालेज, ढिंगवस, प्रतापगढ़

पत्रांक : प्रो0अ0/285/2024–25 दिनांक 15.01.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024–2025 से विद्यालय में शिक्षण कक्ष/प्रयोगशाला कक्ष के निर्माण कार्यों को कराने हेतु जनपद प्रतापगढ़ से पंजीकृत फर्मों से सामग्री आपूर्ति हेतु निविदायें शील बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 18.01.2025 से 25.01.2025 को सायं पांच बजे आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय में कार्य दिवस में देखी जा सकती है। एक व समस्त निविदा को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य ज0नाइ0मी0 कालेज ढिंगवस प्रतापगढ़ को होगा। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 26.01.2025 को सायं 04.00 बजे विद्यालय में गठित भवन निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी। प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग निविदा डाली जायेगी।

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | अनु0 लागत सामग्री मात्रा | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय में शिक्षण कक्ष एवं प्रयोगशाला कक्ष निर्माण | पतली बालू/मोटी बालू– घन मी0<br>ईंट– प्रति हजार<br>सरिया–कुन्तल में<br>सीमेन्ट–प्रति बोरी<br>गिट्टी– घन मी0 में<br>ईंट की गिट्टी– घन मी0 में | ईंट, बालू, सीमेण्ट, गिट्टी, सरिया |

अध्यक्ष
जगदीश नारायण इण्टरमीडिएट कालेज
ढिंगवस, प्रतापगढ़

प्रधानाचार्य
जगदीश नारायण इण्टरमीडिएट कालेज
ढिंगवस, प्रतापगढ़

## कार्यालय नगर पंचायत सुवंशा बाजार, जनपद प्रतापगढ़

पत्रांक–1071/न०पं०सु०बा०/2024–25 दिनांक 16.01.2025

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ०प्र० शासन, नगर विकास अनुभाग–9 द्वारा जारी अधिसूचना सं0–912/नौ–9–2024–85ज/05टी०सी०–01 लखनऊ दिनाक 28 जून, 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली–2024 उत्तर प्रदेश के समस्त नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतो पर लागू होगी। उक्त नियमावली के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत सुवंशा–बाजार की भौगोलिक सीमाओं में स्थित आवासीय भवनों या भूखंडों पर सम्पत्ति कर के आरोपण हेतु वार्ड की अवस्थिति, भवन के निर्माण की प्रकृति, मार्ग की चौडाई जिस पर सम्पत्ति स्थित है के कवर्ड एरिया को प्रति वर्ग फीट किराए की न्यूनतम मासिक किराया दर को आवासीय सम्पत्तियों के कर निर्धारण के निमित वार्षिक किराया मूल्य के निर्धारण हेतु कक्ष कर भवन के कारपेट एरिया (वास्तविक माप आधारित) अथवा कवर्ड एरिया का 80 प्रतिशत की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) या भूमि के प्रत्येक समूह के लिए प्रति इकाई क्षेत्रफल न्यूनतम मासिक किराया क्षेत्रफल न्यूनतम मासिक किराया दर को जनसामान्य के अवलोकनार्थ एवं वार्डवार आपत्तियां प्राप्त करने हेतु दिनांक 11 दिसम्बर 2024 को दो समाचार पत्रों में दरों का प्रकाशन किया गया था।

अतः आपत्ति प्राप्त करने के लिए प्रकाशन की तिथि से 15 कार्य दिवस का समय निश्चित किया गया था। जिस पर निर्धारित समयावधि में प्राप्त आपत्तियों का अधिशासी अधिकारी द्वारा वार्डवार निस्तारण किया जाना था। परन्तु निर्धारित समयावधि के पश्चात नगर पंचायत सुवंशा बाजार में कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ था।

अतः यह मानते हुए कि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त सूचना का निम्नानुसार दरें निर्धारित किये जाने हेतु अन्तिम प्रकाशन की जाती है। जो 01 अप्रैल 2025 से लागू होगी। वार्डवार मासिक किराया प्रतिवर्ग फूट दरों की सूची निम्नवत है–

### (मासिक दर किराया)

| वार्ड संख्या | वार्ड का नाम | 09 मी0 से कम चौड़ी सड़क | | | | 09 मी0 से 12 मी0 तक चौडी सड़क | | | | 12 मी0 से 24 मी0 तक चौड़ी सड़क | | | | 24 मी0 से अधिक चौड़ी सड़क | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पक्का भवन आर.सी.सी. छत | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खुली भूमि/भूखण्ड | पक्का भवन आर.सी.सी. छत | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खुली भूमि/भूखण्ड | पक्का भवन आर.सी.सी. छत | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खुली भूमि/भूखण्ड | पक्का भवन आर.सी.सी. छत | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खुली भूमि/भूखण्ड |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 01 | 1 से 15 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.75 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.90 | 0.80 | 0.60 | 0.50 | 1.10 | 0.90 | 0.75 | 0.60 |

अनावासीय भवनों और भूमि के मामले ने आच्छादित क्षेत्रफल और भूमि का प्रति इकाई क्षेत्रफल मासिक किराए की दर उपनियम–1 के अधीन किराये की मासिक न्यूनतम दर का गुणांक अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार होगा। अन्य सभी उपलब्ध/शर्ते भी असाधारण गजट में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार ही रहेगी भविष्य में सीमा विस्तार के पश्चात जुड़ने वाले क्षेत्र की दरे उपरोक्तानुसार प्रभावी होगी।

टिप्पणी– 1. यदि इस सूची में कोई मोहल्ला/कालोनी अंकित नही हुआ है तो वह उसी वार्ड में बराबर वाले मोहल्ले के समान दरों से आच्छादित होगा। वार्षिक मूल्य पर 10 प्रतिशत गृहकर, 7.5 प्रतिशत जलकर व 2.5 प्रतिशत ड्रेनेज/सेप्टिक कर प्रभावी होगा।

2. उपरोक्त दरें प्रति 02 वर्ष उपरान्त नियमावली व डी0एम0 सर्किल रेट के अनुसार न्यूनतम मासिक किराया दरों का परिबर्धन किया जायेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत सुवंशा बाजार
जनपद प्रतापगढ़

अध्यक्ष
नगर पंचायत सुवंशा बाजार
जनपद प्रतापगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत नौबस्ता वि०ख० लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

### निविदा सूचना

मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्राम पंचायत में कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत फर्मों द्वारा दिनांक 17.01.2025 से 22.01.2025 को सीलबन्द निविदा दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 22.01.2025 को दिन में 2.00 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेगी। फर्मों का जी0एस0टी0 नं0 होना अनिवार्य है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की माप | अनु0लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | सुशील पाण्डेय के घर से काली सड़क तक इण्टरलाकिंग का कार्य | 100 मी0 | 462114 |

श्रीमती कुसुम मिश्रा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत नौबस्ता
वि0ख0–लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

अरविन्द कुमार यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत नौबस्ता
वि0ख0–लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# छात्रवृत्ति के लंबित मामलों में सीडीओ ने प्रधानाचार्यों को रिपोर्ट समेत किया तलब

**▶▶ सीएम डैशबोर्ड संबंधी बैठक सम्पन्न**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में गुरुवार हुई। जिसमें उन्होंने विभागों को रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी ने सोलर स्ट्रीट लाइट, दैनिक विद्युत आपूर्ति विद्युत बिल सुधार, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, बीज डीबीटी, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, एंबुलेंस का संचालन, डायलिसिस कार्यक्रम, मोबाइल यूनिट, सीटी स्कैन, सहकारी दुग्ध समितियां, पेंशन योजनाएं, जल जीवन मिशन, राज्य वित्त 15 वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, अंत्येष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, राज्य योजना, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प, मध्यान्ह भोजन योजना, निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशुओं के टीकाकरण, शादी अनुदान योजना, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य उत्पादन, कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, सेतुओं का निर्माण, नई सड़कों के निर्माण, कन्या विवाह सहायता योजना, निर्माण कार्यों आदि की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिन विभागों की योजनाओं के बिंदुओं पर ए प्लस प्राप्त हुआ है, वह संबंधित बिंदुओं में प्रगति बनी रहे। साथ ही जो विभाग बॉटम पर हैं, वह संबंधित विभाग उन बिंदुओं पर फोकस करके प्रगति कराएं। उन्होंने कहा कि जिनके डेटा गलत हैं ,उनके सुधार कराए।

कहा कि ए प्लस सभी संबंधित अधिकारी की रहनी चाहिए। रैंकिंग में गिरावट नहीं आनी चाहिए। छात्रवृत्ति के संबंध में उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों की छात्रवृत्ति लंबित है, संबंधित प्रिंसिपल अपनी रिपोर्ट के साथ बैठक में आएं।

ओडीओपी के संबंध में उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि सभी बैंकों से बात कर निस्तारण कराएं। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने पोर्टल को चेक करते रहें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा भूपेश द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुभाष चंद्र, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण, उप निदेशक कृषि राजकुमार, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार,सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रवेश परीक्षा की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित ईट-भट्ठा यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा बैठक

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार द्वारा उदयन सभागार में अटल आवासीय विद्यालय प्रयागराज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा-6 एवं कक्षा-9 की प्रवेश परीक्षा की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित ईट-भट्ठा यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने ईट-भट्ठा यूनियन के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भट्ठे में कार्यरत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय में नामांकन कराने के लिए शत-प्रतिशत आवेदन फार्म भरवाकर प्रवेश दिलाया जाय। उन्होने कहा कि निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए यह एक सुनहरा अवसर हैं। बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा ईट-भट्ठा यूनियन के प्रतिनिधियों को अटल आवासीय विद्यालय योजना के अन्तर्गत आवेदन तैयार कराने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। उन्हांने बताया कि कक्षा-6 एवं कक्षा-09 में वर्तमान में ईट-भट्ठे में कार्यरत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के आवेदन कराने के लिए यूनियन के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया।

# रसायन मुक्त सब्जी उत्पादन के लिए घर में बनाएं पोषण वाटिका- प्रभाकर सिंह




**▶▶ विकास पथ सेवा संस्थान ने गांवों में पोषण वाटिका के महत्व पर किया जागरूकता कार्यक्रम**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - विकास पथ सेवा संस्थान द्वारा नई दुनिया एवं हरिजन बस्ती में स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता शिविर लगाकर फ्रूट जूस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और पोषण के महत्व को उजागर करना था।संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को %पोषण वाटिका% की अवधारणा से परिचित कराया। उन्होंने रसायन मुक्त सब्जी उगाने के तरीकों की जानकारी दी, जिससे न केवल लोगों का स्वास्थ्य बेहतर हो सके बल्कि पर्यावरण की भी रक्षा हो। उन्होंने बताया कि रसायन मुक्त खेती से न केवल मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, बल्कि उपज भी अधिक पौष्टिक होती है, जिससे सुंदर और स्वस्थ वातावरण का निर्माण होता है।इस अवसर पर सभासद समाजसेवी शंकर प्रसाद यादव ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीणों को इस पहल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देते हुए सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं और पुरुषों को फ्रूट जूस वितरित किया गया, जिससे वह काफी खुश दिखे। कार्यक्रम प्रभारी लवलेश सिंह ने बताया कि संस्थान का प्रयास ग्रामीणों के बीच स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। संस्थान आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा ताकि ग्रामीण समुदाय में सतत विकास को बढ़ावा दिया जा सके। रिसोर्स पर गांव की बुजुर्ग रामकिशोर वर्मा रामसेवक शारदा प्रसाद लक्ष्मी प्रसाद जगरूप फूलचंद कुशवाहा सुरेंद्र प्रजापति राकेश तिवारी फूलचंद नामदेव गोरेलाल तिवारी छेदीलाल रामपाल विश्राम आदि मौजूद रहे

# बुंदेलखंड पर्यटन विकास समिति कैलेंडर का हुआ विमोचन



**बांदा-** बुंदेलखंड पर्यटन विकास समिति द्वारा निर्मित कैलेंडर 2025 का गुरुवार को विकास भवन में भव्य विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री उमाशंकर पांडे और मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य उपस्थित रहे। इनके साथ जिला विकास अधिकारी, पर्यटन समिति के सदस्य श्याम निगम, निखिल सक्सेना, अभिषेक सिंह और हर्षित निगम की भी विशेष उपस्थिति रही।श्याम निगम ने समिति की ओर से सभी का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड पर्यटन विकास समिति हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पर्यटन कैलेंडर का प्रकाशन कर रही है, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर को उजागर करता है। इस वर्ष कैलेंडर का वितरण कार्यक्रम विशेष रूप से पद्मश्री उमाशंकर पांडे और मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य को प्रथम प्रति भेंट करके शुरू किया गया। बताया कि कैलेंडर के मुख्य पृष्ठ पर बुंदेलखंड को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किए गए पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार का गौरवपूर्ण चित्र प्रकाशित किया गया है। इस चित्र में पद्मश्री उमाशंकर पांडे और मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य को सम्मानित होते दिखाया गया है, जो जनपद के लिए गर्व का विषय है। रिटर्न कैलेंडर 2025 में बुंदेलखंड के प्रमुख पर्यटन स्थलों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। इनमें क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर, प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक स्थलों का समावेश है। साथ ही, उत्तर प्रदेश के प्रमुख त्योहारों और आयोजनों की तिथिवार जानकारी भी कैलेंडर में प्रदर्शित की गई है, जिससे यह क्षेत्रीय और सांस्कृतिक गतिविधियों का दस्तावेज बन गया है। सीडीओ ने कैलेंडर की विषयवस्तु और इसके वितरण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह कैलेंडर न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगा, बल्कि बुंदेलखंड की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को भी बढ़ावा देगा। पद्मश्री उमाशंकर पांडे ने समिति के प्रयासों की सराहना की।

# विद्यार्थी परिषद निकाल युवा संदेश यात्रा




**लोकमित्र ब्यूरो**

**टेवां, कौशाम्बी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशाम्बी जिले के सरसवां नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस, युवा पखवाड़े के अंतर्गत सरसवां नगर के कार्यकर्ताओं ने बैजनाथ अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज गंगापारी एवं नित्य सरस्वती ज्ञान मंदिर टेवा के विद्यार्थियों के साथ मिलकर युवा संदेश पदयात्रा निकाली पदयात्रा में स्वामी विवेकानंद जी का क्या संदेश सुंदर सुहाना भारत देश, भारत माता की जय के नारों के साथ कस्बों में भ्रमण किया।

नगर मंत्री वंश केशरवानी ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है ।जो ज्ञान शील एकता के मंत्र के साथ कार्य करता है। विद्यार्थी परिषद ने स्वामी विवेकानंद जी को ही अपना आदर्श माना है। नगर अध्यक्ष राहुल मिश्रा ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसको विद्यार्थी परिषद युवा पखवाड़े के रूप में मानती है यह कार्यक्रम 23 जनवरी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती तक चलने वाला है। हर विद्यार्थी को स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर चलना चाहिए ।इस दौरान जिला संगठन मंत्री अश्विनी सिंह ,नगर उपाध्यक्ष मणि शंकर केसरवानी ,महामाया महाविद्यालय के इकाई अध्यक्ष गौरव मिश्रा, नीरज यादव नगर सह मंत्री ,अनिल साहू नगर सह मंत्री, अक्षय पाल एसएफडी नगर संयोजक, शिवम मिश्रा खेलो भारत संयोजक, सहित भारी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# शहीद थाना प्रभारी की प्रतिमा का कराया गया जीर्णोद्धार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**पहाड़ी (चित्रकूट)** -शहीद थाना प्रभारी की मूर्ति का जीर्णोद्धार करा पुलिस अधीक्षक ने किया अनावरण दस्यूदलो से हुई मुठभेड़ में शहीद सब इंस्पेक्टर की मूर्ति का पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह ने जीर्णोद्धार कराकर अनावरण किया व भगवान शिव के मंदिर हेतु भूमि पूजन किया जानकारी के अनुसार सन 1985मे जब वर्तमान चित्रकूट उस समय बांदा जनपद में दस्युओं का आंतक चरम सीमा पर था उस समय के तत्कालीन थानाध्यक्ष पहाड़ी पीएन पांडेय पुलिस अधीक्षक बांदा आनंद बिहारी चतुर्वेदी के निर्देश पर दिनांक 28/2/1985को थाना पहाड़ी अन्तर्गत ओरा गांव निवासी दस्यु सरगना प्रकाश पाण्डेय को पकड़ने उसके गांव ओरा दल-बल के साथ गये थे जहां बदमाशों व पुलिस के बीच हुई गोलीबारी में थानाध्यक्ष पीएन पांडेय शहीद हो गए थे तब तत्कालीन थानाध्यक्ष पहाड़ी पीएस मलान द्वारा उनके स्मृति में उनकी मूर्ति बनवाकर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक बांदा आनंद बिहारी चतुर्वेदी उप पुलिस अधीक्षक प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव के द्वारा थाना पहाड़ी में लगवाई गई थी लेकिन तब से अब तक मूर्ति जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो गई थी पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन पर प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह ने एक बार फिर मूर्ति का सुन्दरी करण कराया व स्थान परिवर्तित कर पुनः स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह ने मूर्ति का अनावरण किया तथा भगवान शिव के मंदिर हेतु भूमि पूजन किया इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट चक्रपाणि त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी फहद अली शहीद थानाध्यक्ष प्रभु नाथ पांडेय की विटिया विशाखा पांडेय उनके पति प्रभारी निरीक्षक चकेरी कानपुर अशोक दुबे तथा शहीद थानाध्यक्ष की पत्नी निर्मला पांडेय प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज चौधरी प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप सिंह पटेल प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्ग विजय सिंह निरीक्षक शिवमूरत यादव थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण सिंह चौकी प्रभारी गनीवा यदुवीर सिंह

पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे

### *जीवन परिचय*

शहीद सब इंस्पेक्टर का जन्म सन् 1957मे ग्राम कोइरीपुर थाना बड़ागांव जिला वाराणसी में लक्ष्मीकांत पांडेय उर्फ चिक्कन पहलवान के घर हुआ था इनकी मां का नाम मिथिला पांडेय था सन् 1978मे सीधी भर्ती की परीक्षा उत्तीर्ण कर उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे 1985मे पहाड़ी थानाध्यक्ष के रुप में तैनात हुए 28/2/1985को मुखबिर द्वारा बदमाशों की सूचना पर तत्काल मय हमराह फोर्स के ओरा गांव में दविश दी जहां बदमाशों की गोलीबारी में शहीद हुए उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में थाना पहाड़ी में अपराध संख्या 18/1985धारा 147/148/149/302/307प्रकाश पाण्डेय प्रेमनारायण शिवनारायण पुत्रगण सुंदरलाल निवासी ओरा थाना पहाड़ी राजेन्द्र गोसाई पुत्र नत्थू गोसाई निवासी गोसाईपुर थाना राजापुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा गठित टीम ने राजेन्द्र गोसाई को 1985मे रैपुरा थाना अंतर्गत मुठभेड़ के दौरान मार गिराया जिस समय थानाध्यक्ष पहाड़ी शहीद हुए थे

उस समय उनके एक पुत्र अमित पांडेय जो उस समय महज चार वर्ष के थे व पुत्री विशाखा पांडेय की उम्र महज एक वर्ष थी इनका बड़ा पुत्र अमित पांडेय इस समय बरेली में प्रभारी निरीक्षक पद पर हैं व इनके पिता पुलिस में पुलिस उपाधीक्षक पद पर थे व अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान थे 1956मेलबर्न ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया व 1958मे कामन वेल्थ गेम्स में भारत के लिए सिल्वर पदक जीता था

## उद्घाटन मुकाबले में कर्वी की टीम को कैलहा ने हराया



**चित्रकूट** -सदर तहसील अंतर्गत पुरवा तरौहां गांव में मां कालिका देवी क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें संस्करण का उद्घाटन मुकाबला कर्वी और कैलहा टीम के बीच खेला गया । जिसमे कर्वी को 6 विकेट हराकर कैलहा की टीम ने उद्घाटन मैच जीत लिया। विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी ने फीता काट कर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जिसमें टॉस जीतकर कैलहा की टीम ने पहले फील्डिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए कर्वी की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 107 रनका स्कोर खड़ा किया।लक्ष्य का पीछा करते हुए कैलहा की टीम ने 13.2 ओवर में 4 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। कैलहा के छोटू ने 40 और संजय ने 36 रन का योगदान किया।इस मौके पर संरक्षक रामकरण त्रिपाठी, अंपायर ममतेश द्विवेदी, रोहित यादव स्कोरर सत्यनाराण, अनिल वर्मा व इब्रान और अनीश आदि मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन योजना का लाभ सबको दिलाने के लिए बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत विद्युत से सम्बन्धित समस्याओं, सीवरेज/रोड वाइटनिंग के तहत क्षतिग्रस्त किए जा रहे पाइपलाइनों एवं निर्बाध जलापूर्ति तथा अन्य समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में बैठक हुई। बैठक में रोड चौड़ीकरण के दौरान पीडब्ल्यूडी, आर.ई.डी. या ग्राम पंचायत के द्वारा सीवर लाइन डालने और अन्य विभागों के द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत बिछाई गई पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त न हो जिससे ग्रामों में पानी की जलापूर्ति बाधित ना हो और विद्युत विभाग से आने वाली समस्याओं के निस्तारण के लिए जैसे परियोजना के अंतर्गत बने गए टंकी पे सेपरेट फीडर इनस्टाल करवाने के लिए जिससे पानी की जलापूर्ति बाधित ना हो पाए साथ ही साथ विकास खंड राजगढ़ में चल रही परियोजना तालर ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत सभी स्ट्रक्चर पूरे होने के कारण तथा ग्रामों के कमिशनिंग के दौरान निरन्तर रूप से पानी की आपूर्ति से अवगत होने के लिए ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में एक बैठक की गई। बैठक के दौरान ग्रामों प्रधानों के द्वारा कुल 87 ग्रामों के सापेक्ष 52 ग्रामों में 80 से 100 प्रतिशत तक जलापूर्ति, 24 ग्रामो में 50 से 79 प्रतिशत जलापूर्ति 07 ग्रामों में 10 से 49 प्रतिशत जलापूर्ति तथा 04 ग्रामों में पानी की जलापूर्ति बाधित है। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि कुल परियोजना के अंतर्गत कम से कम 85 प्रतिशत तक ग्रामों में पानी की जलापूर्ति सुनिश्चित किए जाने के उपरांत ही आपरेशन मेंटेनेंस की प्रकिया शुरू करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम रोहित कुमार पुत्र सुख लाल ( **Rohit Kumar s/o sukh lal** ) है जो मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है जबकि त्रुटिवश मेरे आधारकार्ड संख्या 970158434993 में मेरा नाम अनुराग कुशवाहा ( **anurag kushwaha** ) अंकित हो गया है जो कि गलत है , अतः मुझे भविष्य में मुझे मेरे सही नाम रोहित कुमार के नाम से जाना पहचाना जाय ।

एतद द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है ।

रोहित कुमार पुत्र सुख लाल
निवासी- सैनी , पोस्ट-सैनी,
तहसील- सिराथू, जनपद-
कौशाम्बी

**किशोरी लाल महादेयी विधि महाविद्यालय पुरवा पटेवरा नैनी प्रयागराज**

**आवश्यकता है**

किशोरी लाल महादेयी विधि महाविद्यालय पुरवा पटेवरा नैनी प्रयागराज LLB 3 Years के सभी विषयों में एक–एक पद एवं BALLB 5 Years के विधि के समस्त विषयो के साथ। विषय– राजनीति विज्ञान, दर्शन शास्त्र, अंग्रेजी में एक–एक पद प्रवक्ता हेतु स्थान रिक्त है। प्रवक्ता योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी एक सप्ताह के अन्दर अपना बायोडाटा एवं समस्त मूल दस्तावेज के साथ महाविद्यालय में सम्पर्क करें।

प्रबन्धक
डॉ0 अजय कुमार
9125404570, 9451360758,
9335363031

**किशोरी लाल पी0जी0 कालेज नैनी प्रयागराज**

**आवश्यकता है**

किशोरी लाल पी0जी0 कालेज नैनी प्रयागराज में सहा0 आचार्य पद यू0जी0 व पी0जी0 के प्रत्येक विषयो में दो–दो पद।

1. कला संकाय (स्नातक) हेतु– हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, प्राचीन इतिहास, समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान, शिक्षा शास्त्र, अर्थ शास्त्र।
2. कला संकाय (परास्नातक) हेतु– हिन्दी, समाजशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, राजनीति शास्त्र, प्राचीन इतिहास।
3. विज्ञान संकाय (स्नातक) हेतु– गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।
4. विज्ञान संकाय (परास्नातक) हेतु– जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।
5. वंणिज्य संकाय (स्नातक) हेतु– बी0कॉम एवं BCA मे तीन–तीन पद पर प्रवक्ता की आवश्यकता है।

वेतन एवं योग्यता– यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार
नोट : इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक अभिलेखों एवं पांच फोटो के साथ एक सप्ताह के अन्दर महाविद्यालय में सम्पर्क करें।

प्रबन्धक
डॉ0 अजय कुमार
E-mail : kmv046@gmail.com
मो0 9125404570, 9451360758,
9335363031

# नो हेल्मेट नो पेट्रोल के निर्देश पर पंप स्वामी जिलाधिकारी से मिले



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** पेट्रोल पंप मालिकों का एक प्रतिनिधिमण्डल जिलाधिकारी से मिलकर शासन के नए निर्देश नो हेल्मेट नो पेट्रोल पर चर्चा की और इसे अव्यावहारिक बताया। इस सम्बन्ध में 2023 के उच्च न्यायालय के एक निर्णय का हवाला देते हुए पंप मालिकों ने कहा है कि पंप पर किसी ग्राहक को पेट्रोल देने से मना नहीं किया जा सकता।

इसी क्रम में जिलाधिकारी से आग्रह किया गया कि पंपों को इस निर्देश के अनुपालन हेतु बाध्य न करें क्योंकि ऐसा करने से ग्राहकों से विवाद होगा तथा कानून और व्यवस्था की भी स्थिति खड़ी हो सकती है। पंप मालिकों ने कहा कि निर्देश के पालन के लिए जन जागरूकता में सभी सहयोग करेंगे। दुर्गा प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को कुछ सुझावों के साथ ज्ञापन सौंपा और निर्देश के व्यावहारिक पक्ष को ध्यान में रखकर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल में राजीव मेहरोत्रा, कृतार्थ बंसल, हरिशंकर मोटवानी, ओम प्रकाश यादव सहित जिले भर के पेट्रोलियम डीलर मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा



**मीरजापुर।** एक महीने से अधिक समय से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को कटरा कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। घटना के अनुसार 29 दिसंबर को एक युवती ने कटरा कोतवाली में नामजद केस दर्ज कराया कि आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और गायब हो गया। वांछित धाराओं में मुक़दमा दर्ज कर पुलिस ने सम्भावित स्थानों पर छापे मारे किन्तु आरोपी नहीं मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक अजित सिंह ने पुलिस चौकी प्रभारी लालडिग्गी सुखबीर सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी अजहरुद्दीन निवासी जलालपुर मैदान अंतर्गत थाना चुनार को गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई पूर्ण कर जेल भेज दिया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# निर्धनों की आत्मा में होता है ईश्वर का वासः अरविंद श्रीवास्तव

## ठंड से बचाव के लिए कायस्थ महासभा द्वारा 251 निर्धनों को कंबल वितरित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** शहर के देवानंदपुर और अहिया रायपुर मोहल्ले में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के द्वारा जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर महासभा की महिला प्रदेश अध्यक्ष सीमा श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने कहा कि निर्धनों की आत्मा में ईश्वर का वास होता है और हर व्यक्ति को अपने आस पास के जरूरतमंदों की मदद अवश्य करनी चाहिए।

कंबल वितरण कार्यक्रम का संचालन युवा जिला अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, एडवोकेट के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए 251 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।

कंबल वितरण समारोह में महासभा की महिला जिला अध्यक्ष मीता श्रीवास्तव, मुख्य संरक्षक नागेंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रवींद्र नाथ हरी, स्नेहा श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, देवेन्द्र श्रीवास्तव, अपर्णा वर्मा, रीता श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, पिंटू श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव का कम्बल वितरण में विशेष योगदान रहा, कार्यक्रम अधिकारी गोपाल श्रीवास्तव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एसपी के आदेश पर चार लोगों पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज

**सलोन,रायबरेली।** प्रदेश सरकार ने अपराध पर अंकुश लगाने और पीड़ितों की शिकायतों पर तत्काल एक्शन लेने का आदेश तो दे रखा है लेकिन करहिया चौकी पर शासनादेश का मखौल उड़ाया जाता है।मनबढो के हमले में घायल महिला जब इंसाफ के लिए करहिया चौकी पहुँची तो उसकी फरियाद को अनसुना कर दिया गया। थकहार कर महिला ने एसपी के चौखट पर न्याय की गुहार लगाई।अधिकारी द्वारा पीड़िता को न्याय दिलाने का भरोसा दिया।इसके बाद एसपी की फटकार पर सलोन थाने में चार लोगों के विरुद्ध जानलेवा हमले की एफआईआर दर्ज की गई।जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी कन्चन देवी पत्नी रमेशचन्द्र ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि दिनांक 28 दिसम्बर को लगभग शाम के 5 बजे की है। विपक्षीगण कमलेश पुत्र पंचम, शिवकुमार, राधारमण पुत्रगण सुन्दरलाल नि0 ग्राम उपरोक्त व संदीप, रमन पुत्र उमाशंकर वर्मा निवासी साहब गंज बाजार तथा सूरज और दीपक पुत्रगण राममनोहर पाण्डेय निवासी ग्राम जयरामपुर पाण्डेय करहिया बाजार ने एक लोहे की राड, अवैध तमन्चा व कुल्हाड़ी से लैस होकर उसके घर आये।आरोप है कि इस दौरान मनबढ गालिया देने लगे। मना करने पर महिला कंचन देवी को मारने के लिए दौड़ा लिया।इसी बीच महिला की सास शिवरानी भाग कर अपने घर के अन्दर चली गयी।जिसके बाद मनबढो ने जान से मारने की नियत से घर में घुसकर महिला की सास के सिर पर लोहे की राड़ से हमला कर घायल कर दिया।जिसके बाद वृद्ध महिला लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी।पीड़ित महिला का आरोप है घटना को अंजाम देने के बाद विपक्षी द्वार धमकी दी गई कि थाने चौकी पर तेरा सुनने वाला कोई नही है।पीड़िता ने एसपी को बताया कि घटना के बाद पुलिस से एफआईआर और मेडिकल कराने की गुहार लगाती रही लेकिन उनकी फरियाद किसी पुलिस कर्मी ने नही सुनी।करहिया चौकी इंचार्ज मनोज कुमार यादव का कहना है कि चौकी पर कोई नही आया था।जाकर पूछिये कब वो महिला चौकी पर आई थी।मैंने तो आजतक उस महिला का चेहरा भी नही देखा है। कुछ दिन पहले दोनों पक्ष में विवाद हुआ था।कोतवाल साहब के निर्देश पर जांच के निर्देश मिले थे।इससे पहले की वो महिला कप्तान के यहां पेश हो गई।मुकदमा तो 307 का लिखाई है।जांच करने पर पता चलेगा कि जनलेवा हमला है कि नही।

# एडीएम (प्रशासन) की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य को सुरक्षित एवं मानक के अनुरूप खाद्य पदार्थों तथा गुणवत्तापरक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगत असुरक्षित एवं अधोमानक खाद्य पदार्थों तथा नकली व अधोमानक दवाओं की रोकथाम सम्बन्धी समस्त आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये। निरीक्षण व छापे में वृद्धि की जाए, और ज्यादा से ज्यादा नमूने जांच हेतु संग्रहित किए जाए। निरीक्षण व छापे मारते समय विशेष सावधानी बरती जाए। प्रमुख पर्व व त्योहारों में नमूने संग्रहण करने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्य पदार्थों एवं औषधियों में मिलावट और अधोमानकता के प्रति जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की जानकारी दिये जाने हेतु महत्वपूर्ण सूचना एवं तथ्यों को प्रचारित एवं प्रसारित किया जाए, जिससे लोग जागरूक होकर उसका लाभ उठा सके। बैठक में जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, सहायक आयुक्त खाद्य चेतराम प्रजापति सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# चेयरमैन सरिता दीपेन्द्र गुप्ता ने किया बरदाही मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** दशकों से दुर्दशाग्रस्त बरदाही मार्ग के दिन बहुरने वाले हैं।चेयरमैन सरिता दीपेन्द्र गुप्ता ने विधि विधान से भूमिपूजन और प्रतीकात्मक फावड़ा चलाकर निर्माण कार्य का श्री गणेश कर नगर के लोगों को एक सौगात प्रदान की है।उन्होंने बताया कि बरदाही वासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने वाली है।चेयरमैन सरिता दीपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि बरदाही मार्ग लम्बे समय से बहुत खराब है।लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।उन्होंने बताया कि मार्ग की लम्बाई लगभग 900 मीटर है जिसके निर्माण के लिए बड़ी धनराशि की आवश्यकता है। लेकिन जनता की परेशानी को देखते हुए नगर पंचायत ने अपने उपलब्ध संसाधनों और धन का उपयोग करते हुए टुकड़ों में मार्ग का निर्माण करवाने की पहल की है। चेयरमैन सरिता दीपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण में लगभग चालीस लाख रुपये की लागत से 200 मीटर सीसी रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया गया है। पंडित ओमप्रकाश मिश्रा ने धार्मिक रीति रिवाज से भूमि पूजन सम्पन्न करवाया। बरदाही मार्ग के निवासियों ने मुक्त कंठ से चेयरमैन सरिता दीपेन्द्र गुप्ता की प्रशंसा की। वास्तव में बरसात के दिनों में तो बरदाही मार्ग से निकलना बहुत ही कठिन हो जाता है। वर्तमान अध्यक्ष ने सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराकर एक बहुत ही सराहनीय कार्य किया है।इस मौके पर नगर पंचायत स्वच्छता मिशन के ब्रांड एंबेसडर दीपेन्द्र गुप्ता, सभासद सीमा धानुक, पूर्व सभासद गब्बर, मंजरुल हसन, जीतू सिंह, मो. जाहिद, कुलदीप सेठ, नीरज धानुक, प्रमोद धानुक लोग मौजूद रहे।

# अग्निवीर वायु इनटेक की भर्ती के लिए करें आवेदन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** कमान अधिकारी विंग कमांडर ए गुणशेकर ने बताया है कि उत्तर प्रदेश में वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु (महिला एवं पुरुष) की भर्ती करने के लिए अधिकृत एकमात्र चयन केन्द्र है। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य प्रति वर्ष बड़ी से बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं को वायु सेना में भर्ती हेतु प्रोत्साहित करना एवं भर्ती करना है। इस योजना के तहत भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न की जाती है।प्रथम चरण अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन लिखित परीक्षा का आयोजन प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया जाता है। द्वितीय चरण अभ्यर्थियों की शारीरिक एवं अनुकूलता परीक्षण इस चयन केन्द्र में संपन्न किया जाता है। तृतीय चरण उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को चिकित्सा परीक्षण हेतु निर्धारित चयन केंद्र में उपस्थित होना होता है। चिकित्सा परीक्षण भारतीय वायु सेना चिकित्सा टीम द्वारा वायु सेना के चिकित्सा मानकों और प्रचलित नीति के अनुसार किया जाता है। तृतीय चरण में सफल अभ्यर्थियों को अग्निवीर वायु के रूप में भारतीय वायु सेना में नामांकित किया जाता है, जिसके पश्चात उन्हें प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण केन्द्र में भेज दिया जाता है। भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 27 जनवरी 2025 तक नियत है। पंजीकरण एवं अधिसूचना का लिंक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस भर्ती में 01 जनवरी 2005 और 01 जुलाई 2008 (दोनों तिथियाँ सम्मिलित) के बीच जन्में पात्र अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन करने हेतु योग्य हैं। भर्ती प्रक्रिया की प्रथम चरण की ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन 22 मार्च 2025 से नियत है।

# चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्र शेखर मेमोरियल पब्लिक इन्टर कॉलेज लालगंज में शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित हुई। इसमें अभिभावकों ने बच्चों के स्कूल से जुड़ी गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक स्थिति से अवगत कराया। पहले चरण में हाई स्कूल व इन्टर के प्री बोर्ड परीक्षा मे बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियो के अभिभावकों को बुलाया गया।आयोजित बैठक में लगभग एक सौ अभिभावकों ने भाग लिया। अभिभावकों से बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियो को तनाव मुक्त रखने एवं अच्छी तैयारियों के लिए प्रेरित करने के लिए संवाद हुआ। साथ ही विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति स्कूल में सुनिश्चित करने पर बात हुई। कमजोर विद्यार्थियों के अभिभावकों से अलग से गहन चर्चा की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षकों और अभिभावकों के बीच समन्वय होना बहुत जरूरी है !दोनों की मेहनत और सामंजस्य से ही बच्चे सफलता प्राप्त करते हैं।अभिभावक केवल अपने बच्चे का विद्यालय में प्रवेश कराकर अपने दायित्व की इतिश्री न समझे बल्कि अपने बच्चे की हर गतिविधि पर नजर रखते हुए उन्हें पर्याप्त समय दे।श्री शुक्ला ने बताया कि हाई स्कूल व इन्टरमीडियट के प्रत्येक विद्यार्थी के अभिभावक से बैठक की जाएगी। वही विद्यालय के व्यवस्थापक दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव कटिबद्ध रहता है।आए हुए अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षण प्रक्रिया, अध्यापकों की ब्यवहार कुशलता व विद्यार्थियों के ब्यक्ततित्व विकास के लिये किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद रहे।

# 18 जनवरी को पोर्टल पर कृषि यंत्रों की बुकिंग करने वाले किसानों को ई-लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा चयन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने बताया है कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं समस्त यंत्रीकरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि यंत्रों के वितरण से सम्बन्धित कृषकों के चयन हेतु जिलाधिकारी महोदया रायबरेली की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्यों की उपस्थित में 18 जनवरी 2025 को कृषि भवन सभागार, रायबरेली में अपरान्ह 1:00 बजे से ई-लॉटरी का आयोजन किया गया, जिसमें पोर्टल पर ऑन लाइन बुकिंग करने वाले जनपद के कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। कृषि यंत्रीकरण योजनान्तर्गत समस्त यंत्रों यथा-रोटावेटर, कल्टीवेटर, थ्रेसर, लेजर लैण्ड लेवलर, चारा काटने की मशीन, स्माल गोदाम, थ्रेसिंग फ्लोर, कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना इत्यादि हेतु ई-लॉटरी के माध्यम से कृषकों का चयन किया जायेगा। 06 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2024 तक कृषि विभाग के पोर्टल पर कृषि यंत्रों की बुकिंग करने वाले किसानों को ई-लॉटरी के माध्यम से पारदर्शी तरीके से चयन किया जायेगा। उन्होंने कृषि विभाग के पोर्टल पर बुकिंग कर करने वाले समस्त किसानों को सूचित किया जाता है कि वे 18 जनवरी 2025 को कृषि भवन, रायबरेली में अपरान्ह 01:00 बजे ई-लॉटरी के समय उपस्थित रहें हैं।

# खाटूश्याम पदयात्रियों को खिलाई मिठाई, तिलक लगाकर किया रवाना



**लोकमित्र ब्यूरो**
**तिंदवारी।** कस्बे से चलकर खाटू श्याम मंदिर राजस्थान पैदल यात्रा करने वाले श्याम भक्तों को रोली चंदन से तिलक कर कस्बे वासियों ने भव्य विदाई दी। कस्बे के संतोषी नगर निवासी प्रमोद कुशवाहा तथा गोविंद कुशवाहा द्वारा गुरुवार को सुबह 11 बजे संतोषी माता मंदिर परिसर से राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर तक की पैदल यात्रा शुरू करने पर हारे का सहारा श्याम हमारा तथा जय श्री खाटू श्याम के जयघोष के बीच कस्बेवासियों द्वारा दोनों श्याम दीवानों का तिलक कर भव्य विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रमोद तथा गोविंद के परिजनों की उपस्थिति में श्रद्धालु महिलाओं ने भगवान श्याम के भक्तिमय गीतों में नृत्य करते हुए श्री श्याम का जयघोष किया। वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद स्वरूप द्विवेदी ने खाटू श्याम मंदिर राजस्थान की पैदल यात्रा पर जाने वाले दोनों श्याम भक्तों का सर्वप्रथम तिलक कर मुंह मीठा करा कर मंगलमय यात्रा की कामना के साथ विदाई दी। श्री द्विवेदी ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि पैदल निशान यात्रा करके श्याम बाबा को निशान चढ़ाने से बाबा शीघ्र ही प्रसन्न होते हैं और भक्त की मनोकामना को पूर्ण करते हैं। सनातन संस्कृति में ध्वज को विजय का प्रतीक माना जाता है। श्याम बाबा के महाबलिदान शीश दान के लिए उन्हें निशान चढ़ाया जाता है। जिसमे उन्होंने धर्म की जीत के लिए दान में अपना शीश ही भगवान श्री कृष्ण को दे दिया। इसके बाद डी जे तथा ढोल बाजों की धुन के साथ आगे बढ़ी जहां नगर वासियों ने जगह जगह स्वागत कर विदाई दी। इस अवसर पर बाबूलाल कुशवाहा, विद्यासागर तिवारी, रामबाबू सोनी, लालमन सोनी, अमन गुप्ता, गोविंद तिवारी, शिवम द्विवेदी, अथर्व गुप्ता, पुष्पेंद्र गुप्ता, केशव कुशवाहा, अनीता द्विवेदी, किरण सोनी, शालिनी द्विवेदी, शिवानी द्विवेदी, प्रियंका राजपूत आदि मौजूद रहे।

# गोशाला में गोवंशों को खिलाया गया खिचड़ी और गुड़



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बांदा।** मकर संक्रांति के मौके पर आम लोगों ने जहां खिचड़ी खाकर पर्व मनाया। वहीं पैलानी तहसील अंतर्गत खप्टिहाकला स्थित गोशाला में ग्राम विकास फाउंडेशन के तत्वाधान में गुड, खिचड़ी, का बृहद कार्यक्रम किया गया। इस दौरान गोवंशों को गुड़ और खिचड़ी खिलाई गई। स्वामी लालता नन्द सरस्वती जी ने कहा कि इस गौशाला की उत्तम व्यवस्थाएं हैं। सभी को सीख लेने की आवश्यकता है। इसी क्रम में हिंदू गौरक्षा महासंघ के अध्यक्ष महेश प्रजापति ने कहा कि यही एक मात्र ऐसी गौशाला है, जहां पर पर्याप्त मात्रा में भूसा, चुनी, साइलेज, पर्याप्त मात्रा में दिया जा रहा है। तहसील अध्यक्ष पवन द्विवेदी ने कहा कि सफाई की व्यवस्था अच्छी है, चूनायुक्त पानी पिलाया जा रहा, जिससे बीमारियों से बचाव मिल रहा है। सभी गौवंश स्वस्थ है, डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने सभी लोगों से अपील की है कि ऐसे पुनीत कार्यों में सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर जीतू सिंह राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में राजू शर्मा, अनूप सिंह, दिव्यांश त्रिपाठी, महेश सिंह, रामनरेश यादव, रामचंद्र पाल, रामबाबू वर्मा राजकुमार शर्मा आदि का सहयोग रहा। लोगों ने इस कार्य की सराहना की।

# समीक्षा बैठक से गैरहाजिर सचिवों से मांगा जवाब

**नरैनी।** प्रधानमंत्री आवास सर्वे की समीक्षा एवं अन्य शासकीय कार्यों की बैठक में सचिवों के अनुपस्थित होने पर नोटिस देकर तीन दिवस के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब न देने पर एक दिन के वेतन रोकने की कार्यवाही की जायेगी। खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि फैमिली आईडी एक परिवार एक पहचान, प्रधानमंत्री आवास सर्वे की समीक्षा व अन्य शासकीय कार्यों की बैठक सुनिश्चित की गई थी, जिसमें ग्राम सचिव रितिक रोशन, सुरेश कुमार, राजेश कुमार, केपी सिंह, त्रिवेणी प्रसाद, सुरेश कुमार, महेश कुमार, शशि प्रकाश, विनय कुमार, विन्ध्वासिनी सिंह, पूनम त्रिपाठी, सचिन प्रताप बैठक में अनुपस्थित होने पर ग्राम पंचायतों की समीक्षा नहीं हो सकी।

# लेखपाल ने सीएचसी समेत कई स्थानों पर जलवाए अलाव



**लोकमित्र ब्यूरो**
**जसपुरा।** कड़ाके की सर्दी में जहां ठिठुरते मुसाफिरों और तीमारदारों के लिए ठंड से बचने के उपाय कम पड़ रहे हैं, वहीं कस्बा जसपुरा तिराहा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेखपाल शिवनरेश जसपुरा ने एक अनोखी पहल की है। उन्होंने कस्बा जसपुरा में अलाव दो जगह जलवाकर लोगों को ठंड से राहत देने का नेक कार्य किया है। अलाव के आसपास बैठकर ठंड से राहत पाने वालों में डगरोही, मुसाफिर और अस्पताल में आए तीमारदार शामिल हैं। अलाव की गर्मी में सुकून पाते हुए भूरेलाल सिंह और दुष्यंत सिंह ,डॉ. देवपाल सिंह ने बताया, ÷लेखपाल साहब की इस पहल से हमें बड़ी राहत मिली है। कड़ाके की ठंड में इस तरह की व्यवस्था हर जगह होनी चाहिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर जलता यह अलाव न केवल जरूरतमंदों को गर्मी का एहसास दे रहा है, बल्कि आपसी मेलजोल और संवाद का भी केंद्र बन गया है। स्थानीय लोगों ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि अगर अन्य स्थानों पर भी इस तरह की पहल हो, तो ठंड के कहर से गरीब और बेसहारा लोगों को काफी राहत मिलेगी। लेखपाल शिवनरेश ने कहा, ÷यह हमारा कर्तव्य है कि सर्दी में किसी को परेशानी न हो। यह अलाव जरूरतमंदों के लिए जलाया गया है और आगे भी इसे जारी रखने की कोशिश करेंगे। इस छोटी सी पहल ने जसपुरा के लोगों के दिलों में बड़ी जगह बना ली है।

# सदस्यता अभियान में अब तक एक हजार लोग जुड़े उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल से



**लालगंज रायबरेली।** नए वर्ष में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिदिन मंडल के द्वारा लालगंज नगर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। अब तक लगभग एक हजार व्यापारी संगठन से जुड़ चुकेहैं। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा सोनी के नेतृत्व में पदाधिकारी की टोली सदस्यता अभियान में जुटी हुईहै। अलग-अलग टोली बनाकर व्यापार मंडल के लोग लालगंज के व्यापारियों को सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं और प्रमाण पत्र वितरित कर रहेहैं। लोगों में उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की सदस्यता लेने में बड़े उत्सुकता दिखाई पड़ी। बृज पुस्तक भंडार के प्रोपराइटर अविनाश सिंह ने बताया कि व्यापार मंडल सदैव व्यापारियों की सहायता के लिए अग्रसर रहताहै। इस मौके पर कौशलेंद्रकंचन,शिवम गुप्ता,अमित गुप्ता, प्रतीक शर्मा, पुष्कर गुप्ता ,महेश आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 25 जनवरी को आयोजित होगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस


**बांदा।** एडीएम राजेश कुमार ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 25 जनवरी को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन होगा। राजा देवी डिग्री कॉलेज नरैनी रोड में आयोजित होने वाले इस समारोह की अध्यक्षता जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी नगेंद्र प्रताप करेंगे। इस वर्ष की एनवीडी की थीम प्रजातांत्रिक मूल्यों के उत्प्रेरण के लिए वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम, के विषय पर विभिन्न गतिविधियां यथा निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता, ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जायेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए संदेश का ऑडियो और वीडियो भी प्रसारित किया जाएगा। ताकि उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को मतदाता शपथ दिलायी जायेगी।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख जयशंकर सिंह ने जरूरतमंदो को बाटे कंबल



**लालगंज रायबरेली।** कड़ाके की पड़ रही ठंड को देखते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख जयशंकर सिंह ने पत्नी श्रीमती उपासना सिंह के साथ पांच सैकड़ा से अधिक जरूरतमंदो को कंबल वितरित किए हैं। कस्बे के घोसियाना मुहल्ले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी 15 वार्डो के एक सैकड़ा से अधिक जरूरमंदो को कंबल वितरित किए। पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रीसिंह की पत्नी उपासना सिंह व पुत्री जयश्री सिंह ने कंबल वितरण में सहयोग करते हुए सभी आगतों को सहभोज भी कराया।इस मौके पर सभासद खुर्शीद अहमद, अतुल शर्मा, राकेश कुमार, दीपक मिश्रा, कृष्णावती,पप्पू आदि मौजूद रहे। इसके अलांवा श्रीसिंह ने मल्केगांव, तेजगांव, खजुरगांव आदि में भी निराश्रितों, असहायों व निर्धनों को कंबल वितरित किए हैं। पूर्व ब्लाक प्रमुख के द्वारा कंबल वितरण लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि गरीब की सेवा करना ही उनका धर्म है। कंबल वितरण कार्यक्रम का संचालन पूर्व सभासद अतुल त्रिपाठी के द्वारा कियागया।इस मौके पर समाजसेवी उपासना सिंह ने कहा कि दरिद्रनारायण से बड़ी कोई सेवा नही होती है।सभी सक्षम लोगों को जरूरतमंदो की यथासंभव मदद करनी चाहिए।

# प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वैश्विक स्टार्टअप हब में बदलने के लिए स्टार्टअप इंडिया की सराहना की




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को स्टार्टअप इंडिया पहल की नौवीं वर्षगांठ पर कहा कि यह एक ऐतिहासिक पहल है, जिसने नवाचार, उद्यमिता और विकास को फिर से परिभाषित किया है। उन्होंने युवाओं से स्टार्टअप को बढ़ाने का आग्रह किया और आश्वासन दिया कि आप निराश नहीं होंगे।मोदी ने भारतीय स्टार्टअप्स के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाप छोड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि भारत की युवा शक्ति की ताकत और कौशल पर गर्व है, जिसने भारत को स्टार्टअप्स के लिए सबसे आकर्षक स्थानों में से एक बना दिया है।प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि आज हम स्टार्टअप इंडिया के 9 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, यह एक ऐतिहासिक पहल है, जिसने नवाचार, उद्यमिता और विकास को फिर से परिभाषित किया है। यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि यह युवा सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने का एक शक्तिशाली तरीका बनकर उभरा है। पिछले नौ वर्षों में, इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम ने अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है, उनके अभिनव विचारों को सफल स्टार्टअप में बदल दिया है।

उन्होंने कहा कि जहां तक सरकार का सवाल है, हमने स्टार्टअप की संस्कृति को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हमारी नीतियों ने 'कारोबार में आसानी', संसाधनों तक अधिक पहुंच और सबसे महत्वपूर्ण बात, हर मोड़ पर उनका समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया है। हम सक्रिय रूप से नवाचार और इनक्यूबेशन केंद्रों को बढ़ावा दे रहे हैं ताकि हमारे युवा जोखिम उठाने वाले बनें। मैं व्यक्तिगत रूप से उभरते स्टार्टअप के साथ नियमित रूप से बातचीत करता रहा हूं।प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया की यह सफलता दर्शाती है कि आज का भारत गतिशील, आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए तैयार है। इस यात्रा को चिह्नित करते हुए, हम एक उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जो हर सपने को पूरा करता है और आत्मनिर्भर भारत में योगदान देता है। मैं स्टार्टअप की दुनिया के हर युवा को बधाई देता हूं और अधिक से अधिक युवाओं से इसे आगे बढ़ाने का आग्रह करता हूं। यह मेरा आश्वासन है कि आप निराश नहीं होंगे।उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने 16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य नवाचार को प्रोत्साहन देना और देश भर में स्टार्टअप की प्रगति को उत्प्रेरित करना है। 15 जनवरी, 2025 तक उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) की ओर से मान्यता प्राप्त 1.59 लाख से अधिक स्टार्टअप के साथ, भारत ने स्वयं को दुनिया के तीसरे-सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में मजबूती से स्थापित किया है।

100 से अधिक यूनिकॉर्न की ओर से संचालित यह जीवंत इकोसिस्टम, वैश्विक मंच पर नवाचार और उद्यमशीलता को लगातार परिभाषित करता है। बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर जैसे प्रमुख केंद्रों ने इस परिवर्तन का नेतृत्व किया है, जबकि छोटे शहरों ने देश की उद्यमशीलता की गति में तेजी से योगदान दिया है।फिनटेक, एडटेक, हेल्थ-टेक और ई-कॉमर्स में स्टार्टअप ने स्थानीय चुनौतियों का सामना किया है और वैश्विक मान्यता हासिल की है। जोमैटो, नाइका और ओला जैसी कंपनियां भारत के नौकरी चाहने वालों से नौकरी देने वालों की ओर परिवर्तन को दर्शाती हैं, जिससे आर्थिक प्रगति हो रही है।

## इंडोनेशिया के राष्ट्रपति दो दिवसीय राजकीय दौरे पर आयेंगे भारत, गणतंत्र दिवस में होंगे शामिल



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो 25-26 जनवरी के दौरान भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। राष्ट्रपति प्रबोवो भारत के 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।विदेश मंत्रालय की ओर से आज दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति प्रबोवो की आगामी राजकीय यात्रा नेताओं को द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगी।अक्टूबर 2024 में पदभार ग्रहण करने के बाद राष्ट्रपति के रूप में प्रबोवो सुबिआंतो की यह पहली भारत यात्रा होगी। साथ ही 75 वर्षों बाद एक बार फिर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे।

# पांच लाख के इनामी नक्सली कमाण्डर ने किया आत्मसमर्पण



**कोंड़ागांव, (हि.स.)।** छत्तीसगढ़. के कोंड़ागांव में टेक्निकल टीम एरिया कमेटी कमाण्डर के रूप में नक्सली संगठन में सक्रिय पांच लाख के इनामी नक्सली कमाण्डर गिंजरू राम उसेण्डी ने गुरुवार को आत्मसर्पण किया है।इसी क्रम में आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोंड़ागांव में जिला कोणडागांव, कांकेर, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा व बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय एवं उत्तर बस्तर डिविजन अंतर्गत टेक्निकल टीम एरिया कमेटी कमाण्डर के रूप में काम कर रहे 45 वर्ष नक्सली संगठन में सक्रिय पांच लाख इनामी नक्सली कमाण्डर गिंजरू राम उसेण्डी उर्फ कमलदास उसेण्डी निवासी ग्राम राये थाना आमाबेड़ा, जिला कांकेर ने कोंड़ागांव एसपी वाय अक्षय कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उसे प्रोत्साहन राशि 25 हजार रुपये प्रदाय किया गया। इसके अतिरिक्त शासन की पुनर्वास नीति के तहत अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।राज्य में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत समय-समय पर सुरक्षा बल नक्सल प्रभावित ग्रामों में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रदाय सुविधाओं के लाभ की जानकारी बैनर/पोस्ट/पाम्पलेट आदि के माध्यम से अवगत कराते रहते हैं। इसके परिणाम स्वरूप बड़ी संख्या में नक्सली स्वयं आगे बढ़कर शासन के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लेने को आत्मसमर्पण कर रहे हैं।पुलिस के अनुसार आत्मसमर्पित उत्तर बस्तर डिविजन अंतर्गत टेक्निकल टीम एरिया कमेटी कमाण्डर गिंजरू राम उसेण्डी उर्फ कमलदास उसेण्डी नक्सली संगठन के विभिन्न पद काम किया। वह सन् 1998 से 2001 तक जनमिलिशिया सदस्य के पद पर रहा। सन् 2005 से 2007 तक किसकोडो दलम सदस्य रहा। सन् 2008 से 2011 तक बुधयारमारी एलओएस कमाण्डर के पद पर रहा। सन् 2011 से 2016 तक पूर्वी बस्तर डिविजन टेक्निकल विभाग में कार्य किया। सन् 2016 से 2024 तक उत्तर बस्तर डिविजन अंतर्गत टेक्निकल टीम एरिया कमेटी कमाण्डर के रूप में कार्य किया है।र्ष 2001 में थाना नारायणपुर अंतर्गत ग्राम गुरिया आस-पास पुलिस बल के ऊपर फायरिंग में घटना में शामिल रहा। यही नहीं वह वर्ष 2001 में रेकी करते हुए नारायणपुर पुलिस द्वारा देशी कट्टा व चाकू के साथ गिरफ्तार किया था। वर्ष 2012 में कैम्प उदानपुर थाना कोयलीबेड़ा जिला कांकेर बीएसएफ कैम्प हमले में शामिल रहा। वर्ष 2013 में कैम्प राणापाल थाना मर्दापाल जिला कोण्डागांव सीआरपीएफ कैम्प हमले में शामिल रहा।इसके साथ ही जिला कोण्डागांव, कांकेर, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा व बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न मुठभेड़ों में शामिल रहा है। वह भरमार बंदूक बनाने व हेण्ड ग्रेनेड बनाने, देशी लांचर बनाने के साथ-साथ अन्य हथियारों का रिपेरिंग का कार्य करने में विशेष माहरत है।

# छत्तीसगढ़ के बीजापुर में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के दो जवान घायल



**बीजापुर,(हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना के अंतर्गत पुतकेल के जंगल में गुरुवार सुबह हुए प्रेशर आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के दो जवान मिर्दुल बर्मन और मोहम्मद आशिक गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। जवान मिर्दुल के बाएं पैर में गंभीर चोट आई है वहीं मोहम्मद आशिक के चेहरे में चोट आई है। लेकिन राहत की बात है कि दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है।पुलिस के अनुसार कैम्प पुतकेल से सीआरपीएफ 229 और कोबरा की संयुक्त टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। इसी दौरान कोबरा 206 बटालियन के 2 जवान नक्सलियों के लगाये गये प्रेशर अईईडी के विस्फोट होने से घायल हो गए। घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर भेजा गया है, जहां देवेंद्र नगर स्थित एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है।बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित इलाकों में वर्ष 2025 शुरू होते ही नक्सलियों के लगाये गये आईईडी विस्फोट की वारदत लगातार सामने आ रही हैं। 13 जनवरी को सुकमा में एक 10 साल की बच्ची आईईडी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इससे पहले 11 जनवरी को बीजापुर में एरिया डॉमिनेशन पर निकले जवान का पैर आईईडी पर पड़ गया, जिससे एक जवान गंभीर घायल हो गया, जिसे एयर एंबुलेंस से जवान को रायपुर उपचार के लिए भेजा गया था।वर्ष 2025 में बस्तर संभाग में आईईडी विस्फोट एवं आईईडी बरामद होने की घटनाओं की श्रृखला में-1 जनवरी को सुरक्षा कर्मियों ने बीजापुर जिले के विभिन्न स्थानों से नक्सलियों के लगाए गए 10 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किए। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 168वीं बटालियन की एक टीम और पुलिस ने रोड ओपनिंग पार्टी (आरओपी) अभ्यास के दौरान बासागुड़ा पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत तिमापुर में एक मंदिर के पास सड़क के नीचे रखे गए आठ आईईडी बरामद किए, जिनमें से प्रत्येक का वजन 1 किलोग्राम था। 6 जनवरी को बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक वाहन को आईईडी विस्फोटक कर उड़ा दिया

## कोलकाता और हावड़ा में छह हजार करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में ईडी की छापेमारी

**कोलकाता, (हि.स.)** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छह हजार करोड़ रुपये के बैंक घोटाले के सिलसिले में गुरुवार को कोलकाता और हावड़ा में तीन अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी एक व्यवसायी के आवास और कार्यालयों पर की गई। अधिकारियों के अनुसार, जांच के दौरान कई शेल कंपनियों और एजेंसियों का पता चला, जो कथित तौर पर इस अपराध में शामिल थीं।ईडी के एक अधिकारी ने बताया, ÷इस मामले की जांच करते हुए हमने पाया कि कई शेल कंपनियां और एजेंसियां अपराध में लिप्त थीं। इनमें से एक एजेंसी के निदेशक के ठिकानों पर हम छापेमारी कर रहे हैं, ताकि घोटाले से जुड़े पैसे की हेराफेरी के तरीकों और अन्य कड़ियों का पता लगाया जा सके।

# नमो भारत प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली से मेरठ तक जल संचयन की बड़ी योजना

**▶▶66 लाख लीटर वर्षा जल संग्रहण**



**गाजियाबाद, (हि.स.)।** वर्षा जल संचयन के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यातायात निगम (एनसीआरटीसी) गंभीरता से लेते हुए दुहाई स्थित डिपो में वर्षा जल संचयन के लिए दो तालाब बनाये हैं। इन तालाबों में 66 लाख लीटर से अधिक वर्षा जल संग्रहित किया जा सकेगा। इनमें 20 वर्षा जल संचयन पिट्स भी बनाये गए हैं। वर्षा जल संचयन पिट्स से बचने वाला अतिरिक्त जल इन तालाबों में जाकर एकत्रित होगा और उसके बाद भू-गर्भ में समा जाएगा।इस बड़ी परियोजना के बारे में एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि दुहाई डिपो में नमो भारत प्रोजेक्ट के तहत बनाए गए इन तालाबों का आकार क्रमशः 1160 स्क्वायर मीटर और 663 स्क्वायर मीटर है। इन तालाबों को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि डिपो में फैलने वाला वर्षा जल यहां बनाए गए ड्रेनेज सिस्टम के ज़रिए सीधा तालाबों तक पहुँच जाएगा। इन तालाबों की गहराई 4 से 5 मीटर है और इनके तलों में वर्षा जल संचयन पिट्स बनाए गए हैं, ताकि इनमें एकत्रित होने वाला वर्षा जल भू-गर्भ तक पहुँच सके। एक तालाब में 4 और दूसरे में 3 वृत्ताकार वर्षा जल संचयन पिट्स बनाए गए हैं। जिनकी गहराई 1.2 मीटर और व्यास 2.5 मीटर है। इन पिट्स में वर्षा जल को साफ करने के लिए तीन परत वाले फिल्टर्स बनाए गए हैं, ताकि ज़मीन के भीतर गंदगी मुक्त जल ही पहुँचे। इसके साथ ही इन तालाबों में एकत्रित होने वाले वर्षा जल से डिपो के पौधों को भी सींचा जा सकेगा।उन्होंने बताया कि एनसीआरटीसी पूरे नमो भारत कॉरिडोर पर प्रभावी वर्षा जल संचयन तंत्र विकसित कर रही है। दुहाई स्थित डिपो भी इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। डिपो में इससे पहले 20 वर्षा जल संचयन पिट्स बनाए गए हैं, जो डिपो के तैयार होने से पहले ही सक्रिय हो चुके हैं। अब डिपो में वर्षा जय संचयन के लिए दो बड़े तालाब बनने से वर्षा जल को और बेहतर ढंग से भू-गर्भ तक पहुंचाया जा सकेगा।दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक 82 किमी लंबे नमो भारत कॉरिडोर पर 950 से अधिक वर्षा जल संचयन पिट्स बनाए जा रहे हैं, जिनका कार्य अंतिम चरण में है। इन पिट्स के जरिए लाखों क्यूबिक मीटर ग्राउंड वॉटर रिचार्ज होने की उम्मीद है। कॉरिडोर पर दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ में 70 किमी का सेक्शन एलिवेटेड है और बाकी हिस्सा भूमिगत है। कॉरिडोर पर कुल 25 स्टेशन होंगे, जिसमें से एलिवेटेड सेक्शन में 21 और भूमिगत सेक्शन में 4 स्टेशन होंगे। वर्षा जल संचयन पिट्स सिर्फ एलिवेटेड वायडक्ट, एलिवेटेड स्टेशनों और डिपो में बनाए जा रहे हैं।

# राहुल गांधी का बयान गंभीरता और सच्चाई से परे - शांता कुमार



**शिमला, (हि.स.)।** पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि देश राहुल गांधी के बयानों को गंभीरता से नहीं लेता, क्योंकि उनमें सच्चाई ही नहीं होती है।

उन्होंने राहुल पर बिना कारण बात का बतंगड़ बनाने का आरोप लगाया।शांता कुमार ने गुरुवार को एक बयान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के हालिया बयान का बचाव करते हुए कहा कि 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ, लेकिन राम मंदिर न बनने का कलंक 500 वर्षों तक बना रहा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के साथ ही भारत के माथे से वह कलंक मिट गया जो सदियों से अपमान का प्रतीक था।

उन्होंने कहा कि मोहन भागवत का अभिप्राय केवल इतना है कि राम मंदिर के निर्माण ने स्वतंत्रता की चमक को और अधिक बढ़ा दिया है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए शांता कुमार ने कहा कि मुझे दुख है कि भारत की सबसे पुरानी पार्टी का नेतृत्व ऐसे बयान देता है जो बचकाने होते हैं।

राहुल गांधी बिना वजह विवाद खड़े कर रहे हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे विश्व की सबसे बड़ी संस्था के प्रमुख की आलोचना कर रहे हैं।

शांता कुमार ने राहुल गांधी के लिए सद्बुद्धि की प्रार्थना की और कहा कि ऐसी बयानबाजी केवल ध्यान भटकाने की कोशिश है।

# नौसेना के लिए मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें खरीदी जाएंगी

**▶▶रक्षा मंत्रालय ने बीडीएल के साथ 2,960 करोड़ रुपये का अनुबंध किया**

**▶▶इसलिए खास है एमआरएसएएम प्रणाली**



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** भारतीय नौसेना के लिए मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद का करार गुरुवार को फाइनल हो गया। रक्षा मंत्रालय ने एमआरएसएएम की आपूर्ति के लिए भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ लगभग 2,960 करोड़ रुपये का करार किया। नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और बीडीएल अधिकारियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।एमआरएसएएम प्रणाली भारतीय नौसेना के कई जहाजों पर लगाई जाती है और इसे भविष्य में अधिकांश प्लेटफार्मों पर फिट करने की योजना है। यह अनुबंध भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी को स्वदेशी बनाने के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार आत्मनिर्भर भारत पर जोर देते हुए इन मिसाइलों में ज्यादातर स्वदेशी सामग्री होगी। इस अनुबंध से विभिन्न एमएसएमई सहित रक्षा उद्योग में लगभग 3.5 लाख मानव दिवसों का रोजगार सृजित होगा।

मुंबई के नेवल डाक यार्ड में 15 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों नौसेना के बेड़े में शामिल किए गए आईएनएस %सूरत% को मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस किया जाना है। यह प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का चौथा और अंतिम जहाज है। इससे पहले पिछले तीन वर्षों में इसी प्रोजेक्ट के तीन जहाजों विशाखापत्तनम, मोरमुगाओ और इम्फाल को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जा चुका है। सूरत की डिलीवरी भारतीय नौसेना की स्वदेशी विध्वंसक निर्माण परियोजना का समापन है।एमआरएसएएम प्रणाली को डीआरडीओ और इजरायली एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। इसमें एमएसएमई सहित भारतीय सार्वजनिक और निजी रक्षा उद्योग की भी सक्रिय भागीदारी है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड में निर्मित एमआरएसएएम से नौसेना की %आत्मनिर्भर भारत% के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई है। हवाई रक्षा के लिए एमआरएसएएम हर मौसम में 360 डिग्री पर काम करने वाली हवाई रक्षा प्रणाली है, जो किसी भी संघर्ष क्षेत्र में विविध तरह के खतरों के खिलाफ संवेदनशील क्षेत्रों की हवाई सुरक्षा करेगी। एमआरएसएएम का वजन करीब 275 किलोग्राम, लंबाई 4.5 मीटर और व्यास 0.45 मीटर है। इस मिसाइल पर 60 किलोग्राम तक हथियार लोड किए जा सकते हैं।डीआरडीओ के अनुसार यह मिसाइल दो स्टेज की है, जो लॉन्च होने के बाद कम धुआं छोड़ती है। एमआरएसएएम एक बार लॉन्च होने के बाद 70 किलोमीटर के दायरे में आने वाली किसी भी मिसाइल, लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, ड्रोन और निगरानी विमानों को मार गिराने में पूरी तरह से सक्षम है। यह 2469.6 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से दुश्मनों पर प्रहार और हमला कर सकती है।

# अमृतसर में शराब कारोबारी के आवास पर ग्रेनेड हमला, आतंकी संगठन बब्बर खालसा ने ली जिम्मेदारी

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब के अमृतसर जिले के गांव जैंतीपुर में रात को शराब कारोबारी अमनदीप जैंतीपुरिया के घर पर ग्रेनेड हमला हुआ है। इस हमले में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। फिलहाल पंजाब पुलिस कुछ भी कहने से कतरा रही है। आतंकी संगठन बब्बर खालसा ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है।बताया गया है कि शराब कारोबारी अमनदीप डेरा बाबा नानक से सांसद व पूर्व डिप्टी सीएम सुखजिंदर रंधावा का करीबी है। जैंतीपुर गांव मजीठा हलके में है। ग्रामीणों का कहना है कि मोटरसाइकिल से आए तीन युवकों ने अमनदीप के घर पर ग्रेनेड नुमा कोई वस्तु फेंकी। इससे वहां जोरदार धमाका हुआ। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।पूर्व विधायक और अकाली नेता बिक्रम मजीठिया ने पूरी घटना की जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की। मजीठिया ने कहा कि इससे पहले मजीठा पुलिस स्टेशन को निशाना बनाया गया और अब जैंतीपुर में बम फेंका गया है। पंजाब का लॉ एंड ऑर्डर ऐसा हो चुका है कि लोग पुलिस के पास आने की जगह फिरौती दे रहे हैं। इन घटनाओं के बाद भगवंत मान को इस्तीफा दे देना चाहिए।इस घटना के कुछ समय बाद बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट को वायरल किया। इसमें लिखा गया कि आज मैं जैंतीपुर में शराब ठेकेदार पप्पू जैंतीपुर के घर पर हुए ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी लेता हूं।

इसके पीछे कारण यह है कि कुछ समय पहले हमने उन्हें फोन कर कहा था कि इस बार पंजाब में शराबबंदी करनी है और इसकी शुरुआत माझा से करनी है, हमारी बात को उन्होंने हल्के में लिया और बात को नजरअंदाज कर दिया। अब हम इसे अपने तरीके से समझाएंगे। इन ठेकेदारों द्वारा गुरु घर और स्कूलों के पास कई ठेके खोले गए, लेकिन अब इसकी काफी निंदा हो रही है। दूसरे लोग उनके अधीन काम कर रहे हैं, इस बारे में सोचें। हमने उन्हें पहले मौखिक रूप से बताया था लेकिन उन्होंने कार्रवाई नहीं की, इसके बाद हमने उनके ठेके में आग भी लगा दी।

# आयोग ने प्रचार सामग्री में किया लेबल और डिस्क्लेमर अनिवार्य




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** चुनाव आयोग ने प्रचार अभियान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित सामग्री के उपयोग के बढ़ते चलन को देखते हुए अपनी नियमावली को अपडेट किया है। आयोग ने अब राजनीतिक दलों से एआई और बदलाव कर बनाए गए ऑडियो, वीडियो तथा इमेज के साथ लेबल लगाना और डिस्क्लेमर देना अनिवार्य कर दिया है।चुनाव आयोग ने आज राजनीतिक दलों को लिखे पत्र में कहा है कि जनमत को आकार देने में एआई जनित/सिंथेटिक सामग्री के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को सलाह देता है कि वे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों और अन्य मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से चुनाव प्रचार के लिए साझा की जा रही एआई-जनित/सिंथेटिक सामग्री को प्रमुखता से लेबल करने के लिए आवश्यक उपाय करें।आयोग का कहना है कि एआई द्वारा निर्मित सामग्री की प्रमुख और आसानी से पहचाने जाने योग्य लेबलिंग जिम्मेदार और पारदर्शी अभियान और सूचित मतदाताओं को सुनिश्चित करेगी।राजनीतिक दलों से कहा गया है कि एआई प्रौद्योगिकियों द्वारा उत्पन्न या महत्वपूर्ण रूप से परिवर्तित किसी भी छवि, वीडियो, ऑडियो या अन्य सामग्री को ÷एआई-जनरेटेड÷ या ÷डिजिटल रूप से संवर्धित÷ या ÷सिंथेटिक सामग्री÷ जैसे संकेतन के साथ स्पष्ट रूप से लेबल करें। ऑनलाइन या अन्य प्लेटफ़ॉर्म पर प्रसारित अभियान विज्ञापनों या प्रचार सामग्री में डिस्क्लेमर शामिल करें ।पिछले साल मई में एआई के बढ़ते उपयोग के मद्देनजर चुनाव आयोग ने विस्तार से एआई से जुड़े दिशानिर्देश जारी किए थे। हालांकि इन चुनावों में एआई के बढ़ते उपयोग को देखते हुए आयोग ने इसमें अपडेट किया है।

# कांग्रेस ने पांच सौ रुपये में एलपीजी सिलेंडर, राशन किट और तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में दिल्ली में सरकार बनने पर प्रत्येक परिवार को हर महीने 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर, मुफ्त एक राशन किट और 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है।दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने गुरुवार को यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कई चुनावी वादों का ऐलान किया। देवेन्द्र यादव ने तेलंगाना की मिसाल देते हुए कहा कि जनता के साथ कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में जो वादे किए थे, उसे 13 महीने के दौरान वहां की सरकार ने पूरे कर दिए। इसीलिए रेवंत रेड्डी अपनी बात दिल्ली के मतदाताओं से कहने के लिए यहां आए हैं। देवेन्द्र यादव ने दिल्ली में एक महीने की कांग्रेस की न्याय यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि इस यात्रा के दौरान वे दिल्ली के कोने-कोने की जनता से मुखातिब हुए।

जनता की ओर से जो मुद्दे उठाए गए, उन्हें पूरा करने के लिए कांग्रेस अब तक प्यारी दीदी और जीवन रक्षा योजना तथा पूर्वांचलियों के लिए महाकुंभ की तर्ज पर छठ पर्व का आयोजन जैसी गारंटियों की घोषणा कर चुकी है। देवेन्द्र ने कहा कि आज हम सिलेंडर, फ्री राशन किट और 300 यूनिट मुफ्त बिजली की गारंटी की घोषणा कर रहे हैं। कांग्रेस की इन गारंटियों को सरकार बनने पर पहली ही कैबिनेट बैठक में लागू किया जाएगा।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कहा कि कांग्रेस अपनी चौथी गारंटी के रूप में प्रत्येक परिवार को हर महीने 500 रुपये में सिलेंडर और उसके साथ ही प्रत्येक परिवार को एक फ्री राशन किट देगी। इस किट में 5 किलो चावल, 2 किलो चीनी, तीन लीटर तेल, 6 किलो दालें और 250 ग्राम चाय पत्ती मुफ्त में देंगे। महंगाई के इस दौर में महिलाओं को अपनी रसोई चलाने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि पांचवीं बड़ी गारंटी के रूप में 300 यूनिट बिजली प्रत्येक परिवार को मुफ्त मिलेगी। यह रकम सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। आआपा सरकार की तरह डिस्कॉम को मालामाल करने की बजाय हम उपभोक्ता को सीधे राहत देंगे।पत्रकार वार्ता में इससे पहले पूर्व तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जो चुनावी वादे किए थे, उन्हें उसने पहले 13 महीने में ही पूरा कर दिया।

# सीएम योगी ने इसरो की सफलता के लिए वैज्ञानिकों को दी बधाई

कहा- भारत के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण! जय हिंद!



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरिक्ष में नवीनतम उपलब्धि के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों के समर्पण एवं विशेषज्ञता की सराहना की। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बृहस्पतिवार को 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंटश् (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की सफलतापूर्वक डॉकिंग की। यह भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना समेत भविष्य के विभिन्न मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स पर अंग्रेजी में पोस्ट किया, ''इसरो की टीम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई। भारत अंतरिक्ष डॉकिंग को सफलतापूर्वक हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है, जो हमारी अंतरिक्ष क्षमताओं में एक बड़ी छलांग है। स्पैडेक्स डॉकिंग प्रक्रिया को त्रुटिहीन सटीकता के साथ निष्पादित किया गया। उन्होंने कहा कि यह असाधारण उपलब्धि अभियान में लगे प्रतिभाशाली वैज्ञानिकरें के समर्पण एवं विशेषज्ञता को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण! जय हिंद! वहीं, एक अन्य पोस्ट में सीएम योगी ने लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले दशक में स्पेस टेक्नोलॉजी में अद्वितीय उपलब्धियां देखी हैं। भारत ग्रहों के बीच रिसर्च से लेकर रिकार्ड तोड़ने वाले उपग्रहों को लॉन्च करने और आज की ऐतिहासिक स्पेस डॉकिंग सफलता हासिल करने के साथ स्पेस रिसर्च को आकार दे रहा है।

मुख्य सचिव और डीजीपी उत्तर प्रदेश ने महाकुम्भ की तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण और समीक्षा

# मौनी अमावस्या पर्व के लिए और फाइन ट्यून करें तैयारियां: मुख्य सचिव

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के सकुशल संपन्न होने के बाद अब योगी सरकार का पूरा फोकस 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर्व पर होने वाले अमृत स्नान की तैयारियों पर है। इसकी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए गुरुवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान मुख्य सचिव और डीजीपी ने आईसीसीसी सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक भी की। मुख्य सचिव ने कहा कि पिछले दो पर्वों पर सभी व्यवस्थाएं और सुविधाएं अच्छी रही हैं, लेकिन अब हमें इन्हें और फाइन ट्यून करना होगा। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ में जल्द ही पीएम की विजिट के साथ ही कैबिनेट बैठक भी संभावित है। इसको लेकर सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस के साथ ही सभी विभागों के अधिकारी भी अवश्य मौजूद रहें।



मुख्य सचिव ने कहा कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति पर्व सकुशल संपन्न कराए गए हैं। अब हमें मौनी अमावस्या के प्रमुख पर्व की तैयारी पर जोर देना है। पिछले दो पर्वों में सभी व्यवस्थाएं और सुविधाएं अच्छी रही हैं। अब हमें इन्हें और फाइन ट्यून करना होगा। 144 साल बाद ऐसी स्थिति बनी है जब पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति दोनों एक साथ मनाए गए हैं। यह हमारे लिए मौनी अमावस्या से पहले ड्रेस रिहर्सल का अवसर था। उन्होंने रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को लेकर कहा कि रेलवे स्टेशंस पर जाने के लिए साइनेजेज को और बेहतर किया जा सकता है। सभी साइनेजेज ऐसे होने चाहिए जिन पर श्रद्धालुओं को जानकारी दी जाए कि उन्हें कौन से रेलवे स्टेशन पर जाना है। यह स्पष्ट दिखना चाहिए की उनके गंतव्य की ट्रेन उन्हें कहां मिलेगी। डिजिटल स्क्रीन पर ट्रेन और स्टेशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाए। साथ ही सभी रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संगम की दूरी भी स्पष्ट रूप से दिखनी चाहिए। रेलवे को यह व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए कि जो यात्री जिस स्टेशन पर उतरा है उसे उसी स्टेशन पर उसकी वापसी की ट्रेन मिले। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या पर सुबह से ट्रेनों का आवागमन शुरू होना चाहिए, इसके लिए यदि सामान्य ट्रेनों की संख्या कम करनी पड़े तो भी की जा सकती है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा की शहर के महत्वपूर्ण स्थलों पर भी ट्रेन का रनिंग स्टेटस दिखना चाहिए। किसी भी स्थिति में ट्रेनों का प्लेटफार्म चेंज नहीं होना चाहिए मुख्य सचिव ने मेला क्षेत्र में प्रदान की जा रही सुविधा की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रमुख स्नान पर्व और अमृत स्नान के अवसर पर श्रद्धालुओं को टेलीकॉम की परस्पर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा की मेला क्षेत्र में टेलीकॉम का इंफ्रास्ट्रक्चर बहुत मजबूत है।

# अम्बेडकरनगर पहुंची निषाद पार्टी की सवैधानिक अधिकार यात्रा



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा आज 48वें दिन जनपद अंबेडकरनगर पहुँची। निषाद पार्टी-राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में मा0 कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद जी यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं।

आज यात्रा जनपद में बिरहड घाट से यात्रा ने जनपद में प्रवेश कर रामनगरम से ढोल बजवा से न्योरी/अमडी से गोविंद साहब से मनझारिया से झकरवारा से शुक्लबाज़ार से किछौछा से बसखारी से अकबरपुर से शिव बाबा से मिझौरा से भीटी से खजूरी से राम बाबा से महरूआ से रामपुर नौशीला से टांडा समरिया चौक से जनपद बस्ती के लिए प्रस्थान किया। निषाद ने यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि संवैधानिक अधिकार यात्रा मछुआ समाज के उत्थान और हक़-हक़ूक़ की लड़ाई के लिए निकाली जा रही है, उन्होंने बताया कि 30 नवंबर को माँ शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ, जनपद सहारनपुर से यात्रा की शुरुआत की गई थी, यात्रा प्रदेश के सभी जनपदों की लगभग 200 विधानसभा होते हुए गुजरेगी और दिल्ली में समापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मछुआ समाज के संवैधानिक एससी आरक्षण के तहत राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक अधिकार से मिलने वाली सुरक्षा और लाभ को अवगत कराया जा रहा है साथ ही प्रदेश के मछुआ समाज को निषाद पार्टी द्वारा आरक्षण के मुद्दे पर उठाये गये सभी आवश्यक कदमों को भी बताने का कार्य किया जा रहा है।

# सपा सरकार आने पर अयोध्या को बनायेंगे वर्ल्ड क्लास सिटी: अखिलेश यादव

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** योगी सरकार से अयोध्या के किसानो को उनकी जमीन का मुआवजा बाजार मूल्य पर देने की मांग करते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि 2027 में प्रदेश में उनकी पार्टी की सरकार आने पर अयोध्या को विश्व स्तरीय शहर बनाया जायेगा। अखिलेश यादव ने पार्टी के प्रदेश दफ्तर में पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में पीडीए समर्थित सपा उम्मीदवार रिकार्ड जीत दर्ज करेगा। उन्होने यह भी कहा कि दिल्ली में उनकी पार्टी का समर्थन आम आदमी पार्टी (आप) को है मगर इसका यह मतलब नहीं है कि वे कांग्रेस के विरोध में है। पीडीए की मजबूती के लिये चुनाव जिताऊ क्षेत्रीय दलों का साथ देना पार्टी की रणनीति का हिस्सा है। उन्होने कहा कि भाजपा से अयोध्या के किसान दुखी और परेशान है। उन्हे उनकी जमीन का उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। किसानो की जमीन को छीन कर सरकार फाइव स्टार होटल बना रही है। उनकी मांग है कि सरकार किसानो को अधिग्रहित जमीन का बाजार मूल्य में भुगतान करे। प्रभु राम की नगरी में फाइव स्टार होटलो के बजाय धर्मशाला और आश्रम होने चाहिये। सरकार यह बताये कि बगैर बॉर के फाइव स्टार होटल हो सकते हैं क्या। अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी विकास की विरोधी नहीं है। सपा सरकार के समय हुये विकास कार्य आज भी लोगों को दिख रहे हैं। भाजपा को अगर विकास चाहिये तो उसे समाजवादियों की डगर पर चलना ही पड़ेगा। 2027 में पीडीए की सरकार आने पर अयोध्या का समुचित विकास किया जायेगा और उसे वर्ल्ड क्लास सिटी बनाया जायेगा। मिल्कीपुर चुनाव की पारदर्शिता पर संदेह व्यक्त करते हुये उन्होने कहा कि यह देश दुनिया का सबसे बड़ा उपचुनाव होगा जिस पर शोध भी किया जा सकता है हालांकि यह तय है कि भाजपा इस चुनाव को बुरी तरह हारेगी।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने लगाई महाकुंभ में आस्था की डुबकी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** 144 वर्षो के बाद तीरथराज प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ अद्भुत, अद्वितीय अकल्पनीय, अवर्णनीय एवं पावन है। यह उद्गार राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने व्यक्त किया है उन्होंने कहा है कि मकर संक्रांति के अवसर पर आस्था के पर्व महाकुंभ के प्रथम शाही स्नान में सम्मिलित होकर पतित पावनी मां गंगा में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस बार प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रयास से मां गंगा का जल अत्यंत ही अविरल, निर्मल एवं स्वच्छ है।

गंगाजल पीने योग्य है। स्नान के लिए पर्याप्त जल भी है। इस तरह की व्यवस्था पहले किसी कुंभ में देखने को नहीं मिली। लोगों के सुगम आवागमन के लिए सुव्यवस्थित मार्ग बनाए गए हैं। बालू पर चलने की थकान से बचने के लिए लोहे के स्लीपर से मार्ग निर्मित किए गए हैं। मार्ग पर पुआल भी डाले गए हैं, जिसके कारण ठंडक कम महसूस हो रही है। स्थान स्थान पर जो खंबे लगे हैं, उन पर स्कैनिंग के मध्यम से 11 भाषाओं में अनुवाद की व्यवस्था भी है। स्कैनिंग के माध्यम से परिजनों को यह भी सूचना दी जा सकती है कि आप किस स्थान पर हैं। वहां पर आपके परिजन आसानीसे पहुंच पहुंच सकते हैं। अखाड़े, संत महंतों, तथा नागा स्नान के लिए अलग मार्ग एवं घाट की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे आमजन को असुविधा न हो। इस बार के कुंभ में सरकार की आशा से अधिक लोग आस्थावान हैं। इस मकर संक्रांति पर किसी भी कुंभ मे लगने वाले माघी अमावस्या से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है।आने जाने के मार्ग को सुगम बनाने लिए मेला क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है। चिकित्सालय साफ सुथरे एवं आईसीयू सुसज्जित बनाए गए हैं। किसी भी तरह की घटना घटित होने पर तत्काल चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध है।

# 2020 रूपये में ले सकेंगे प्रयाग हेरीटेज टूर का आनंद

प्रयागराज की समृद्ध विरासत, ऐतिहासिक स्थल व पौराणिक स्थानों का भ्रमण कर सकते हैं श्रद्धालु: जयवीर

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रयागराज प्राचीन एवं पौराणिक शहर है। यहां पर कदम-कदम पर ऐतिहासिक इमारतें तथा संस्कृतिक धरोहर बिखरे पड़े है। महाकुम्भ से जुड़े होने के कारण देश-विदेश के पर्यटक एवं श्रद्धालु प्रयागराज के बारे में विस्तार से जानना चाहते हैं।राज्य पर्यटन विकास निगम ने कुम्भ क्षेत्र एवं शहर के भ्रमण के लिए हेरीटेज टूर के लिए पैकेज टूर शुरू किया है। इसके लिए 2020 रूपये देकर ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है। हेरीटेज टूर के इच्छुक ूनचेजकब.बव.पद पर बुकिंग कराकर हेरीटेज टूर का आनंद ले सकते हैं। यह यात्रा 13 जनवरी से शुरू की गयी है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रयागराज का हर कोना अध्यात्म, इतिहास एवं पर्यटन स्थलो के लिए प्रसिद्ध है। प्राचीन धार्मिक स्थलों तथा स्वादिष्ट व्यंजन के लिए जाना जाता है। हेरीटेज टूर प्रतिदिन सुबह 07 बजे से प्रारम्भ होकर 06 बजे समाप्त होती है। हेरीटेज टूर प्रतिदिन होटल इलावर्त से शुरू होती है और यहीं पर समाप्त होती है। हेरीटेज टूर के दौरान सबसे पहले श्रद्धालु त्रिवेणी संगम से लेकर गंगा, यमुना, अदृश्य सरस्वती महाकुम्भ मेले का दर्शन तथा संगम स्थल के दर्शन करते हैं, इसके पश्चात अक्षयवट कॉरीडोर, इलाहाबाद किला, अक्षयवट वृक्ष, बड़े हनुमान मंदिर, हनुमान की 20 फिट लेटी हुई मूर्ति तथा पूर्वान्ह 11 बजे भारद्वाज आश्रम के दर्शन कराये जाते हैं। ऋषि भारद्वाज की तपोस्थली को दिखाया जाता है। महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद पार्क का भ्रमण श्रद्धालुओं को कराया जाता है। स्वतंत्रता संग्राम के महानायक चन्द्रशेखर आजाद की स्मृति में बनाये गये अल्फ्रेड पार्क का भी भ्रमण कराया जाता है, इसके उपरान्त दोपहर 12 बजे इलाहाबाद संग्रहालय जो भारतीय इतिहास, संस्कृति, पुरातत्व और वास्तुकला से जुड़े दुर्लभ अवशेष संरक्षित किये गये हैं, पर्यटक इसका अवलोकन करते हैं। यह संग्रहालय 1931 में स्थापित किया गया था। 01 बजे दोपहर के भोजन के पश्चात हेरीटेज टूर, 02 बजे श्रृंगवेरपुर के लिए प्रस्थान करती है। श्रृंगवेरपुर धाम में पर्यटकों को भ्रमण के लिए 02 घंटे समय निर्धारित है। प्राचीनकाल में भगवान राम, सीता और लक्ष्मण ने वनवास के दौरान निषादराज से मुलाकात की थी।

# श्रद्धालुओं के लिए महाकुम्भ बना स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित, अद्भुत, अलौकिक, दिव्य एवं भव्य: शर्मा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि महाकुम्भ पूरे देश दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए सबसे स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित, अदभुत, अलौकिक, दिव्य एवं भव्य बन चुका है। श्रद्धालु प्रदेश सरकार द्वारा की गयी व्यवस्थाओं एवं बेहतर प्रबंधन का मुक्त कंठ से बखान और प्रशंसा कर रहे हैं। दुनिया इससे भारत की प्राचीन संस्कृति, परम्परा, अध्यात्म, आस्था व विश्वास के साथ आधुनिक भारत के सामर्थ्य प्रबंधकीय क्षमता और बेहतरीन व्यवस्था का भी लोहा मानेगी।

नगर विकास मंत्री ने कहा कि देश दुनिया से करोड़ो श्रद्धालु पवित्र संगम में डुबकी लगाने के लिए तीर्थराज प्रयाग पहुंच रहे हैं। लोगों की सुविधा और कुम्भ मेला क्षेत्र की सफाई, बिजली, पानी, भोजन व अन्य व्यवस्थाओं के लिए नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के कार्मिक दिन रात अपने कार्यों में लगे हुए हैं। सफाई कर्मियों के अपने कार्यों के प्रति समर्पण, परिश्रम एवं लगन से कुम्भ मेला क्षेत्र, नदी घाटों, पवित्र नदियों का जल आदि स्वच्छ एवं साफसुथरा है। जिससे श्रद्धालुओं को चारो ओर पवित्रता की अनुभूति हो रही है। महाकुम्भ स्वच्छता और सेवा का संगम बन चुका है। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मी हमारे ऐसे कर्मयोगी बन चुके हैं, जिससे प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के साथ स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित महाकुम्भ का संकल्प साकार हो रहा है। इसके लिए कुम्भ मेला क्षेत्र में 15 हजार सफाईकर्मी और 2500 गंगासेवा दूतों की सेवा स्वच्छता कार्यों के लिए ली जा रही है, जिनका कार्य बहुत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि देश विदेश से त्रिवेणी में स्नान के लिए आये श्रद्धालुओं ने कुम्भ क्षेत्र के वातावरण में बहुत ही शांति, सकून और दिव्यता की अनुभूति की है, जिसकी वे सभी मुक्त कंठ से चारो ओर प्रशंसा कर रहे हैं।

# महाकुम्भ मेले में संविधान गैलरी का हुआ उद्घाटन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** महाकुम्भ 2025 प्रयागराज के अंतर्गत त्रिवेणी मार्ग पर सजाई गई संविधान गैलरी का गुरुवार को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने उद्घाटन किया। मंत्री के साथ उपस्थित अतिथियों ने इस अवसर पर संविधान गैलरी में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। संविधान गैलरी में भारतीय संविधान पर आधारित पुस्तकों और ग्रंथों का एक पुस्तकालय भी सजाया गया है। उद्घाटन समारोह के मौके पर भारतीय सेना के बैंड ने वंदे मातरम समेत कई देशभक्ति गीतों की धुन पर संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जे जे मुनीर उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गौतम ने की।



उद्घाटन समारोह के अवसर पर अपने संबोधन में न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने कहा कि संविधान से सारे देश का संचालन होता है। कोई भी समाज संविधान और विधियों के बिना नहीं चलता है। संविधान गैलरी जैसे प्रयासों से नई पीढ़ी को इसके बारे में अवगत कराने में मदद मिलेगी। मुझे आशा है कि ऐसे प्रयत्न आगे भी चलते रहेंगे। मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विश्वविख्यात समागम में इस गैलरी को आयोजित कर यह प्रयास किया गया है कि मेले में आने वाले लोगों को संविधान के निर्माण, लागू होने और इसके अनुच्छेद के बारे में जानकारी हो। ऑडियो के माध्यम से आप विषय के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल कर सकते हैं। संविधान ऐसा दस्तावेज है, जिससे हमारी पूरी शासन व्यवस्था संचालित होती है। संविधान में संशोधन की प्रक्रिया दी गई है, जिससे समाज की आवश्यकता के अनुसार इसमें संशोधन किया जा सके। हमारी सरकार ने जन भावनाओं के अनुसार इसमें संशोधन किया। एक पार्टी ने लगातार 55 वर्षों तक निजी हितों के लिए संविधान में संशोधन किए। इन लोगों ने संविधान की मूल भावना को बदल दिया।

दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गौतम ने कहा कि आज कल संविधान की प्रतियां मंच पर खूब लहराई जाती है। उनके घर में संविधान की मूल प्रति भी नहीं होगी। उन्होंने संविधान पढ़ा भी नहीं होगा। इसकी पहली प्रति हाथ से लिखी गई थी। एक प्रति हिंदी में लिखी गई थी और एक प्रति अंग्रेजी में लिखी गई थी।

संविधान गैलरी में लगी प्रदर्शनी में चित्रों और प्रतिकृतियों के माध्यम से भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं, दस्तावेजों और व्यक्तित्वों के योगदान के बारे में जानकारी प्रदर्शित की गई है। यहां ऑडियो के माध्यम से संविधान सभा की बहसों को प्रस्तुत किया जा रहा है।

# लगातार तीसरे दिन बिजली कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर निजीकरण का विरोध किया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आवाहन पर आज लगातार तीसरे दिन प्रदेश भर में बिजली कर्मचारियों एवं अभियंताओं ने काली पट्टी बांधकर निजीकरण का विरोध दर्ज किया। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, सुहैल आबिद, पी.के.दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल, चंद्र भूषण उपाध्याय, आर वाई शुक्ला, छोटेलाल दीक्षित, देवेन्द्र पाण्डेय, आर बी सिंह, राम कृपाल यादव, मो वसीम, मायाशंकर तिवारी, राम चरण सिंह, मो इलियास, श्रीचन्द, सरजू त्रिवेदी, योगेन्द्र कुमार, ए.के श्रीवास्तव, के.एस. रावत, रफीक अहमद, पी एस बाजपेई, जी.पी. सिंह, राम सहारे वर्मा, प्रेम नाथ राय, विशम्भर सिंह एवं राम निवास त्यागी ने कहा कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसलटेंट नियुक्त करने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने 20 सितंबर 2020 को विद्युत वितरण के निजीकरण हेतु एक स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट का ड्राफ्ट जारी किया था। संघर्ष समिति ने कहा कि जब यह डॉक्यूमेंट भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के विचारों का प्रतिनिधित्व ही नहीं करता। तो इसका उल्लेख कर निजीकरण करने का साफमतलब है। निजी घरानों का नाम पहले ही तय कर लिया गया है। संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की परिसंपत्तियां जो लाखों करोड़ों रुपए की है का मूल्यांकन कराए बिना किस आधार पर इसकी रिजर्व प्राइस तय की गई है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारी लगातार आन्दोलित हैं और वे किसी भी स्थिति में निजीकरण स्वीकार नहीं करेंगे।

# मायावती ने दी सीएम योगी को सलाह

पक्षपातपूर्ण रवैया छोड़ संविधान धर्म निभाए योगी सरकार

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (ठैच) प्रमुख मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विरोधी दल सरकारी तंत्र के पक्षपात रूपी रवैये से परेशान है। इसलिए सरकार को सलाह है कि वह जिलों में नौकरशाही की द्वेषपूर्ण एवं मनमानी कार्रवाई के विरुद्ध अपना संविधान धर्म निभाए। मायावती ने आज पार्टी पदाधिकारियों व जिला अध्यक्षों की बैठक में कैडर आधारित ठोस रणनीति पर विचार-विमर्श किया और पार्टी की आर्थिक मजबूती के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में बसपा सुप्रीमो के दोनों भतीजे आकाश आनंद और ईशान मौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही। उन्होंने कहा कि प्राप्त फीडबैक के अनुसार यूपी के जिलों में सरकारी तंत्र की जुल्म-ज्यादती से लोग त्रस्त है, जिसके प्रति राज्य सरकार को गंभीर व संवेदनशील होना बहुत जरूरी है। साथ ही, विरोधियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई से लोगों का यह सवाल स्वाभाविक है कि यूपी में यह कैसा कानून का राज है कि सत्ताधारी लोगों के लिए उनके हर जुर्म की अनदेखी कर दी जाती है। ऐसे में यूपी के जिघ्लों में सरकारी तंत्र की द्वेषपूर्ण एवं मनमानी कार्रवाई के विरुद्ध राज्य सरकार को अपना संविधान धर्म निभाने की सलाह दी जाती है। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी केवल अपने कार्यकर्ताओं से ही विभिन्न रूपों में आर्थिक मदद लेकर ही अपनी पार्टी की गतिविधियों को चलाती है, जबकि कांग्रेस, भाजपा व अन्य विरोधी पार्टियों की तरह बड़े-बड़े पूँजीपतियों व धन्नासेठों आदि से आर्थिक मदद लेकर अपनी पार्टी की गतिविधियों को चलाती हैं। उन्होंने कहा कि यूपी के जिलों से पार्टी की फीडबैक के अनुसार प्रदेश में कानून-व्यवस्था के नाम पर जिस प्रकार से जिलों में दमनकारी नीति अपनाकर अधिकतर यहाँ गरीबों, मजलूमों, बेसहारा व मेहनतकश लोगों को अंधाधुंध गिरफ्तार करके जेल में कैद किया जा रहा है वह लोगों को यहाँ पुलिस राज जैसा चिन्तनीय लगता है, जिसके प्रति राज्य सरकार को न्यायालय की तरह गंभीर व संवेदनशील होकर संविधान धर्म की जिम्मेदारी जरूर निभाना चाहिए। मायावती ने कहा कि विरोधियों के खिलाफ खासकर पुलिस कार्रवाई से लोगों का यह सवाल स्वाभाविक है।

# केंद्र की भांति राज्य सरकार भी कर्मचारियों की मांग सुनेगी: तिवारी



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्र सरकार ने आज अपनी कैबिनेट में केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग की घोषणा कर दी है पिछली बार इसका गठन 10 वर्ष पहले 2014 में हुआ था इसका समाप्ति 31 दिसंबर 2025 को हो रही है अर्थात एक जनवरी 2026 से आठवां वेतन आयोग की सिफारिश हैं लागू होने का प्रावधान है।

बीच में ऐसा लगता था कि केंद्र सरकार संसद में भी बयान देती थी कि अभी कोई विचार नहीं है परंतु शिवगोपाल मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष महासचिव हृछ्ष्ट और प्रदेश के संगठनों द्वारा इसकी मांग बराबर की जाती रही है अभी 11 जनवरी को लखनऊ में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा आयोजित खिचड़ी भोज के कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश के सभी संगठनों द्वारा इस मांग को जोरदारी से उठाया गया था और एक नोटिस देकर एक दिन का आंदोलन आत्मक कार्यक्रम तय करने की बात शिवगोपाल मिश्रा ने तय की थी।

राज्य कर्मचारी संघ परिषद के प्रतिपादक अध्यक्ष हरीकिशोर तिवारी एवं महामंत्री शिव बरन सिंह यादव,कार्यवाहक अध्यक्ष एन डी द्विवेदी , अपर महामंत्री डॉ नरेश ने उत्तर प्रदेश के समस्त लाखों कर्मचारियों की ओर से इसका स्वागत किया है।

# मंडियों में व्यवस्थाओं को किया जाए दुरुस्त



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद में आयोजित बैठक में उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने दिए। प्रदेश की मंडियों में साफ सफाई की नियमित व्यवस्था हो, अतिक्रमण रोका जाए, किसान विश्रामगृह और स्वागत कक्ष, कोल्ड रूम बनाए जाएं, सड़क निर्माण और मरम्मत की जाए, बजट का समय पर उपयोग, कर्मचारियों और अधिकारियों की प्रोन्नति समय से की जाए। बैठक में मंडी परिषद की मंडियों की व्यवस्था सुधारने और किसानों की सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्य योजना बनाने और नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडियों को स्वच्छ और अवैध कब्जों से मुक्त रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। विश्राम गृहों की मरम्मत और साज-सज्जा की योजना के साथ प्रत्येक मंडी में किसान स्वागत कक्ष बनाए जाएं। मंत्री दिनेश सिंह ने कहा कि किसानों की फसलों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक मंडी में कोल्ड रूम की स्थापना पर जोर दिया। पुरानी सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण की परियोजनाओं को प्राथमिकता देकर गुणवत्ता पूर्ण एवं समयबद्ध जाए। उन्होंने आवंटित बजट को योजनाबद्ध तरीके से समय पर खर्च करने की संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी। उन्होंने मण्डी परिषद के कर्मचारियों और अधिकारियों की समय से पदोन्नति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

संक्षिप्त खबरें

## अग्निवीर भर्ती का 7वां दिन, बाराबंकी-चित्रकूट के अभ्यर्थी पहुंचे

**लखनऊ।** लखनऊ की सैन्य छावनी स्थित आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) स्टेडियम में अग्निवीर रैली भर्ती का आज 7वां दिन है। गुरुवार को भर्ती रैली में बाराबंकी और चित्रकूट जिले के अभ्यर्थी शामिल हुए। इससे पहले बुधवार को औरैया और बांदा जिले के अभ्यर्थी पहुंचे थे। ये भर्ती 10 जनवरी से शुरू होकर 22 जनवरी तक चलेगी। इसमें 13 जिलों के करीब 10 हजार युवा शामिल होंगे। भर्तियां कुल 4 ट्रेड्स में हो रही हैं। इनमें अग्निवीर जीडी, टेक्निकल, कार्यालय सहायक और ट्रेड्समैन है। युवाओं को स्टेडियम में तड़के 2 बजे से 5 बजे तक प्रवेश दिया गया है। यह वो अभ्यर्थी हैं, जो पहले ही अग्निवीर लिखित परीक्षा पास कर चुके हैं। गुरुवार सुबह तड़के 2 बजे से अभ्यर्थियों की एंट्री शुरू हुई और 5 बजे तक अभ्यर्थियों को एंट्री दी गई। इस बीच घना कोहरा रहा। एडमिट कार्ड और आधार चेक करके सभी को एंट्री मिली। इसके बाद फिजिकल शुरू हुआ। जिसमें 1600 मीटर दौड़ के अलावा हाईजंप और पुशअप्स भी शामिल रहा।

## एसटीएफ ने 25 हजार के इनामी को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने बलिया के थाना क्षेत्र नरही में 5 दिसंबर को शिवम राय को गोली मारकर जानलेवा हमला करने वाले 25 हजार के इनामी संजीव राय  को बलिया से गिरफ्तार किया है। एसटीएफके पुलिस उपाधीक्षक धर्मेंद्र कुमार शाही की टीम इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह को मुखबिर से सूचना मिली संजीव राय किसी काम से बैरिया मोड़ पर खड़ा है। एसटीएफटीम द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि पूर्व में हुई कहा-सुनी व विवाद के चलते अपने साथी शिवम ठाकुर के साथ मिलकर शिवम राय को गोली मार दी थी। उसके बाद से दोनों गिरफ्तारी के डर से फरार हो गए थे। गिरफ्तार अभियुक्त को पूर्व में लिखे मुकदमे में दाखिल कर विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

## मानसिक अस्पताल में युवती से छेड़छाड़

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के वजीरगंज इलाके में मानसिक अस्पताल के सफाईकर्मी ने युवती से छेड़छाड़ की। सफाईकर्मी के चंगुल से छूटकर युवती थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आलमबाग की रहने वाली 19 साल की युवती का वजीरगंज इलाके में स्थित मानसिक अस्पताल से हाई डिप्रेशन का इलाज चल रहा है। 27 दिसंबर से युवती वहां पर इलाज के लिए आ रही है। युवती का आरोप है कि मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे वो टॉयलेट करने गई। वहां पहले से मौजूद सफाईकर्मी शक्ति ने उसने पीछे से आकर पकड़ लिया। जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर धक्का देकर भाग गया। पीड़िता ने वजीरगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। इंस्पेक्टर वजीरगंज का कहना है कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


## व्यापारी को ट्रेलर ने मारी टक्कर, मौत, बेटा हुआ घायल

**लखनऊ।** राजधानी के बीबीडी इलाके में गुरुवार को रोड एक्सीडेंट में व्यापारी की मौत हो गई। व्यापारी अपने ससुराल से बेटे को वापस लेकर लखनऊ आ रहा था। किसान पथ के पास ट्रेलर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने व्यापारी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। चालक ट्रेलर लेकर फरार हो गया। गणेश नगर मानस नगर कृष्णानगर के रहने वाले निर्मल मिश्रा (40) पुत्र चंद्र प्रकाश मिश्रा बिजनेस करते थे। निर्मल अपनी पत्नी पूनम व बेटे पार्थ के साथ मकर सक्रांति मनाने अभय नगर देवा रोड बाराबंकी अपनी ससुराल गए थे। निर्मल अपनी पत्नी के साथ उसी दिन शाम को लखनऊ आए गए। बेटा ननिहाल में रुक गया। गुरुवार का बेटे पार्थ को लेकर लौट रहे थे। करीब 10.30 बजे किसान पथ के पास ट्रेलर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में निर्मल की मौत हो गई। इंस्पेक्टर बीबीडी का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। भाई दीप मिश्रा ने बताया कि भतीजे पार्थ के हाथ व कंधे में चोट लगी है। उसको इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। भाई निर्मल ने हेलमेट लगा रखा था। लेकिन घटना के वक्त हेलमेट निकल गया। जिसकी वजह से ज्यादा चोट लग गई। ज्यादा खून निकलने से मौत हो गई।

## राजधानी में कड़ाके की ठंढ, तेज हवाओं से बढ़ी ठिठुरन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कड़ाके की ठंढ पड़ रही है। गुरुवार को शहर का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले पांच दिनों से बढ़ती ठंड और तेज हवाओं ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित किया है। शहर में सुबह से ही धुंध छाई रही। गलियों और चौराहों पर लोग अलाव तापते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार ठंढ का असर अगले 7 दिनों तक बना रहेगा। उत्तर पश्चिमी क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर भारत में ठंडी हवाओं का जोर बढ़ा है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में बर्फबारी के बाद उत्तर प्रदेश के मैदानी इलाकों तक सर्द हवाएं पहुंच रही हैं। हवा की गति 7 से 11 किमी प्रति घंटा रहने के कारण लखनऊ में ठंड बढ़ी है। इसके अलावा, वातावरण में नमी अधिक होने से कोहरे की मोटी परत बनी हुई है।

## पूर्व विधायक की छवि धूमिल करने वाले तथाकथित पत्रकार को जारी हुई मानहानि की नोटिस


श सिंह पुष्कर
एडवोकेट
पूर्व विधायक
, मोहनलालगंज, लखनऊ
कार्यालय
दिनांक 15/01/25
लखनऊ

**लखनऊ।** बीते वर्ष 2024 में दिसम्बर माह की एक तारीख को तहसील मोहनलालगंज क्षेत्र अंतर्गत का एक तथाकथित पत्रकार है लोगो की माने तो जो की खुद को पत्रकार बताकर लोगो पर धौस भी दिखाता फिरता रहता है के द्वारा एक समाचार पत्र में वर्ष 2024 के ग्यारवें माह में 30 तारीख को पूर्व विधायक व एडवोकेट अम्ब्रीश सिंह पुष्कर के विरूद्ध में शिकायतकर्ता सनातन कुमार पुत्र श्रीराम द्वारा शिकायती प्रार्थना-पत्र में जमीन पर निर्माण कार्य रोकने व गाली-गलौज करने एवं रंगदारी मांगने कि खबर प्रकाशित की गई थी। जिसके कारण पूर्व विधायक व एडवोकेट अम्ब्रीश सिंह पुष्कर की छवि को धूमिल हुई व मान सम्मान की हानि पहुंची है इस वजह से पूर्व विधायक व एडवोकेट अम्ब्रीश सिंह पुष्कर द्वारा अनुपम मिश्रा पुत्र अश्वनी मिश्रा निवासी-कस्बा मोहनलालगंज, लखनऊ को विधिक नोटिस के माध्यम से अवगत कराते हुए अनुपम मिश्रा इस नोटिस प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर अनुपम मिश्रा द्वारा प्राप्ति विधिक नोटिस का जवाब प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया गया है। यदि 15 दिवस के भीतर अनुपम मिश्रा द्वारा प्राप्ति विधिक नोटिस का जवाब प्रेषित नोटिस का जवाब प्रेषित नही किया गया तो अनुपम मिश्रा पुत्र अश्वनी मिश्रा निवासी-कस्बा मोहनलालगंज, लखनऊ के विरूद्ध मानहानि का वाद सक्षम न्यायालय मे दीवानी व फौजदारी का वाद दायर किया जाने के लिए पूर्व विधायक व एडवोकेट अम्ब्रीश सिंह पुष्कर बाध्य रहेंगे और इसके जिम्मेदार अनुपम मिश्रा पुत्र अश्वनी मिश्रा निवासी-कस्बा मोहनलालगंज स्वयं होंगे, कस्बा मोहनलालगंज में पत्रकारिता का चोला ओढे तथाकथित पत्रकार अनुपम मिश्रा पुत्र अश्वनी मिश्रा निवासी-कस्बा मोहनलालगंज द्वारा लगातार धन उगाही के उद्देश्य से क्षेत्र में सम्मानित लोगों की छवि धूमिल कर उनके मान सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम किया जा रहा है जिससे आहत होकर व अपने मान सम्मान की हुई हानि की भरपाई के लिए न्यायलय की चौखट पर जाने पर विवश हो चुके है ऐसे तथाकथित पत्रकार की वजह से सम्मानित लोगों का जीना दुस्वार हो चूका है लोगों के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले ऐसे तथाकथित पत्रकार पर कानूनी विधिक कार्यवाही की होना की अति आवश्यक है। क्यूंकि तथाकथित पत्रकार अनुपम मिश्रा पुत्र अश्वनी मिश्रा निवासी-कस्बा मोहनलालगंज द्वारा भ्रामक असत्य खबरे अखबार में प्रकाशित की गयी है, चूंकि पूर्व विधायक एवं अधिवक्ता होने के नाते अम्ब्रीश सिंह पुष्कर सामाज सेवी व्यक्ति भी है, इसलिए सामाजिक छवि धूमिल हुयी तथा अम्ब्रीश सिंह पुष्कर मानसिक प्रताड़नाओ का सामना करना पड़ रहा है।

# लखनऊ में बाघ की दहशत बरकरार

### रहमानखेड़ा और उसके आसपास गांवों में मौजूद बंद रहेंगे सभी स्कूल-कॉलेज, ऑनलाइन होगी पढ़ाई

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में पिछले कई दिनों से बाघ की दहशत बरकरार है। वन विभाग की लाख कोशिशों के बाद भी बाघ उनकी पकड़ में नहीं आ रहा है। बाघ का खौफ इस कदर बैठ गया है कि लोगों ने घरों से निकलना बंद कर दिया है। बच्चों ने स्कूल जाना तक छोड़ दिया है। बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग लगातार जाल बिछा रहा है, लेकिन बाघ चकमा देकर अपना ठिकाना ही बदल दे रहा है। दरसअल बाघ रहमानखेड़ा के इलाके में ही घूम रहा है। बाघ की दहशत के चलते वन विभाग ने डीएम से स्कूल-कॉलेज को कुछ दिन बंद रखने का अनुरोध किया, जिसे डीएम ने स्वीकार कर लिया। डीएम ने रहमानखेड़ा और उसके आसपास गांवों में मौजूद स्कूल-कॉलेजों को बंद रखने का आदेश भी जारी दिया है। हालांकि इस दौरान ऑनलाइन पढ़ाई होगी।

लखनऊ डीएम के आदेश में कहा गया है कि रहमानखेड़ा संस्थान सीआईएसएच और आसपास के गांवों में बाघ घूम रहा है। बाघ को सुरक्षित पकड़ने के लिए उसका रेस्क्यू कराया जाएगा। बाघ को पकड़ने के लिए प्रभागीय वन अधिकारी मोहनलालगंज/नोडल अधिकारी के निर्देश पर एक पेट्रोलिंग टीम का गठन भी कर दिया गया है। इसके अलावा संभावित स्थलों पर ट्रैपिंग करके वहां सीसीटीवी, एक थर्मल ड्रोन को लगाया गया है। तीन मचान के माध्यम से बाघ की निगरानी की जा रही है। डीएम ने जारी आदेश में कहा है कि जब तक बाघ को पकड़ा नहीं जाता है तब तक रहमानखेड़ा और आसपास के प्रभावित गांवों साहिलामऊ, उलरापुर, मीठेनगर, दुगौली, कटौल, खालिसपुर, अमेठिया सलेमपुर, बहेलिया, रहमतगंज, मोहम्मद नगर तालुकेदारी, किठाई पारा फतेहनगर, धनेवा, कनार आदि गांवों में मौजूद सभी स्कूल-कॉलेजों को बंद रखा जाएगा। इस दौरान सभी छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई होगी। बाघ की दहशत से ग्रामीणों ने बच्चों को स्कूल भेजने से मना कर दिया है। सर्दी की छुट्टियों के बाद बुधवार को स्कूल खुले, लेकिन बाघ प्रभावित मीठे नगर और उलरापुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालयों में बच्चे स्कूल नहीं आए। इसके इतर स्कूलों के शिक्षक अपने-अपने विद्यालय पहुंचे।

मीठे नगर स्कूल की प्रिंसिपल रमिता मौर्या ने बताया कि कुल 52 विद्यार्थी पंजीकृत हैं, लेकिन कोई विद्यार्थी स्कूल नहीं आया। उलरापुर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षा मित्र कृष्ण लाल यादव ने बताया कि 12 पंजीकृत विद्यार्थियों में से कोई स्कूल नहीं पहुंचा है। मीठे नगर निवासी सुनील रावत ने बताया कि बाघ की दहशत से बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। हाईस्कूल और इंटर के छात्र, छात्राएं गांव से तीन से पांच किमी दूर स्कूल जाते थे, लेकिन इस समय नहीं जा रहे हैं। इससे विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा की तैयारियां प्रभावित हो रहीं हैं। बुधवार की तड़के बाघ ने पड़वे को मार डाला। बाघ की दहाड़ जंगल के जोन दो में सुनाई दी थी। डीएफओ ने बताया कि बाघ की हलचल जंगल के जोन एक और दो में ही बनी हुई है।

### वन विभाग की नाक के नीचे से पड़वा उठा ले गया बाघ

रहमान खेड़ा के जंगल और आसपास के इलाकों में बाघ की हलचल जारी है। बाघ वन विभाग की तैयारियों को लगातार चकमा दे रहा है। मीठे नगर के जंगल में बाघ को पकड़ने के लिए बांधे गए पड़वे को उसने निवाला बना लिया। शिकार को खींचकर जंगल ले गया और कुछ हिस्सा खाकर निकल गया। पगचिह्नों से बाघ के भ्रमण वाला इलाका चिह्नित किया गया। बेहता नाला पार कर हलवापुर में भी बाघ के ताजे पगचिह्न पाये गये हैं। बाघ अब तक जंगल सहित आसपास के इलाके में 14 शिकार कर चुका है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ रेणु सिंह और डीएफओ डॉ सितांशु पांडेय ने स्थलीय निरीक्षण किया है। डीएफओ ने बताया कि तीन दिन पहले जंगल के जोन दो के मीठे नगर में यूकेलिप्टस के बाग के पास बाघ ने नीलगाय का शिकार किया था। वहीं पर नए मचान का निर्माण कर नीलगाय के अवशेषों के पास बाघ के शिकार के लिए पड़वे को बांधा गया था।

# झोपड़ी टूटने से सदमे में महिला ने किया सुसाइड

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बालू अड्डा झोपड़ पट्टी में रहने वाली एक महिला ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। हाल में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अवैध अतिक्रमण अभियान के दौरान महिला की झोपड़ी तोड़ दी थी। तब से महिला परेशान थी। मूल रूप से असम की रहने वाली खुदेजा खातून (52) का गुरुवार सुबह शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। वह बालू अड्डा झोपड़ पट्टी में बेटे आफताब, अख्तर और बेटी मरजीना के साथ रहती थीं। पति हमीजुद्दीन आसाम में ही रहते हैं। बेटे आफताब ने बताया कि सुबह मां बाथरूम जाने की बात कह कर उठी थी। उसके बाद घर के पीछे लगे पेड़ में दुपट्टे से फांसी लगा ली। पुलिस के लगातार जगह खाली करने के दबाव बनाने से मां दहशत में थी। इसीलिए उन्होंने यह कदम उठाया। आफताब ने कहा, हम लोग आसाम के रहने वाले हैं, लेकिन बांग्लादेशी कह कर उत्पीड़न किया जा रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। हम लोगों का आधार और पैन कार्ड तक बना है। हम लोग यहां रहकर नगर निगम के लिए सफाई और कूड़ा उठाने का काम करते थे। प्रशासन ने बस्ती को खाली करने के लिए तीन दिन की मोहलत दी थी। पुलिस के जल्द बस्ती खाली करने के नोटिस के चलते मां परेशान थी। उसकी के चलते उन्होंने आत्मघाती कदम उठा लिया। आफताब ने बताया कि एलडीए ने सोमवार को बुलडोजर से कई झोपड़ियां तोड़ दी थी। उनकी भी झोपड़ी का कुछ हिस्सा गिरा था। लगभग दो दर्जन झुग्गी टूटने और वहां रहने वालों को खुद अपनी झोपड़ी तोड़कर वापस आसाम जाने को कहा गया था। बेटों का कहना है कि परिवार असम में होने के चलते शव लेकर गांव जाएंगे। इसके लिए आस-पास के लोगों से मदद लेनी पड़ रही है। गांव तक शव ले जाने में करीब 50 हजार रुपए से ज्यादा शव वाहन वाले मांग रहे हैं।

## इंडियन सिल्क गैलरी हैंडलूम एक्सपो 2025 के प्रथम संस्करण का उद्घाटन

**लखनऊ।** नव वर्ष वेडिंग सीजन पर लखनऊ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के नेपटून सभागार साइबर हाइट्स कठौता चौराहा रोड गोमती नगर लखनऊ में 21 जनवरी तक आयोजित इंडियन सिल्क गैलरी हैंडलूम एक्सपो 2025 के प्रथम संस्करण का उद्घाटन पूर्व जिलाधिकारी आराधना शुक्ला ने किया। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि को बुके देकर विनय कुमार व जावेद मकसूद व श्री निवास राव ने स्वागत किया इस अवसर पर विकास आयुक्त हैंडलूम के सहयोग से लखनऊ में 100: शुद्ध प्राकृतिक रेशों (रेशमी, कपास, लिनन)पूरे भारत से सीधे हथकरघा उत्पाद सभी प्रकार के है बनारसी तस्सर कांथा एवं मुद्रित, गढ़वाल,चंदेरी,महेश्वरी कोटा जयपुर बगरू प्रिंट्स। बेंगलुरु शुद्ध क्रेप सिल्क्स, कलमकारी, कांचीपुरम, पोचमपल्ली इक्कत, वेंकटगिरी, नारायणपेट, उप्पादा जामधानी, पैठानी कोलकाता बुटीक, चंपा कोसा साड़ी और कॉटन साड़ी और ड्रेस सामग्री, लाइफ स्टाइल गारमेंट्सहैंडलूम उत्पादों की लगी प्रदर्शनी के अवलोकन के बाद।

# वी मार्ट पर 35,000 का जुर्माना, 18 रुपए में दिया था कैरी बैग




लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ में कैरी बैग के लिए ग्राहकों से जबरन पैसे वसूलने का मामला वी मार्ट को भारी पड़ गया। एक ग्राहक द्वारा दायर मामले में कंज्यूमर कोर्ट ने ट मार्ट को 18 रुपए के साथ 35,000 रुपए का जुर्माना ग्राहक को देने का आदेश दिया है। परिवादी के वकील शशिकांत शुक्ला ने बताया कि ग्राहक ने वी मार्ट से खरीदारी के दौरान कैरी बैग मांगा, जिसके लिए उससे 18 रुपए वसूले गए। ग्राहक ने इसे अनुचित मानते हुए कंज्यूमर कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई। कंज्यूमर कोर्ट ने ग्राहक के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि कैरी बैग का शुल्क ग्राहकों पर जबरन नहीं थोपा जा सकता। कोर्ट ने वी मार्ट को 18 रुपए लौटाने के साथ ही 35,000 रुपए का जुर्माना भरने का आदेश दिया। इसमें मानसिक और आर्थिक क्षति के लिए मुआवजा और अदालती खर्च शामिल है।

यह मामला ग्राहकों के अधिकारों को लेकर एक मिसाल बन गया है। वकील शशिकांत शुक्ला ने कहा कि यह फैसला बड़े ब्रांड्स को ग्राहकों से मनमानी वसूली के खिलाफ सबक देगा। कंज्यूमर कोर्ट का यह फैसला ग्राहकों के अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# मां और 6 साल की बच्ची की गला रेतकर हत्या

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद इलाके में महिला और उसकी बेटी (6) की गला रेतकर हत्या कर दी गई। दोनों का शव गुरुवार दोपहर घर में खून से लथपथ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि मर्डर बुधवार रात में किया गया है। महिला का एक बेटा और बड़ी बेटी अपने नाना के घर पर थे।

सुबह फोन करने पर जब कोई जवाब नहीं मिला तो नाना के साथ दोनों बच्चे अपने घर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद था। एक लड़की दूसरी ओर से घर के अंदर गई और दरवाजा खोला। अंदर का दृश्य देख सभी सन्न रह गए। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया, ईसापुर गांव में रहने वाली गीता (24) और उनकी बेटी दीपिका (6) की अज्ञात बदमाशों ने गला रेत कर हत्या कर दी। महिला का पति प्रकाश कन्नौजिया मुंबई में लांड्री का काम करता है। प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी रंजिश का लग रहा है। घटनास्थल से सबूत जुटाए गए हैं। फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम मामले की जांच कर रही है। हत्यारों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमें गठित कर दी गई हैं। हमलावर घर के पीछे से दाखिल हुए और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए।

# फार्मर रजिस्ट्री बिना अटकेगी किसान सम्मान निधि

**31 जनवरी तक किसान करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन, मिलेंगे 2-2 हजार**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने के लिए एक जरूरी कदम उठाना होगा। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसानों को बिना फार्मर रजिस्ट्रेशन के पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त का लाभ नहीं मिलेगा। अगर अभी तक अपनी फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है तो जल्द से जल्द कराना होगा अन्यथा दिसंबर 2024 से किस्त का भुगतान नहीं मिलेगा।किसानों के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जुड़ी प्रक्रिया जल्दी पूरी करनी होगी ताकि वे पीएम किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित न हो जाएं। रजिस्ट्री के बाद किसानों को कई फायदे मिलेंगे, बार-बार ई-केवाईसी कराने के झंझट से मुक्ति मिल जायेगी। यूपी के किसान फार्मर रजिस्ट्री डिजिटल आइडेंटिटी-गोल्डेन कार्ड के लिए किसानों को नचति.हतपेजंबा.हवअ.पद वेबसाइट पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए खतौनी, आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, बैंक खाता आवश्यक है। कंप्यूटर या मोबाइल से नचति.हतपेजंबा.हवअ.पद पोर्टल पर जाकर किसान अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को केंद्र सरकार के द्वारा प्रत्येक वर्ष 6,000 रूपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। यह राशि 3 समान किस्तों में, हर चार महीने में, 2,000 रूपये की दर से किसानों के बैंक खातों में भेजी जाती है।

# केजीएमयू में महिला मरीज से रेप की कोशिश

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में केजीएमयू अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य विभाग में शर्मसार करने वाली घटना घटी है। यहां एक आउटसोर्सिंग कर्मचारी ने महिला मरीज के छेड़छाड़ की। यही नहीं उसने महिला के साथ रेप का प्रयास किया। शोर मचाने पर उसकी इज्जत बची। जुटे लोगों ने आरोपी कर्मचारी को पकड़ लिया। पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामल की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। पीड़ित मरीज व उसके परिवारीजन डरे-सहमे हैं। केजीएमयू प्रशासन ने अपने स्तर से जांच शुरू कर दी है।

घटना 14 जनवरी सुबह करीब 10 बजे की है। केजीएमयू के मानसिक स्वास्थ्य विभाग के द्वितीय तल के महिला प्रसाधन कक्ष के पास आउटसोर्सिंग कर्मचारी ने मानसिक रूप से बीमार युवती को देखा। इसके बाद उससे छेड़छाड़ शुरू कर दी। इसके बाद दुराचार का प्रयास किया। मरीज ने शोर मचाया तो आस-पास के लोग जुट गए। इसके बाद आरोपी भागने लगा। हालांकि आरोपी भाग नहीं सका , शोर पर जुटे लोगों ने आरोपी कर्मचारी को धर-दबोचा। पीड़ित के तीमारदारों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बाद विभाग के अन्य कर्मचारी जुट गए।

पीड़ित परिवारीजनों ने घटना की जानकारी कर्मचारियों की दी। इसके बाद विभाग के अधिकारियों तक मामला पहुंचा।

अधिकारियों ने घटना सुनने के बाद चीफ प्रॉक्टर कार्यालय को सूचना दी। तीमारदारों की शिकायत के बाद प्रॉक्टर कार्यालय ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जानकारी ली। पुलिस ने आरोपी कर्मचारियों को हिरासत लिया। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। आरोपी को पकड़ लिया गया है। उधर, अस्पताल में भर्ती अन्य मरीज भी डर गए हैं।

### डॉक्टर को देखने ट्रामा सेंटर पहुंचे डिप्टी सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक गुरुवार को ट्रामा सेंटर पहुंचे। डिप्टी सीएम सुसाइड का प्रयास करने वाली जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर को देखने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने डॉक्टर से जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही बेहतर इलाज के निर्देश भी दिए हैं। इस दौरान उन्होंने रेजिडेंट डॉक्टर के माता-पिता से भी बातचीत की। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि रेजिडेंट डॉक्टर का स्वास्थ्य ठीक हो रहा है। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि रेजिडेंट डॉक्टर्स विशेष कर महिला डॉक्टर के लिए बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे वह अपना कार्य अच्छे से कर सकें। इसके अलावा रेजिडेंट डॉक्टर मानसिक दबाव का शिकार ना हो इसके लिए काउंसलर (मनोचिकित्सक) की व्यवस्था करने का निर्देश भी केजीएमयू प्रशासन को दिया है, साथ ही उन्होंने कहा है कि यह वार्डन की जिम्मेदारी है कि मेडिकोज व रेजिडेंट डॉक्टरों की जानकारी रखें, जिससे मानसिक रूप से दबाव में होने पर तुरंत उनकी समस्या को दूर किया जा सके।

# मोबाइल और रुपए के विवाद में मजदूर की हत्या, पुलिस ने दोस्त को गिरफ्तार किया

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी में शनिवार (4 जनवरी) को मजदूर की हत्या मोबाइल और रुपयों के विवाद में उसके दोस्त ने की थी। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा किया। मृतक के बेटे ने पहले ही पुलिस को हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने आरोपी अनिल यादव उर्फराजा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने जुर्म कबूल लिया। वारदात के समय दोनों नशे में थे। घटना 4 जनवरी की है, जब सुशांत गोल्फ सिटी के सेक्टर सी में निर्माणाधीन मकान से रमेश गौतम (40) का शव मिला था। रमेश यहां दिन में मजदूरी करने के साथ रात में सामान की रखवाली भी करता था। मृतक के बेटे हिमांशु के अनुसार, उनके पिता करीब दो महीने पहले ठेकेदार रामप्रवेश मौर्य के बुलावे पर यहां काम करने आए थे। पुलिस ने बताया कि 3 जनवरी की रात करीब 8 बजे तक रमेश ने अपनी पत्नी से फोन पर बात की थी। अगली सुबह ठेकेदार ने फोन कर बताया कि रात करीब 9 बजे आजमगढ़ के मित्तुपुर निवासी राजा यादव, रमेश के पास आया था और उसी ने मारपीट कर उनकी हत्या कर दी। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन भी गायब था। रमेश अपने परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य था। उनके परिवार में पत्नी संजू देवी, पांच बेटी और एक बेटा है, जिनमें से एक बेटी की शादी हो चुकी है। पूरे परिवार की जिम्मेदारी रमेश पर ही थी।

## विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर आरंभ और उड़ान का हुआ शुभारंभ

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेल ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर आरंभ और उड़ान का शुभारंभ किया। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के संरक्षण में, नवांकुर फाउंडेशन छात्र नवप्रवर्तकों को सशक्त बनाने, प्रभावशाली उपक्रमों को आकार देने और उद्यमिता के भविष्य को प्रज्वलित करने के लिए तत्पर है। राष्ट्रीय स्टार्टअप सप्ताह के अवसर पर, लखनऊ विश्वविद्यालय के नवांकुर फाउंडेशन - इनक्यूबेशन सेल ने दो महत्वपूर्ण पहलों का अनावरण किया है। जिसमें आरंभ-इंटर्नशिप प्रोग्राम, उड़ान -कोहोर्ट प्रोग्राम (आइडिया पिचिंग इवेंट)। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, स्टार्टअप को सशक्त बनाना और एक जीवंत उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।

# डॉक्टर के घर लगी आग, काढ़ा बनाते वक्त सिलेंडर लीक होने से हुआ हादसा



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कैसरबाग निवासी आयुर्वेद के डॉक्टर नरेंद्र कुमार गुप्ता के घर गुरुवार सुबह आठ बजे के करीब किचन में आग लग गई। आग सिलेंडर लीक होने के चलते लगी थी।

उन्होंने सिलेंडर में आग लगते ही दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। आग से किचन का सामान जल गया। लालबाग खंडारी बाजार निवासी डॉ. नरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि वह गुरुवार सुबह पिता बीएल गुप्ता (94) के लिए काढ़ा बनवा रहे थे। पत्नी सोनिका ने सिलेंडर में आग लगते की शोर मचाया। जिसके बाद पुलिस और दमकल को सूचना दी गई। दमकल की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। किचन में सिलेंडर में आग लगने के चलते सभी लोग ब्लास्ट होने के डर से बाहर आ गए, क्योंकि वहां पर एक और सिलेंडर रखा था।

आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। फायर ब्रिगेड के लोगों ने समय रहते आग पर काबू पाकर बड़ा हादसा होने से रोक लिया। यदि ब्लास्ट हो जाता तो बड़ा नुकसान होता।

# स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारी में खुशी की लहर


लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** उ.प्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मण्डल अध्यक्ष अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ /प्रभारी जिलाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहाँ कि कर्मचारियों की काफी दिनों से चली आ रही मांग में बीमा वाली मांग को सरकार ने मान लिया यह उ.प्र सरकार ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया जिसकी मै हृदय से प्रशंसा करता हूँ कयोंकि हमारे बहुत से साथी काल के मुंह में समा गये लेकिन इस ओर किसी ने नहीं सोचा जव कि स्वास्थ्य विभाग में सभी संविदा कर्मचारी तन,मन से अपने कार्य को अंजाम देते है सरकार ने बीमा का लाभ देकर परिवार को राहत देने का कार्य किया अभी कुछ दिन पूर्व ही 4-5 लोगों के परिवार वालों को बीमा की 30 लाख रुपये धनराशि का चेक मिशन निदेशक द्वारा परिवार के लोगों को दिए गए। अरविंद चौहान ने कहाँ कि इस समय 100 दिन का टी वी अभियान चल रहा हैं जिसमें सभी कर्मचारी व अधिकारी जी जान से जुटे हुए हैं। मेरा मुख्यमंत्री जी से आग्रह है कि कर्मचारियों की वेतन विसंगति की समस्या भी काफी दिनों से चली आ रही हैं उस पर भी सरकार को गम्भीरता से विचार कर समाधान करा देना चाहिए ताकि कर्मचारियों में सरकार की प्रति आस्था का भाव जागृति हो कयोंकि कि विपक्षी पार्टियां कर्मचारियों को भडकाने का कार्य कर रही है।

# नोएडा में पहली बार रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी की गई

लोकमित्र ब्यूरो




**नोएडा।** फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने म्यांमार के 68-वर्षीय मरीज की सफल रोबोट-एडेड किडनी ट्रांसप्लांट प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। मरीज क्रोनिक किडनी डिज़ीज़ से पीड़ित थे और पिछले साल जून से डायलसिस पर थे। मरीज का उपचार डॉ पीयूष वार्ष्णेय, डायरेक्टर - यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा के नेतृत्व में डॉक्टरों की अनुभवी टीम ने किया और उन्हें 8 दिनों बाद अस्पताल से छुट्टी दी गई।

मरीज पेट के भाग में मोटापे से ग्रस्त थे जिसकी वजह से सर्जरी के बाद हीलिंग में काफी मुश्किलें पेश आतीं और इंफेक्शन का भी खतरा था। इसके अलावा, डायलसिस के दौरान भी, मरीज को कई समस्याएं पेश आ रही थीं, जैसे वे कई बार बेहोश हो जाते, उनकी मांसपेशियों में काफी जकड़न पैदा होती या लो ब्लड प्रेशर की समस्या पेश आती। इन तमाम तकलीफों की वजह से जब वह अपनी दैनिक गतिविधियों को भी ठीक प्रकार से करने में असमर्थ हो गए, तो उनके परिजनों ने किडनी ट्रांसप्लांट का विकल्प चुना और उपचार के लिए मरीज को फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा में भर्ती कराया।

मरीज को जब अस्पताल लाया गया तो वह काफी कमजोर थे, और टॉक्सिन्स के जमाव तथा डायलसिस के कारगर नहीं होने की वजह से उनका पोषण स्तर भी बिगड़ चुका था। अस्पताल में उनकी विस्तृत तरीके से मेडिकल जांच की गई जिसमें ब्लड टेस्ट, अल्ट्रासाउंड, कार्डियाक जांच, नसों और धमनियों का मूल्यांकन तथा अन्य कई टेस्ट शामिल हैं। इनके नतीजों ने किडनी ट्रांसप्लांट की पुष्टि की। लेकिन पेट में मोटापे और कमजोर इम्यूनिटी के चलते जटिलताओं का रिस्क काफी बढ़ चुका था और ऐसे में रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट ही बेहतर विकल्प था। मरीज की बहन अपने भाई के उपचार के लिए डोनर के रूप में आगे आयीं। इस सर्जरी में 4-5 घंटे लगे और मरीज की रिकवरी भी बिना किसी जटिलता के सुगम तरीके से हुई। इस मामले की जानकारी देते हुए, डॉ अनुजा पोरवाल, डायरेक्टर - नेफ्रोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने कहा, ÷रोबोट की मदद से किडनी ट्रांसप्लांट से मरीजों के मामले में बेहतर नतीजे सामने आते हैं, खासतौर से यदि मरीजों की उम्र अधिक हो या वे मोटापे के शिकार हों। रोबोटिक सर्जरी की सटीकता के चलते जटिलताओं का रिस्क कम होता है और मरीज की रिकवरी भी तेजी से होती है। छोटे आकार का चीरा लगाने से मरीज को कम तकलीफ होती है और एडवांस टेक्नोलॉजी की सहायता से ट्रांसप्लांट भी अधिक सटीक और सुरक्षित होता है, जिसके परिणामस्वरूप मरीज जल्द स्वास्थ्यलाभ कर अपनी दैनिक गतिविधियों को खुद करने में सक्षम बनते हैं। डॉ पीयूष वार्ष्णेय, डायरेक्टर - यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा, ने कहा, ÷रोबोट की मदद से की जाने वाली सर्जरी के कई फायदे होते हैं, पेट के मोटापे से ग्रस्त मरीजों के मामले में, रोबोट की मदद से की जाने वाली सर्जरी में सर्जिकल साइट तक आसानी से पहुंचा जाता है, यह इंफेक्शन और हर्निया जैसी जटिलताओं को कम करने के साथ-साथ तेजी से रिकवरी में भी सहायक होती है। रोबोटिक ट्रांसप्लांट के लिए पेरी-अंबलिकल रीजन में 5 से.मी. आकार का चीरा लगाया जाता है, जो पारंपरिक सर्जरी की तुलना में काफी कम होता है, और उसके लिए मांसपेशी में चीरा लगाने की जरूरत होती है। इस प्रक्रिया में, 10× मैग्नीफिकेशन के चलते धमनियों और नसों की सटीक पहचान हो पाती है, जिससे इस्किमिया (इस कंडीशन में शरीर के किसी भाग में रक्तप्रवाह में कमी की वजह से उस स्थान के टिश्यू को नुकसान पहुंचता है) टाइम और ब्लीडिंग का जोखिम कम होता है। मोहित सिंह, ज़ोनल डायरेक्टर, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा, ने कहा, यह नोएडा में रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट का पहला मामला है जिसे फोर्टिस हॉस्पीटल में किया गया। यह उल्लेखनीय सर्जरी मरीजों की देखभाल के लिए एडवांस मेडिकल टेक्नोलॉजी तथा उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम सर्वोच्च क्वालिटी की केयर के साथ-साथ अपने मरीजों के लिए सर्वोत्तम परिणाम सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत रहते हैं।

## तीसरे दिन लगातार अभियान चला कर शत प्रतिशत रक्षा संपदा की जमीन करवाई गई कब्जामुक्त

**गाजियाबाद।** विजयनगर के चांदमारी में लगातार तीसरे दिन बुधवार को अभियान चलाकर रक्षा संपदा विभाग की जमीन को शत प्रतिशत कब्जामुक्त कराया गया। इस दौरान जमीन को कब्जामुक्त करने की कार्रवाई के विरोध में कुछ लोगों ने विजयनगर से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन किया, इससे जाम लग गया। वाहन चालकों को परेशानी हुई। इस दौरान पहुंची पुलिस ने लोगों को सड़क से हटाया। लगभग आधे घंटे बाद यातायात व्यवस्था सामान्य हो सकी। विजयनगर में रक्षा संपदा विभाग की 161 एकड़ से अधिक जमीन है। इसमें से 70 एकड़ जमीन पर झुग्गियां और अवैध निर्माण कर सैकड़ों परिवार रह रहे थे। कुछ लोगों ने यहां पर कबाड़ को गोदाम बनाया था और कुछ ने पशुपालन कर डेरी संचालन का काम किया था। कुछ झुग्गियों में अनैतिक गतिविधियां भी संचालित हो रही थी, यहां पर अवैध रूप से गांजा और शराब की बिक्री होती थी। झुग्गियों के आसपास आपराधिक घटनाएं भी पूर्व में हुई हैं। इसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने शहर के विधायक से की।

# रसीदपुर में जलभराव से गंदगी का अम्बार

- ग्रामीणों ने डीएम के नाम शिकायती पत्र नायब तहसीलदार को सौपा

लोकमित्र ब्यूरो



**जलेसर/एटा।** विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत रसीदपुर में मुख्य मार्गो सहित गली-मौहल्ले में गन्दगी तथा जलभराव से दलदल की स्थिति बनी हुई है। जिससे गांव में सक्रामक रोगो के फैलने का खतरा बना हुआ है। शिकायत के बाबजूद ब्लॉक एवं पंचायत अधिकारी सुनते नही है। ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पहुंच एसडीएम की अनुपस्थिति में डीएम एटा के नाम सम्बोधित एक शिकायती पत्र नायव तहसीलदार बंशिका सिंह को सौपा है। विकास क्षेत्र के गांव रसीदपुर के नैपाल सिंह, रामजी, दिनेश कुमार, दशरथ, सुरजीत, विजय कुमार, मलिखान सिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि गाँव के घरों से निकलने वाले पानी का निकास न होने के कारण पानी गाँव की गली में श्याम सुन्दर के घर से मलिखान सिंह के घर तक भरा रहता है। पानी का निकास न होने के कारण पानी गली में भरा रहता है। दलदल में से होकर लोगों का आवागमन रहता है। जलभराव होने से मच्छरों का भी प्रकोप वढ गया है। जिसके कारण संकामिक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ हैं। गली में पानी की निकासी के खंडजा उठवाकर बनवाने नाली निर्माण के लिये ग्राम पंचायत प्रधान मनोज यादव तथा बीडीओ जलेसर से कई वार शिकायत भी की जा चुकी है। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। गली में नाली निर्माण न होने के कारण सभी लोग काफी परेशान रहते हैं। कई वार तो लोग पानी में गिर भी जाते है। ग्राम प्रधान द्वारा विकास कार्या के नाम पर पंचायत निधि का पैसे का भी दुरूप्रयोग किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों ने खड़ंजे को उखड़वा कर सीसी का निर्माण तथा गांव में पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण कराये जाने की मांग की है। इस मौके पर भूपेन्द्र कुमार, श्यामसुन्दर, रवेन्द्र कुमार, सुघन सिंह, खजान्चीलाल,राजकुमार, योगेन्द्र कुमार, निशान्त, सुशील कुमार, रचेन्द्र कुमार, प्रेम सिंह, छोटेलाल, रामदास, मंजीत, धीरज कुमार आदि लोग मौजूद थे। वही नायब तहसीलदार वंशिका सिंह ने बताया कि समस्या संज्ञान में है। क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को मौके पर जाकर स्थिति की रिपोर्ट देने को कहा गया है। जांच रिपोर्ट मिलने पर बीडीओ जलेसर को अवगत कराकर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# कमरे में फंदे से लटका मिला शव



- दोनों पैर खा गए कुत्ते; देखकर पुलिस के भी रोंगटे खड़े हो गए

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** नंदग्राम में फंदे पर लटके मिले शव को कुत्ते खा गए। घटना स्थल पर पुलिस अधिकारी पहुंचे तो शव की हालत को देखने के बाद वे भी हिल गए। जानकारी के अनुसार नंदग्राम स्थित डबल टंकी मोहल्ला के मकान से दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मकान का गेट खोलकर देखा तो मकान मालिक हंसराज (55) का शव फांसी पर लटका था। शव में दुर्गंध आ रही थी। शव के दोनों पैरों की हड्डी दिख रही थी और मांस गायब था।

आसपास के लोगों ने बताया कि कई दिनों से इस घर में कुत्ते घूम रहे थे। कुत्तों का मुंह जहां तक पहुंचा, वहां तक शव को नोच लिया। फंदे पर लटके शव के दोनों हाथों के पंजे भी कुत्तों ने नोच रखे हैं। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि शव की हालत देखकर करीब एक सप्ताह पुराना लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट होगी।

# मधुबन बापूधाम योजना के आवंटियों-किसानों के लिए प्राधिकरण ने बनाई पॉकेट वार विकास हेतु कार्य योजना

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम आवासीय योजना को पॉकेटवार विकसित करने की तैयारी करने में जुटा है। इसके लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का इंजीनियरिंग, नियोजन और संपत्ति अनुभाग मिलकर काम करेंगे। ताकि मधुबन बापूधाम योजना के आवंटियों और स्थानीय किसानों को इसका लाभ मिल सके।करीब दो दशक पूर्व धरातल पर उतारी गई मधुबन बापूधाम योजना किसानों से विवाद के चलते पूरी तरह विकसित नहीं हो सकी। प्राधिकरण की ओर से अब इस योजना को योजनाबद्ध तरीके से विकसित करने की तैयारी की जा रही है, जिसके लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण वीसी अतुल वत्स ने निर्देश दिए हैं। इसके लिए पहले योजना के उन पॉकेट को विकसित किया जाएगा, जहां आवंटी निवास कर रहे हैं या आवंटित प्लॉटों में लोग निर्माण करना चाहते हैं। इसके अलावा अन्य पॉकेट पर भी प्लॉट काटकर वहां मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अधिकारी के अनुसार मधुबन बापूधाम योजना में छह पॉकेट है, जिसमें दो पॉकेट में ईडब्ल्यूएस और एलआइजी बने हुए हैं, जबकि डी पॉकेट के प्लॉट वर्ष 2011 में बिक चुके हैं। इसके बाद भी अन्य पॉकेट के बिके प्लॉटों में सड़क, बिजली, पानी, सीवर, ड्रेनेज आदि के कार्य पहले कराए जाएंगे। इसके लिए इंजीनियरिंग, नियोजन और संपत्ति अनुभाग के प्रभारी अधिकारी तैयारी में जुटे हैं। इसके लिए अपर सचिव प्रदीप सिंह को नोडल अधिकारी के तौर पर जिम्मेदारी दी गई है, जो प्रत्येक मंगलवार को मधुबन बापूधाम कार्यालय में आवंटियों और किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराएंग। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अंत में 281 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया।वर्ष 2011 से 2015 के बीच विभिन्न पॉकेट में 2,316 प्लॉट और डिस्ट्रिक सेंटर की योजना निकाली गई। इसमें इच्छुक आवेदकों ने आवेदन किया और उन्हें प्लॉट मिला।इसके अलावा भी अन्य योजनाओं में ग्रुप हाउसिंग और आवासीय प्लॉट की बिक्री की गई।

# गृह क्लेश से परेशान तनाव ग्रस्त युवक ने गंग नहर में लगाई छलांग

लोकमित्र ब्यूरो

**मोदीनगर।** एक युवक ने गुरुवार सुबह निवाड़ी गंगनहर में छलांग लगा दी। घरेलू कलह से परेशान होकर युवक ने यह कदम उठाया। पुलिस और गोताखोरों की टीम ने नहर में सर्च ऑपरेशन चलाया लेकिन युवक का पता नहीं चला। पीड़ित शख्स इंस्टाग्राम पर रील बनाता था। एनडीआरएफ की टीम शुक्रवार को सर्च ऑपरेशन चलाएगी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।गंगनहर पुल पर खड़ी की मोपेड और नहर में लगा दी छलांग । घरेलू कलह में क्षुब्ध होकर युवक ने यह कदम उठाया। आसपास के लोगों की सूचना पर निवाड़ी पुलिस व गौताखोरों की टीम ने नहर में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन युवक नहीं मिला। निवाड़ी पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम को पत्र लिखा है। उम्मीद है कि शुक्रवार को एनडीआरएफ की टीम सर्च ऑपरेशन चलाएगी। निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव भनैड़ा के राशिद (28) कामगार थे। घर में पत्नी व तीन बच्चों के साथ रहते थे। बताया जा रहा है कि घर में पत्नी से कलह चल रही थी। जिसके चलते राशिद तनाव में चल रहे थे। इंस्टाग्राम पर रील भी बनाता था।

बृहस्पतिवार सुबह करीब दस बजे वे अपने मोपेड से निवाड़ी पुल पर पहुंचे। पुल पर मोपेड़ खड़ी की और गंगनहर में छलांग लगा दी। आसपास के लोगों ने यह देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोतोखोरों को नहर में उतारा। शाम तक सर्च आपरेशन चलाया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मोपेड की मदद से राशिद की पहचान कर स्वजन को सूचना दी। कुछ ही देर में बाद से गांव से काफी संख्या से लोग मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद से राशिद के स्वजन को रोरोकर बुरा हाल है। खबर लिखे जाने तक राशिद का सुराग नहीं लगा है।

# अधोरियां की रहस्यमय जिन्दगी पर एक फिर पर्दे पर बन रही है नई डॉक्यूमेंट्रीः एहसास कांजीलाल

- प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले में बोंग डॉक्यूमेंटी फिल्म निर्मिता एहसास कांजीलाल द्वारा अपनी दूसरी डॉक्यूमेंट्री फिल्म द् सेक्रेड स्कल्स की शूटिंग शुरु की

लोकमित्र ब्यूरो




**नोएडा।** बोंग डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्मिता व पत्रकार एहसास कांजीलाल अपनी दूसरी डॉक्यूमेंट्री फिल्म द् सेक्रेड स्कल्स की शूटिंग शुरु करने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जो अघोरियों की रहस्यमय व आकर्षक दुनियां की एक गहन खोज है।

फिल्म की शूटिंग 14 जनवरी 2025 को प्रयागराज में आयोजित महाकुभ मेले के दौरान शाही स्नान से शुरु की गई। एहसास कांजीलाल अपनी पहली डॉक्यूमेंट्री रेड नॉट्स की जबरदस्त सफलता के बाद, जिसमें राष्टीय व अंतराष्टीय स्तर पर 30 से अधिक पुरस्कार जीते थे, एहसास अनकही कहानियों को गहराई से जानने के लिए तैयार है।

द् सेक्रेड स्कल्स रहस्यमय अघोरी संप्रदाय के अस्तित्व, विश्वास, जीवनशैली, इतिहास व वर्तमान वास्तविकताओं में एक गहरी अंतदृष्टि प्रदान करने का वादा करती है। द् सेक्रेड स्कल्स डॉक्यूमेंट्री फिल्म का पोस्टर हॉल ही में रिलीज किया गया था। एहसास कांजीलाल ने कहा कि यह सिर्फ एक डॉक्यूमेंट्री नहीं है बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा है। द् सेक्रेड स्कल्स के माध्यम से हमारा उद्देश्य अघोरियों की मान्यताओं व रीति रिवाजों के सार को पकडते हुए गलत समझे जाने वाले और अक्सर गलत तरीके से प्रस्तुत किए जाने वाले अघोरियों पर प्रकाश डालना है।

उनकी पहली डॉक्यूमेंट्री रेड नट्स बहुत सफल रही। इसके बाद फिल्म निर्माता एहसास कांजीलाल अपनी अगली फिल्म पर काम शुरु करने के लिए तैयार है। एहसास कांजीलाल की दूसरी डॉक्यूमेंटी द् सेक्रेड स्कल्स आम आमदी को रहस्समयी अधोरी संतों की दुनियां में ले जाएगी, उनके पवित्र अनुष्ठानों, ऐतिहासिक उत्पति व समकालीन समाज में उनके महत्व को उजागर किया जाएगा।

द् सेक्रेड स्कल्स अधोरो के जीवन का गहन अंवेषण करने का वादा करती है, सुमना कांजीलाल व मोजोटेल एंटरटेनमेंट्स एंड डिस्टीब्यूशंस द्वारा निर्मित द् सेक्रेड स्कल्स एक समुदाय के व्यावहारिक व श्रद्धपूर्ण चित्रण के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का वादा करता है।

एक समुदाय जो लंबे समय से रहस्य में डूबा हुआ है। महज 23 साल की उम्र में कांजीलाल का निर्देशन एक बार फिर उनकी इस अनूठी दृष्टि व कहानी करने के कौशल को सामने लाएगा। निर्मताओं का मानना है कि यह वृतचित्र एक ही समय में जानकारीपूर्ण व प्ररेक होगा।

# नुमाइश में शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मेलन आज

- ब्लॉक अध्यक्षों ने की शिक्षको से प्रतिभाग करने का आव्हान किया
- साथ ही जिले के सभी सम्मानित विधायकगण, एमएलसी, ब्लॉक प्रमुख एवं चेयरमैन भी अतिथि के रूप में विराजमान होंगे

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** एटा महोत्सव में इस बार समस्त शिक्षक संगठनों के जिलाध्यक्ष जिला मंत्री एवं पदाधिकारी, समस्त शिक्षक, शिक्षिकायें, शिक्षा मित्र, अनुदेशक एवं कर्मचारियों के सहयोग से शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी शिक्षक- शिक्षिकाएँ, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं कर्मचारी जुटे हुए हैं। उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव सिंह जादौन ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी में शुक्रवार को शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मलेन का सुबह 11 बजे से शुभारंभ होगा।

पूर्व एटा सांसद राजवीर सिंह राजू भैया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। साथ ही जिले के सभी सम्मानित विधायकगण, एमएलसी, ब्लॉक प्रमुख एवं चेयरमैन भी अतिथि के रूप में विराजमान होंगे। संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेयजी भी प्रदेश महमन्त्री एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष सहित कार्यक्रम की शोभा बढायेंगे। इसके साथ ही जिले के सभी प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष ने जलेसर तहसील सहित जिले के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं कर्मचारियों से कार्यक्रम में समय से प्रतिभाग करने की अपील की है।

# पीएम किसान योजना में लाभ के लिए किसानों को बनवानी होगी फार्मर आईडी

- एसडीएम व नायब तहसीलदार ने गाँवो में जाकर किसानों को फार्मर आई.डी बनवाने को किया प्रेरित

लोकमित्र ब्यूरो



**अलीगंज/एटा।** किसान हित के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इन सभी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ही योजना का लाभ मिले इसके लिए केंद्र/राज्य स्तर पर योजनाओं में समय-समय पर अपडेट किया जाता है। इस कड़ी में केंद्र सरकार द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत देशभर में उन आर्थिक रूप से कमजोर किसानों को एक निश्चित धनराशि की सहायता प्रदान की जाती है, जिनके पास वास्तव में कृषि योग्य भूमि है। सरकार की इस जनकल्याणी योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ पात्र किसानों को ही मिले इसके लिए सरकार द्वारा इसमें कई बड़े अपडेट किए गए है। इसमें किसानों का किसान खाता की ई-केवाईसी आधार कार्ड का बैंक खाते से लिंक होना लैंड सीडिंग आदि शामिल है। सरकार अब किसानों की फार्मर आईडी बनवा रही है, ताकि पात्र किसानों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगम एवं पारदर्शी तरीके से मिल सके। शासन के निर्देशों के अनुसार जिला स्तर से लेकर तहसील व ग्रामीण क्षेत्रों में केम्प के माध्यम से किसान आई डी बनवाने का कार्य चल रहा है. गुरवार को उपजिलाधिकारी अलीगंज विपिन कुमार व नायव तहसीलदार अरविन्द गौतम ने अमरोली कुड़ा पुरसाहाल बुलाकी नगर खरसुलिया सहित आधा दर्जन गांव का दौरा किया किसानों को एकत्रित किया और उन्हें फार्मर आई डी के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही उन्होंने किसान भाइयों से कहा जल्द ही अपनी भूमि की किसान आई डी बनवाये ताकि सरकारी लाभ मिल सके बेंको में लोंन के लिए चककर न लगाना पड़े यदि आई डी होगी।

# सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर से मानसिक स्वास्थ्य पर असर

- कम धूप के संपर्क में रहने से विटामिन डी का गिर रहा स्तर, डिप्रेशन और एंग्जायटी का खतरा बढ़ा
- सुबह के समय 15-20 मिनट धूप में बैठें। यह मूड को बेहतर बनाने और विटामिन डी के स्तर को बढ़ाने में मददगार
- डॉक्टर की सलाह से विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए सप्लीमेंट लिया जा सकता है

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** सर्दियों का मौसम जहां सुकून और गर्म चाय-कॉफी का आनंद लेकर आता है। वहीं यह कई लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर भी डाल सकता है। सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर एक ऐसी स्थिति है, जो सर्दियों के दौरान मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है।

फेलिक्स अस्पताल की साइकेट्रिस्ट डॉ. आशिमा रंजन का कहना है* कि सर्दियों में धूप कम मिलती है, जिससे शरीर की इंटरनल क्लॉक प्रभावित होती है।

इससे सेरोटोनिन हार्मोन का स्तर घट सकता है, जो मूड को नियंत्रित करने में मदद करता है। कम धूप के संपर्क में रहने से विटामिन डी का स्तर गिरता है, जिससे डिप्रेशन और एंग्जायटी का खतरा बढ़ता है। ठंडे मौसम के कारण लोग घरों में बंद रहते हैं और सामाजिक मेलजोल कम हो जाता है, जिससे अकेलापन महसूस हो सकता है। सर्दियों में लंबी रातें और धीमा डेली शेड्यूल स्लीप साइकिल को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे मानसिक सुस्ती हो सकती है।

ठंड के कारण चलना-फिरना और एक्सरसाइज कम हो जाती है, जिससे एंडोर्फिन और हैप्पी हार्मोन्स का स्तर घट सकता है। सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर का इलाज लाइट थेरेपी है। एक विशेष प्रकार की लाइट बॉक्स के जरिए रोजाना 20-30 मिनट तक कृत्रिम रोशनी में बैठने से लाभ होता है। डॉक्टर की सलाह से विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए सप्लीमेंट लिया जा सकता है। दिमाग को शांत और सकारात्मक बनाए रखने के लिए योग और ध्यान करना बेहद प्रभावी होता है। जरूरत पड़ने पर मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से संपर्क कर काउंसलिंग या थेरेपी ली जा सकती है। गंभीर मामलों में डॉक्टर की सलाह से दवाइयां ली जा सकती हैं। जरूरी है कि अपने रूटीन में बदलाव करें। थोड़ा वक्त बाहर समय बिताने की कोशिश करें, भले ही ठंड क्यों न हो। खुद को सकारात्मक विचारों और गतिविधियों में व्यस्त रखें। यदि पिछले साल भी सर्दियों में ऐसे लक्षण महसूस हुए थे, तो पहले ही डॉक्टर से सलाह लें।

**सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर के लक्षणः-**

हर समय उदासी और निराशा महसूस होना।

छोटी-छोटी बातों पर चिड़चिड़ापन या गुस्सा आना।

सामान्य कार्यों में भी ऊर्जा की कमी महसूस होना।

हर समय सोने की इच्छा होना।

लोगों से मिलने-जुलने का मन न करना।

ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होना।

विशेषकर मीठे और कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन की इच्छा बढ़ना।

**बचाव के तरीकेः-**

सुबह के समय 15-20 मिनट धूप में बैठें। यह मूड को बेहतर बनाने और विटामिन डी के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है।

ठंड के बावजूद घर पर ही हल्का फिजिकल एक्टिविटी करें।

संतुलित आहार लें, जिसमें हरी सब्जियां, फलों और प्रोटीन की भरपूर मात्रा हो।

दोस्तों और परिवार से जुड़े रहें और समय-समय पर उनसे बातचीत करें।

सोने और उठने का समय तय करें और उसे नियमित रूप से फॉलो करें।

## संक्षिप्त खबरें

### प्लास्टिक मुक्त अभियान, महाकुंभ में, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा



**अमेठी।** भारतवर्ष की बात हो और भारतीय संस्कृति सभ्यता को सहेजने का दायित्व अधिकतर साधु संत एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं को करते हुए,नजर आता है जिसका जीता जागता उदाहरण सेवा भाव करना ही होता है राष्ट्र सेवा ही उनके लिए सर्वोपरि कार्य है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक ओम प्रकाश के नेतृत्व में देश भर के स्वयंसेवक मिलकर पालीथीन मुक्त करने का संकल्प उठाये हैं, जिनके पास पालीथीन, पन्नी है तो उनको कपड़े का थैला और भोजन करने के लिए थाली, गिलास सप्रेम भेंट कर रहे हैं.... बड़े छोटे आश्रमों में भी थाली की सेवा संघ पहुंचाने का प्रयास कर रहा है , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता प्रशासन का पूर्ण मनोयोग से मदद कर रहे हैं जैसे खोया पाया, ट्रैफिक व्यवस्था, स्नान घाट, मेला सुरक्षा, फायर स्टेशन आदि आदि और साथ ही जिन स्थानों पर भंडारे या महाप्रसाद वितरण हो रहा है उन स्थानों पर भी भोजन वितरण में संपूर्ण सहयोग कर रहे हैं, इस कार्य में ह्ल्यह्य के हजारों स्वयंसेवक कार्यकर्ता सहयोग कर रहे हैं , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शीर्ष नेतृत्व भी इसकी अनुमति प्रदान किया है।

### खुन्नस में हुई मारपीट पुलिस से शिकायत

**बीघापुर,उन्नाव।** नगर पंचायत बीघापुर के गांधीनगर में अपनी मौसी को छोड़ने आए युवक पर उसके रिश्तेदारों ने ही हमला कर लहूलूहान कर दिया पीड़ित ने थाने में तहरीर देखकर मामला पंजीकृत कराया है ।असोहा थाना क्षेत्र के लंगड़ा खेड़ा निवासी गोपाल अवस्थी पुत्र राजेंद्र कुमार ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह अपनी मौसी बेदवती दीक्षित को नगर पंचायत के मोहल्ले गांधीनगर छोड़ने आया था तभी पूर्व से खुन्नस खाए रिश्तेदार कान्हा दीक्षित और गोलू दीक्षित पुत्र रामबाबू दीक्षित ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी जिससे उसके सर में गंभीर चोटे आई हैं। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि गोपाल अवस्थी की तहरीर पर गाली-गलौज मारपीट धमकी का मामला पंजीकृत कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है जांच के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### मार्ग दुर्घटनाओं में दो युवक गम्भीर घायल,जिला अस्पताल रिफर

**बांगरमऊ ,उन्नाव।** क्षेत्र के दो अलग-अलग मार्गों पर दुर्घटनाओं में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के ग्राम उम्मरपुर पीतम निवासी जान मोहम्मद 19 वर्ष पुत्र राज मोहम्मद गांव में ही बाइक अनियंत्रित होकर से पत्थर पर गिर पड़ी। जिससे उसका सिर लहूलुहान हो गया द्य परिजन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए द्य जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देख घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहीं थाना बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम गनीपुर निवासी अरविन्द 28 वर्ष पुत्र ईश्वरी और पड़ोसी गांव जैतापुर निवासी चंद्रप्रकाश पुत्र मेवा बाइक से देर शाम कहीं से वापस अपने घर आ रहे थे द्य तभी रास्ते में गौरिया कला- हुलासी कुआं मार्ग स्थिति ग्राम सैता के सामने अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई द्य हादसे में अरविन्द व चन्द्रप्रकाश दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना पर पहुँचे परिजनों ने दोनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### दुर्गा मंदिर रोड पर बढ़ रही असमाजिक गतिविधियां

**सफीपुर,उन्नाव।** सफीपुर कस्बे में उपजिलाधिकारी आवास के पास दुर्गा मंदिर रोड पर स्थित बालिका इंटर कॉलेज और कोचिंग सेंटर के आस पास आराजक तत्वों का जमावड़ा होता है।जो बाइक पर सवार होकर युवतियों को परेशान करते है। इन आराजक तत्वों द्वारा की जाने वाली हूटिंग और शोहदगी से छात्राओं और युवाओं को समस्या हो रही है।इस मार्ग पर फास्ट फूड की दुकानें भी है जहां पर छात्र छात्राएं बैठ कर समय बिताते है और वहां भी असमाजिक गति विधियां बढ़ रही है।भारत विकास परिषद ब्रह्मावर्त प्रांत के महामंत्री हरिपाल सिंह ने इस पर चिंता जताई है और उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया है कि एंटी रोमियो की टीम को इस क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखनी चाहिए।इसके अलावा फास्ट फूड की दुकानों के लाइसेंस की जांच और वहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की आवश्यकता बताई है।कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण सिंह ने इस पर कार्यवाही का आश्वासन दिया और गोपनीय जांच की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही।

### सिद्धेश्वर बाबा महादेव मंदिर में शुरू हुई नव दिवसीय भागवतकथा



**बीघापुर,उन्नाव।** तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा भवानी स्थित सिद्धेश्वर बाबा महादेव प्रांगण में नव दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा मथुरा वृंदावन से पधारे भागवत आचार्य श्री कृष्ण महाराज के नेतृत्व में निकाली गई कलश यात्रा में लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कलस यात्रा ने पूरे गांव का भ्रमण कर अंत में मंदिर परिसर में समाप्त हुई। भगताचारिणी करत यात्रा के समापन के बाद यात्रा में शामिल लोगों को भागवत कथा के महात्म के बारे में बताया उन्होंने कहा कि कलिकाल में भागवत कथा ही एकमात्र ऐसा उपाय है जो लौकिक और पारलौकिक जीवन को सुखमय बनाती है।कलस यात्रा में मुख्य रूप से हरिओम पांडे , संजय पांडे, वीना अग्निहोत्री सभासद ,श्वेता पांडे, पुष्पा गोस्वामी,रेखा सैनी,गीता गोस्वामी,विमला शर्मा,जयप्रकाश मिश्रा,संजू शुक्ला, विनय पांडे, रामशरण चौधरी, मुन्ना मिश्रा, पप्पू दीक्षित, राजा अवस्थी, राजन त्रिवेदी राम निरंजन शुक्ला, सोहनलाल त्रिवेदी ,सधन चौरसिया ,बच्चू शुक्ला, संजय पांडे ,सुभाष शर्मा आदि रहे।

### आपकी चंद्र नाणी चलेगी, जो पढ़ोगे याद होगा-बृजभूषण सिंह,बोले-मारपीट में आप लोग पड़ रहे हैं कमजोर

**गोण्डा।** जनपद के रघुकुल विद्यापीठ में आयोजित छात्रों से संवाद कार्यक्रम की है। जिसमें पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बच्चों को प्रेरित करने के लिए अपने विचार साझा किए। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई और शारीरिक व्यायाम के महत्व के बारे में बताया। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने खासतौर पर चंद्र नाणी (बाईं नाड़ी) और सूर्य नाणी (दाएं नाड़ी) के बीच अंतर समझाया। बृजभूषण शरण सिंह का कहना था कि जब हम चंद्र नाणी को सक्रिय करते हैं, तो यह पढ़ाई के लिए उपयुक्त होता है, जबकि सूर्य नाणी से शारीरिक ताकत बढ़ती है। उन्होंने बच्चों को यह भी सुझाव दिया कि अगर उनकी तबीयत ठीक नहीं हो, या वे कमजोर महसूस कर रहे हों, तो उन्हें सूर्य नाणी का प्रयोग करना चाहिए। ताकि उनकी ताकत बढ़ सके। साथ ही, उन्होंने बच्चों को अपनी नाक की सांस चेक करने की सलाह दी। ताकि शरीर के स्वस्थ होने का एहसास हो सके। कार्यक्रम के अंत में, बृजभूषण शरण सिंह ने सैकड़ों बच्चों को ट्रैकसूट वितरित किए।

# पागल कहने पर चचेरी बहन को उतारा मौत के घाट, तीन किलो वजनी हथौड़े से की हत्या

लोक मित्र संवाद





**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा में बुधवार शाम एक युवक ने तीन किलो वजनी हथौड़े से ताबड़तोड़ वार कर अपनी चचेरी बहन को मौत के घाट उतार दिया। घटना के समय घर पर वो दोनों अकेले थे। हत्या के बाद युवक घर पर ही बैठा रहा। शाम को युवक के पिता जब पैराशूट फैक्ट्री से छुट्टी होने के बाद घर पहुंचे तो भतीजी का रक्तरंजित शव देख कर उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया हथौड़ा कब्जे में लेते हुए युवक को हिरासत में लिया।

जिसकें बाद फोरेंसिक टीम से साक्ष्य एकत्र किए। मौके पर पहुंची सीओ सिटी ने भी घटना की जांच की। दिवंगत युवती के पिता की तहरीर पर आरोपित शिवम के खिलाफ हत्या का मुकदमा लिखा गया है।

शिवशंकर धानुक ने बताया कि चचेरे भाई गंगा प्रसाद धानुक अजगैन थाना क्षेत्र के रामबख्श खेड़ा में रहते है। अपने भाई की पुत्री अंजू 22 को वह तकरीबन 15 दिन पहले अपने घर चंपापुरवा ले आए थे। अंजू अक्सर उनके घर आ कर रुका करती थी । बुधवार को शिवशंकर पैराशूट फैक्ट्री ड्यूटी पर गए थे, और उनकी पत्नी सावित्री मकर संक्रांति पर्व पर अपने मायके लोकनगर उन्नाव गई थी। घर पर उनकी भतीजी अंजू और मझला पुत्र शिवम उर्फ गोलू अकेले थे। शाम को घर आने पर उन्होंने भतीजी के रक्तरंजित शव को सोफे पर पड़ा पाया। उन्होंने बताया कि आरोपी शिवम का काफी वर्षो से मानसिक चिकित्सक से इलाज चल रहा था। भतीजी अक्सर आरोपी को पागल पागल कह कर चिढ़ाया करती थी। जिस पर वह नाराज़ हो जाता था। शिव शंकर के तीन बेटों में बड़ा राजा बाउंसर है और छोटे बेटे का नाम बउआ है।

वहीं हत्या में प्रयुक्त तीन किलो वजनी हथौड़े के बारे में शिवशंकर ने किसी भी जानकारी से इनकार करते हुए बताया कि उसे नहीं पता कि हथौड़ा कहा से आया और किसका है । गंगाघाट कोतवाल ने बताया कि आरोपी शिवम को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दो शातिर अपराधी पुलिस की गिरफ्त में चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी** जिले में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के क्रम में बुधवार रात्रि को उ0नि0 प्रदीप सिंह थाना गौरीगंज मय हमराह द्वारा एक स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम राजेश अग्रहरि पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम खालीसराय कटरालालगंज वार्ड नं0 25 थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 34 वर्ष व दुसरे ने अपना नाम मोहम्मद एजाज पुत्र मोहम्मद अली निवासी पोस्ट आफिस के पीछे कटरालालगंज थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष बताया । मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा न सके । ई-चालान एप से चेक करने पर मोटरसाइकिल पर अकिंत नम्बर बोलेरो गाड़ी का था । चेचिस नम्बर डालकर चेक किया गया तो गाड़ी का मूल नम्बर क्क36 ष्ट 7519 था । पुलिस की माने तो पूछताछ में दोनों व्यक्तियों ने बताया यह मोरसाइकिल हम दोनों लोगों ने दिनांक 25.12.2024 को थानाक्षेत्र जगदीशपुर से एक किराने की दुकान के पास से चोरी की थी तथा इसका कूटरचित नम्बर तैयार कर चला रहे थे । दोनों अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में लेकर आगे पूछताछ की गयी तो अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगों के पास चोरी की 02 अन्य मोटरसाइकिल है जिन्हें बरामद करा सकता हूँ । अभियुक्तों की निशानदेही पर गौरीगंज पोस्ट आफिस के पास एक कमरे से चोरी की 02 अन्य मोटरसाइकिल बरामद की गयी ।

एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट के संबंध में अभियुक्त मोहम्मद एजाज ने बताया की यह मोटरसाइकिल जायस के पास से सड़क चलते व्यक्ति से 2000रु0- में खरीदी थी तथा इसका चेचिस नम्बर खुरच दिया था, दूसरी मोटरसाइकिल के संबंध में बताया की यह मोटरसाइकिल अगस्त 2024 में अमेठी बाईपास से चोरी किया था । बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों को मौके से समय करीब 10ः50 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## गंगा प्रसाद महतो सरस्वती विद्या मंदिर से छात्रों का प्रयागराज महाकुंभ प्रस्थान

लोक मित्र संवाद



**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगा प्रसाद महतो सरस्वती विद्या मंदिर, गंगानगर ने विद्या भारती के तत्वावधान में संचालित संत रविदास संस्कार केंद्र के 102 सदस्यों को महाकुंभ दर्शन के लिए प्रयागराज रवाना किया। यह कार्यक्रम विद्या भारती के व्यापक प्रयासों का एक हिस्सा है, जो भारत ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे बड़ा गैर-सरकारी शैक्षणिक संगठन है।

विद्या भारती के अंतर्गत, गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज भी एक सक्रिय संत रविदास संस्कार केंद्र संचालित कर रहा है। विद्या भारती के संसाधनों की सीमाओं के बावजूद, यह संगठन वनवासी, पिछड़े और उपेक्षित क्षेत्रों में निःशुल्क विद्यालय चलाने के साथ-साथ छात्रों के भोजन, वस्त्र और पुस्तकों की व्यवस्था भी करता है। संस्कार केंद्रों को सरकारी भाषा में एकल शिक्षक विद्यालय भी कहा जाता है। इन केंद्रों पर साक्षरता, स्वाध्याय, स्वावलंबन, संस्कृति, स्वदेश प्रेम और सामाजिक समरसता जैसे अनौपचारिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ये केंद्र उन बच्चों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं जो पारिवारिक विवशता या विद्यालयों की अनुपलब्धता के कारण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इन केंद्रों में, ऐसे बच्चों को एकत्रित कर साक्षर बनाने का प्रयास किया जाता है। इसके अतिरिक्त, जो बच्चे विद्यालय तो जाते हैं, लेकिन पारिवारिक परिवेश के कारण शिक्षा में पिछड़ जाते हैं, उनके लिए विशेष शिक्षण की व्यवस्था की जाती है ताकि वे अपनी कक्षा के स्तर तक पहुँच सकें। इस विशेष आयोजन में, उन्नाव संकुल के गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर गंगानगर और सरस्वती विद्या मंदिर गोपीनाथ पुरम सहित चारों विद्यालयों के संस्कार केंद्र के अभिभावक, संचालक, संचालिकाएँ और छात्र शामिल थे। कुल 102 लोगों के इस समूह को तिलक लगाकर और ष्हर हर महादेवष् के जयघोष के साथ महाकुंभ दर्शन के लिए प्रयागराज रवाना किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता से जोड़ना है।

## दाढ़ी बनवा रहे हैं अधेड़ का गला उस्तरे की ब्लेड से काटा, हालत गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो



**निन्दूरा, बाराबंकी।** कुर्सी कोतवाली क्षेत्र में बुधवार दोपहर के बाद नाई की दुकान पर दाढ़ी बनवा रहे हैं अधेड़ के गला नाई के उस्तरे की ब्लेड से कट गया। खून निकलने पर नई मौके से फरार हो गया। इस घटना के बाद दुकान चौराहे पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने खून से लथपथ अधेड़ को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया।

हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर उसे ड्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुर्सी कोतवाली क्षेत्र मदारपुर मजरे अनवारी गांव निवासी रामसागर 65 पुत्र स्वर्गीय बाबादीन बुधवार दोपहर बाद अनवारी स्थित पाड़री रोड पर नाई आदिल की गुमटी दुकान पर दाढ़ी रामसागर बनवा रहे ताभी अधेड़ के गला नाई के उस्तरे की ब्लेड से कट गया। खून निकलने पर अधेड़ गिर गया नई मौके से फरार हो गया। इस घटना के बाद दुकान व चौराहे पर हड़कंप मच मामला दो समुदाय के होने के चलते गया। कुर्सी पुलिस के साथ क्षेत्र अधिकारी व बड्डूपुर पुलिस मौके पर पहुंची खून से लथपथ अधेड़ को बेहटा बाजार स्थित पहुंचाया।

हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर उसे ड्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोगों द्वारा नाई द्वारा जानबूझकर घटना को अंजाम दिए जाने की बात कही जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि घायल को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## विद्यार्थी परिषद द्वारा किया गया वस्त्र वितरण

इस अभियान का उद्देश्य सेवा बस्ती में रहने वाले गरीब और असहाय लोगों को ठंड से राहत पहुंचाना था

लोक मित्र संवाद

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गुरुवार को आनंद घाट स्थित सेवा बस्ती में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की शुक्लागंज नगर इकाई ने जरूरतमंदों के लिए वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य सेवा बस्ती में रहने वाले गरीब और असहाय लोगों को ठंड से राहत पहुंचाना था। कार्यक्रम की शुरुआत एबीवीपी नगर अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने की। इस अवसर पर जिला सहसंयोजक अनंत शुक्ला, नगर मंत्री विपिन कुमार, जय हो फ्रेंड्स फाउंडेशन के संस्थापक जय सिंह, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक शुक्ला, आशुतोष सिंह, शिवम तिवारी, शौर्य दुबे और कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर सेवा भाव से वस्त्र वितरण में सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान, कार्यकर्ताओं ने सेवा बस्ती के लोगों के बीच गर्म कपड़े, जैकेट, स्वेटर और कंबल वितरित किए। सर्दी के इस मौसम में इस पहल से बस्ती के गरीब और असहाय लोगों को बड़ी राहत मिली। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने भी हिस्सा लिया और विद्यार्थी परिषद की इस पहल की सराहना की। नगर अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा से सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल छात्रों के अधिकारों और शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की सहायता करना भी है।

## खेल मैदान के कार्यों में लाये तेज़ी: संजय

स्टेट मनरेगा कवालिटी स्पेस्लिस्ट ने मनरेगा कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो



**मसौली बाराबंकी।** गुरुवार को स्टेट मनरेगा कवालिटी स्पेस्लिस्ट संजय कुमार श्रीवास्तव ने खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना द्वारा कराए गए व चल रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया तथा अभिलेखो का जायजा लिया।

ग्राम पंचायत ज्योरी पहुंचे राजस्तरीय टीम ने मनरेगा योजना के तहत बन रहे खेल के मैदान का जायजा लेते हुए कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिये। ग्राम करन्द मे तालाब के जीर्णोद्धार कार्य को देखा तथा ग्राम पंचायत धरौली मे खेल मैदान कार्य की गुणवत्ता जांची तथा पत्रावलियों का निरीक्षण करते हुए कार्य मे लगे श्रमिको से वार्ता की तथा महिला मेट माया चक्रवती व रोजगार सेवक विनोद कुमार से मनरेगा रजिस्टरों की जानकारी ली। कार्य पर मेडिकल किट के उपलब्ध होने पर उसमे उपलब्ध दवाओ की जानकारी ली। ग्राम पंचायत बुधवारा पहुंची टीम ने इंटरलाकिंग व तालाब पर चल रहे कार्य की गुणवत्ता परखी तथा मनरेगा में प्रयुक्त होने वाले सात रजिस्टर का निरीक्षण किया।

मनरेगा कार्यो में कार्य करने वाले मजदूरों से मजदूरी मिल जाने की बाबत बात की। ग्राम पंचायत मुबारकपुर के अमृत सरोवर का निरीक्षण किया।

इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने मजदूरों के जाबकार्ड देखे व पत्रावलियों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक कार्य की तीन स्टेज की फोटो कार्य प्रारंभ के पहले, मध्य कार्य करते हुए मजदूरों की फोटो और कार्य पूर्ण होने की फोटो को भी उन्होंने देखा। उन्होंने अधीनस्थ कर्मियों को निर्देशित किया कि अभिलेख दुरुस्त रखें। कार्यो की गुणवत्ता बनाए रखें। फोटो के साथ कार्यो की वीडियो क्लिप भी बनाये रखने के निर्देश दिये निरीक्षण के दौरान छोटी मोटी कमियों को छोड़कर सभी कुछ ठीक मिला।

निरीक्षण के दौरान एपीओ मोनिका, तकनीकी सहायक अजय वर्मा, संदीप पाल, दिलीप रावत, सूराज कुमार, मदनलाल यादव, दिनेश्चंद्र सहित ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव व रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## यूपी पुलिस ने जीता फाइनल मुकाबला



लोक मित्र संवाद

**पाटन,उन्नाव।** कस्बा बिहार में बाबा गौरीशंकर वॉलीबॉल डे-नाइट प्रतियोगिता मे फाइनल इस प्रतियोगिता में यू पी पुलिस टीम ने कड़े मुकाबले के बाद शील्ड अपने नाम किया । प्रतियोगिता मे कुल 12 टीमों ने प्रतिभाग लिया। कस्बा बिहार मे बुधवार को गौरी शंकर डे नाइट वालीवाल प्रतियोगिता मे सेमीफाइनल मुकाबले रोमांचक रहे। पहले सेमीफाइनल में सुल्तानपुर और यूपी पुलिस लखनऊ की टीम मे मुकाबला हुआ। तीन सेट के इस मुकाबले में यूपी पुलिस ने 21-18 और 21-19 से जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में करकसा और आरपीएफ लखनऊ की टीम भिड़ीं, जिसमें करकसा ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की।फाइनल मुकाबला करकसा और यूपी पुलिस लखनऊ के बीच खेला गया। 25 अंकों के तीन सेट वाले इस रोमांचक मैच में यूपी पुलिस ने लगातार दो सेट 25-22 और 25-22 से जीतकर विजेता शील्ड अपने नाम किया। फाइनल मैच विजेता को □15,000 व शील्ड और उपविजेता करकसा टीम को □11,000 व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। आयोजक मंडल ने खिलाड़ियों और अतिथियों का माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। कड़ाके की ठण्ड मे भी भारी संख्या मे दर्शक खिलाडियों का उत्साह वर्धन करते रहे। मैच मे कमेन्ट्री चन्द्रेश सिंह ने किया।

इस अवसर पर राजेन्द्र बहादुर सिंह, राज कुमार मिश्रा, दिनेश बाजपेई, संदीप मिश्रा, शक्ति भदौरिया, शानू बाजपेई, कान्हा मिश्रा, बड़े बउआ, ओम प्रकाश पासवान, अशोक सिंह, सुरेंद्र शुक्ला, अजय मिश्रा, मोनू तिवारी, अर्पित सिंह आदि उपस्थित रहे।

## भाकियू ने भगवान शंकर को सौपा ज्ञापन

लोक मित्र संवाद



**पाटन,उन्नाव।** तहसील मुख्यालय बीघापुर मे आयोजित भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की महापंचायत में ज्ञापन लेने हेतु किसी अधिकारी के न पंहुचने पर प्रदेश अध्यक्ष ने मन्दिर मे पहुंच कर भगवान भोले शंकर को सौंपा ज्ञापन। गुरुवार को तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन मे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की किसान पंचायत प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा, जिला अध्यक्ष किरण पटेल और युवा जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह छोटू की अगुवाई मे अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर यह महापंचायत बुलाई गयी थी। तहसील अधिकारियों की गैरमौजूदगी के कारण किसान नेताओं ने ज्ञापन तहसील प्रांगण में मन्दिर मे भोलेनाथ को सौप कर महापंचायत समाप्त कर दी। ज्ञापन के 12 सूत्रीय मांगों मे तकिया रेलवे स्टेशन पर रायबरेली-कानपुर पैसेंजर ट्रेन का संचालन और इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित हो। गंगा एक्सप्रेसवे से क्षतिग्रस्त हुई ग्रामीण सड़कों की मरम्मत की जाए और किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। गौशालाओं में जगह होने के बावजूद आवारा पशु फसलों को नष्ट कर रहे हैं।

किसानों को फर्जी बिलों और अनावश्यक परेशानियों से बचाने की मांग। किसान नेता युवा जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह छोटू ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे के तहत किसानों को सही मुआवजा नहीं दिया गया ।योगेंद्र सिंह ने पंचायत भवनों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि लेखपाल,प्रधान और सचिव अपने तय समय पर पंचायत भवनों में नहीं बैठते। उन्होंने मांग की कि यदि ये भवन उपयोग में नहीं आ सकते, तो उन्हें तुड़वा दिया जाए।

ज्ञापन न लेने के आरोप पर तहसील अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह और नायब तहसीलदार सरकारी कार्य से जिला मुख्यालय पर थे। उपजिलाधिकारी के स्टेनो ने बताया कि वह किसान महापंचायत में दो बार ज्ञापन लेने पहुंचे, लेकिन किसान नेताओं ने ज्ञापन सौंपने से इनकार कर दिया। वही किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

## सकट चौथ व्रत का विशेष महत्व होता है: पं हिमांशु



**निघासन-खीरी।** हिंदू धर्म में सकट चौथ व्रत का विशेष महत्व है। सकट चौथ व्रत माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। चतुर्थी तिथि भगवान श्रीगणेश और सकट चौथ का व्रत माता सकट को समर्पित माना गया है। इस व्रत में भगवान श्रीगणेश व सकट माता की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान गणेश की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। मान्यता है कि इस दिन माताएं अपने संतान की कल्याण की कामना से व्रत करती हैं। हिंदू धर्म में कुछ व्रत निर्जला व कुछ व्रत फलाहार किए जाते हैं। जानें क्या सकट चौथ व्रत में पानी पी सकते हैं व अन्य खास बातें-सकट चौथ में पानी पी सकते हैं- धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सकट चौथ का व्रत करने से गौरी पुत्र श्रीगणेश प्रसन्न होते हैं और सभी विघ्न-बाधाओं से रक्षा करते हैं। शास्त्रों के अनुसार, सकट चौथ का व्रत निर्जला रखा जाता है। यानी इसमें पूरे दिन पानी पीने की मनाही होती है। शाम को चंद्रदेव को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण करना चाहिए। व्रत पारण के समय क्या खाना चाहिए- सकट चौथ व्रत का पारण करने के बाद कुछ जगहों पर महिलाएं कुछ नहीं खाती हैं। जबकि कुछ स्थानों पर मूंगफली व फलाहार किया जाता है। इस दिन व्रत पारण के समय शकरकंद खाने का सबसे ज्यादा महत्व है।झसकट चौथ व्रत में भगवान गणेश को क्या भोग लगाना चाहिए- सकट चौथ के दिन भगवान गणेश को तिलकुट का भोग लगाया जाता है। इस दिन तिल से बनी चीजों, तिल के लड्डू या तिल से बनी मिठाई का भोग लगाया जाता है। सकट चौथ व्रत कब खोल सकते हैं- सकट चौथ व्रत में चंद्रमा को अर्घ्य देने का विधान है। चंद्रदेव को अर्घ्य देने के बाद सकट चौथ व्रत खोला जाता है।सकट चौथ के दिन कौन-सा रंग पहनना चाहिए- सकट चौथ के दिन लाल और पीले रंग के वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है। इस दिन काले व सफेद रंग के वस्त्र धारण करने से बचना चाहिए।

## दिवंगत पुत्री की पुण्यतिथि पर ऊनी वस्त्रों का वृद्धजनों में वितरण




**एटा।** दिवंगत पुत्री की स्मृति में परिजनों ने वृद्ध जनों को वस्त्र, खाद्य सामग्री आदि भेट कर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। कासगंज रोड स्थित वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में बैंक प्रबंधक पिता सुरेश चंद्र यादव, चिकित्सक माँ सरिता यादव एवं भाई सलिल यादव ने दिवंगत बेटी शुभ्रा यादव की पुण्य स्मृति पर सौ से अधिक वृद्धजनों को ऊनी कोट, जैकिट, स्वेटर, मौजे एवं शॉल आदि वितरित किये। इस अवसर बिस्किट, गजक, टाफी आदि खादय सामग्री भी दी गई। परिवार ने वृद्धजनों को प्रणाम कर परिवार के लिए आशीर्वाद लिया। वृद्धजनों ने भी राधे-राधे के जयकारे लगाकर हाथ उठाकर मंगल कामना की। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में सत्य प्रवीन गुप्ता, जितेंद्र शाक्य, विजय मिश्रा, यतेंद्र कुमार आदि शुभ चिंतक व आश्रम संचालिका वीणा सिंह भी मौजूद रहे।

## मथुरा की टीम ने 27 बंदरों को पकड़कर जंगल में छोड़ा

**बाराबंकी।** जैदपुर में बंदरों के आतंक से लोगों को आखिरकार राहत मिलने लगी है। पिछले कई महीनों से नगर पंचायत जैदपुर के निवासी बंदरों के उत्पात से त्रस्त थे। आधा दर्जन मोहल्लों में बंदरों ने बच्चों और बड़ों समेत दर्जनों लोगों को घायल कर दिया था। स्थानीय निवासियों और सभासदों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी आलोक वर्मा ने गुरुवार को मथुरा से विशेष बंदर पकड़ने वाली टीम को बुलाया। 11 जनवरी को पहुंची इस टीम ने पछली, चिकनमहल, अहिरान और छोटी बाजार क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। टीम प्रमुख राशिद के नेतृत्व में अब तक 27 बंदरों को पकड़कर नजदीकी जंगलों में छोड़ा जा चुका है। अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और बारी-बारी से सभी वार्डों में चलाया जाएगा। इस कार्रवाई से राहत पाकर अब लोग अपनी छतों पर बिना किसी भय के आ-जा सकते हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही पूरा क्षेत्र बंदरों के आतंक से मुक्त हो जाएगा।

## दो पक्षों में खूनी संघर्ष, दूसरे की जमीन पर पेशाब करने को लेकर विवाद, दोनों गुटों से 6 लोग घायल

**बाराबंकी।** घुंघटेर थाना क्षेत्र के मोहलिया गांव में एक साधारण विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दूसरे की जमीन पर पेशाब करने गए एक युवक को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों के कुल छह लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी देते हुए पहले पक्ष के रामकुमार ने बताया कि उनका बेटा सुभाष कोलिया में पेशाब करने गया था। इसी दौरान विपक्षी लवकुश (रामनारायण का पुत्र), खुन खुन और विनोद वहां पहुंचे और गालियां देने लगे। बात बढ़ने पर दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई, जिसमें सुभाष का सर फट गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुंघटेर में भर्ती कराया। कोतवाल बेचू सिंह यादव ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है।

# करोड़ों की जमीन कब्जा मामले पूर्व मंत्री ने किया एफआईआर से इंकार

▸ नजूल की करोड़ों की जमीन पर अवैध कब्जा मामले में अब तक तीन को भेजा गया जेल, आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कराने पर पूर्व मंत्री को भी बनाया जा सकता आरोपी



सुनील बाजपेई

**कानपुर।** यहां के बहुचर्चित एपी फेनी जमीन कब्जाकांड में समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया ने जमीन खरीद-फारोख्त के आरोपियों के खिलाफ एफ आर आर दर्ज नहीं करायेंगे। इसके खिलाफ उन्होंने कोर्ट जाने की तैयारी की है। वह इस बारे में गत दिवस यहां के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से भी मिले थे ,जिस पर उनसे जमीन की खरीद फरोख्त करने वालों के खिलाफ मुकदमे के लिए प्रार्थना पत्र देने के लिए कहा गया था लेकिन आज गुरुवार को उन्होंने ऐसा कोई भी प्रार्थना पत्र नहीं दिया जिसके बाद इस मामले की जांच को आगे बढ़ाएगी।

दरअसल नजूल की इसी जमीन में 100-100 वर्ग गज के दो प्लांट पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया ने भी खरीदे हैं । वहीं जांच कर रही एस आई टी इस मामले में अब तक सलीम बिरयानी समेत तीन आरोपियों को अरेस्ट करके जेल भेज चुकी है।

नजूल की इसी करोड़ों की जमीन के दो भूखंड खरीदने वाले समाजवादी पार्टी की सरकार में पूर्व मंत्री रहे शिवकुमार बेरिया का कहना है कि उन्होंने तो सर्किल रेट के आधार पर पूरी रकम देकर 80 लाख में जमीन खरीदी थी।

और अब अगर इसी मामले में एफआईआर दर्ज करते हैं तो उनकी 80 लख रुपए डूब जाएंगे।

पूर्व मंत्री बेरिया ने बताया कि पूरे मामले को लेकर कोर्ट जाएंगे। इसके विपरीत पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अगर पूर्व मंत्री शिवकुमार जमीन खरीद फरोख्त करने वाले के खिलाफ प्रार्थना पत्र नहीं देंगे तो इसी मामले में पहले से दर्ज रिपोर्ट के आधार पर उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा। जिसकी वजह नजूल की जमीन को अवैध रूप से खरीद-फरोख्त करना है।

अवगत कराते चलें कि कर्नलगंज थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस स्थित 500 करोड़ की एपी फेनी जमीन कब्जाकांड में पुलिस अब तक दो एफआईआर दर्ज कर चुकी है। दोनों एफआईआर की जांच गठित की गई एस आई टी द्वारा किया जा रही है। वह इस मामले में अब तक सलीम बिरयानी समेत तीन आरोपियों को जेल भेज चुकी है।

फिलहाल सूत्रों से अब तक जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक समाजवादी पार्टी सरकार में पूर्व मंत्री रहे शिवकुमार बेरिया जिन लोगों से100 वर्ग गज के दो भूखंड नजूल की जमीन पर खरीदे हैं। वह ऐसा करने वाले आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने को तैयार नहीं है। अब इसी मामले में कोर्ट की शरण जाने की तैयारी कर रहे हैं।

## डीआईजी को डॉक्यूमेंट्स में मिली गड़बड़ी, जिम्मेदारों को फटकार

▸ निरीक्षण के दौरान कुछ जगहों पर लापरवाही मिलने पर डीआईजी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई

लोकमित्र ब्यूरो

**गोण्डा।** गोंडा नगर कोतवाली में उस समय हड़कंप मच गया, जब देवी पाटन रेंज के डीआईजी अमित पाठक अचानक निरीक्षण करने पहुंचे। डीआईजी ने कोतवाली में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों से जानकारी ली और विभिन्न शाखाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ जगहों पर लापरवाही मिलने पर डीआईजी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। डीआईजी अमित पाठक ने नगर कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा को फरियादियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर शिकायतें मिलती रहीं और समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए डीआईजी ने कहा कि महिलाओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और उनका उचित समाधान किया जाए। डीआईजी ने कोतवाली के महत्वपूर्ण दस्तावेजों की भी गहन जांच की, जहां कुछ दस्तावेजों में लापरवाही पाई गई। इन दस्तावेजों को दुरुस्त करने के आदेश देते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों को सतर्क रहने की हिदायत दी। डीआईजी ने यह भी बताया कि नगर और देहात कोतवाली से लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसमें आरोप था कि फरियादियों की समस्याओं को अनदेखा किया जा रहा है।

डीआईजी ने महिला हेल्प डेस्क पर कार्यरत महिला सिपाही से सवाल भी पूछा, जिसमें उन्हें यह जानकारी मिली कि जब उन्होंने एक महिला को कोतवाली भेजा था, तो उसकी समस्या सुनने के बजाय उसे चौकी भेज दिया गया था। इस पर महिला आरक्षी द्वारा संतोषजनक जवाब न मिलने पर डीआईजी ने महिला शिकायतों के समाधान को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

## गोंडा-बहराइच हाईवे पर तीन वाहनों की भिड़ंत

**बाराबंकी।** गोंडा-बहराइच हाईवे पर मसौली थाने के सामने आज सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते बच गया। गैस सिलेंडर से भरे ट्रक को एक डंपर ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक के पीछे चल रहा एक ट्रेलर भी डंपर से टकरा गया। घटना सुबह 5 बजे की है, जब ट्रक चालक उमेश (पुत्र रामाऔतार, निवासी ठाकुरामऊ, थाना कुर्सी, बाराबंकी) गैस सिलेंडरों को लेकर लखनऊ से गोंडा जा रहे थे। मसौली थाने के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे डंपर ने ट्रक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। चालक उमेश ने अपनी सूझबूझ से किसी तरह अपनी जान बचाई, लेकिन डंपर चालक मौके से फरार हो गया।थाना प्रभारी यशकांत सिंह ने बताया कि बड़ी राहत की बात यह रही कि ट्रक में लदे सभी गैस सिलेंडर रिफिलिंग से भरे थे और कोई विस्फोट नहीं हुआ।

# दिव्यांगों को उपकरण मुहैया कराएगी सरकार, कृत्रिम अंग वितरण के लिए लगेगा शिविर

▸ जिले में कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण का वितरण 24 जनवरी से 12 फरवरी तक

▸ ब्लॉकों पर लगेंगे वितरण शिविर, डीएम ने जारी किया रोस्टर

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** जिले के दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने एवं बाधामुक्त वातावरण प्रदान किए जाने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर 24 जनवरी से 12 फरवरी तक ब्लॉक स्तर पर कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए कृत्रिम अंग/ सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित होंगे।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि जिले में दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान किये जाने के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, लखीमपुर खीरी द्वारा 10 से 27 जून के मध्य ब्लॉक स्तर पर चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया, निर्धारित किए गए रोस्टर के अनुसार चिन्हित दिव्यांगजनो को सहायक उपकरणो का वितरण मा. जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा।

डीएम ने निर्देशित किया कि सहायक उपकरणो की आपूर्ति वितरण शिविर से 03 से 05 दिन पहले की जायेगी,जिसे ब्लॉक परिसर मे सुरक्षित रखा जायेगा। शिविर प्रातः 10 बजे से वितरण समाप्ति तक चलेगा। कार्यक्रम संचालन के लिए बीडीओ द्वारा हॉल, मेज, कुर्सी, माइक सेट उपलब्ध कराया जायेगा तथा कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था के साथ दिव्यांगजन के सहायतार्थ 4-5 सफाईकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेगे।

**डीएम ने सहायक उपकरणो के सत्यापन को गठित की टीमें:** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने आईटीआई राजापुर लखीमपुर मे होने वाले वितरण शिविर में वितरित किए जाने वाले सहायक उपकरणों के सत्यापन के लिए एडीओ (स.क.) को सत्यापनकर्ता अधिकारी, ब्लॉकस्तरीय सत्यापन का जिम्मा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और जिला स्तरीय सत्यापन का जिम्मा जिला समाज कल्याण अधिकारी को सौंपा है। ब्लॉक स्तरीय वितरण शिविर में वितरित किए जाने वाले उपकरणों के सत्यापन के लिए एडीओ (स.क.) को सत्यापनकर्ता अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय सत्यापन का जिम्मा संबंधित बीडीओ व जिला स्तरीय सत्यापन का जिम्मा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को सौंपा है।

उन्होंने बताया कि ब्लॉक पसगवॉ में 29 जनवरी को विकास क्षेत्र पसगवां के 60 लाभार्थियों को, 31 जनवरी को ब्लॉक मोहम्मदी में मोहम्मदी, नगरीय क्षेत्र मोहम्मदी, बरबर के 50 लाभार्थियों को, 03 फरवरी को ब्लॉक धौरहरा में ब्लॉक धौरहरा, ईसानगर, नगरीय क्षेत्र धौरहरा के 48 लाभार्थियों को, 05 फरवरी को ब्लॉक पलिया में पलिया, नगरीय क्षेत्र पलिया के 42 लाभार्थियों को , 07 फरवरी को ब्लॉक बांकेगंज में 31 लाभार्थियों को, 10 फरवरी को ब्लाक निघासन में विकासखंड क्षेत्र निघासन, रमियाबेहड नगरीय क्षेत्र निघासन, सिंगाही के 45 लाभार्थियों को और 12 फरवरी को ब्लॉक कुंभी में गोला (कुंभी), बिजुआ, नगरीय क्षेत्र गोला, मैलानी के 57 लाभार्थियों के लिए वितरण शिविर प्रस्तावित है।

### इन तिथियों में ब्लॉकवार वितरण शिविर प्रस्तावित

जिला दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार 24 जनवरी को आईटीआई राजापुर में लखीमपुर, नकहा, नगरीय क्षेत्र लखीमपुर, खीरी के 100 लाभार्थियों को, 25 जनवरी को ब्लॉक फूलबेहड में विकासखंड फूलबेहड़ के 47 लाभार्थियों को, 27 जनवरी को मितौली, बेहजम के 52 लाभार्थियों को ब्लाक मितौली में वितरण शिविर आयोजित किया जाएगा।

# किसानों के लिए वरदान बनेगी पिपरमेंट की खेती

▸ 250 किसानों को सिम उन्नति प्रजाति की जड़ों का वितरण

लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** मसौली में सीएसआईआर-सीमैप द्वारा चलाए जा रहे हालीऑन प्रोजेक्ट के तहत एक महत्वपूर्ण पहल की गई। गुरुवार को पंचायत भवन बड़ागांव में 250 किसानों को सिम उन्नति पिपरमेंट की जड़ों का वितरण किया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बताया कि पिपरमेंट की खेती रबी और खरीफ फसलों के बीच बोनस फसल के रूप में किसानों के लिए लाभदायक है। यह नगदी फसल किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने में मददगार साबित होगी। सीमैप के वैज्ञानिक धर्मेंद्र कुमार ने सिम उन्नति प्रजाति की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा विकसित यह नई प्रजाति प्रति हेक्टेयर 190 किलोग्राम तक सुगंधित तेल का उत्पादन कर सकती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह फसल मात्र 100 से 110 दिनों में तैयार हो जाती है। मयंक श्रीवास्तव ने बताया कि सिम उन्नति से 75 प्रतिशत मेंथॉल और एक प्रतिशत से अधिक सुगंधित तेल प्राप्त होता है, जो अन्य प्रजातियों की तुलना में 15-20 प्रतिशत अधिक है। इस खेती से किसान प्रति हेक्टेयर एक से डेढ़ लाख रुपये तक की आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में सिमैप के वैज्ञानिक अमरेंद्र सिंह और अंकुल वर्मा ने भी किसानों को सिम उन्नति प्रजाति की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस पहल से क्षेत्र के किसानों को अतिरिक्त आय का एक बेहतर विकल्प मिलेगा।

## 18 जनवरी तक सभी मान्यता प्राप्त स्कूल बंद, डीएम ने जारी किया आदेश

**गोण्डा।** जिले में इस समय अत्यधिक ठंड और शीत लहर का प्रकोप जारी है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद जिला प्रशासन ने ठंड और शीत लहर के मद्देनजर बड़ा कदम उठाया है। गोंडा की डीएम नेहा शर्मा के आदेश पर बीएसए अतुल कुमार तिवारी ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में 18 जनवरी तक अवकाश की घोषणा कर दी है। यह निर्णय जिले में हो रही अत्यधिक ठंड और शीतलहर को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि बच्चों को इस कड़ी सर्दी से बचाया जा सके। ठंड की स्थिति को देखते हुए स्कूलों में बच्चों की सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ सकता था, जिससे बचाव के लिए यह निर्णय लिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी विद्यालयों को इस आदेश का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# सिविल कोर्ट के आदेश के बाद भी दबंग कर रहे भूमि पर अवैध कब्जा

▸ धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के शेखपुरवा मजरा कुम्हेना में दबंग कोर्ट के स्थगन आदेश के बाद भी भूमि पर अबैध रूप से दबंग कब्जा कर पक्का निर्माण कर रहे है

लोकमित्र संवाददाता



**धौरहरा-खीरी।** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की जमीन पर दबंगों द्वारा कोर्ट के स्थगन आदेश के बाद भी अबैध कब्जा कर निर्माण करने में लगे हैं। पीड़ित द्वारा उपरोक्त प्रकरण की एसपी खीरी से शिकायत की है।

धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के शेखपुरवा मजरा कुम्हेना में दबंग कोर्ट के स्थगन आदेश के बाद भी भूमि पर अबैध रूप से दबंग कब्जा कर पक्का निर्माण कर रहे हैं। इसकी शिकायत जब पीड़ित ने डी एम खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी खीरी संकल्प शर्मा सहित प्रभारी निरीक्षक धौरहरा सुरेश कुमार मिश्रा से की। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने कोर्ट के आदेश का अनुपालन कराने के लिए हल्का इंचार्ज को निर्देश दिए।हल्का इंचार्ज विनोद दिवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो वहां आरोपी नसीम पुत्र जाफर, राजा, अरशद पुत्र नसीम शकील पुत्र महबूब जो हिस्ट्रीशीटर भी है भूमि पर जबरदस्ती पक्का निर्माण कर रहे थे। पुलिस ने रोका पर पुलिस के जाते ही फिर निर्माण शुरु कर दिया।

जबकि पीड़ित माशूक अली पुत्र अनवर निवासी शेखनपुरवा ने बताया कि उसके पक्ष में सिविल जज जू0डि0 लखीमपुर ने यथास्थिति का आदेश जारी किया है पर आरोपी अपनी हेकड़ी के बल पर अवैध पक्का निर्माण कर रहे हैं।

# मित्र राष्ट्र नेपाल एवं दुधवा नेशनल पार्क से जुड़ा पलिया शहर, जहाँ सिर्फ जुमलों मे ही हुआ है विकास

लोकमित्र ब्यूरो

**पलिया कलां-खीरी।** डबल इंजन की सरकार उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े जिला लखीमपुर खीरी के अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त दुधवा नेशनल पार्क एवं मित्र राष्ट्र नेपाल से जुड़े 137/ विधानसभा का पलिया नगर जहाँ सम्पूर्ण विश्व के पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है। जिसे नेताओं ने दूषित राजनीति के चलते पिछले दशकों से नरक बना रखा है।

एक ओर भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सतत प्रयास से भारत विश्व पटल पर अग्रसर की ओर बढ़ रहा है वही स्थानीय नेता अपनी धन लोलुपता के चलते नगर मे विकास की बाधा बन कर दूर देशों से आने वाले पर्यटकों को गलत मैसेज दे रहे है। पिछले दशकों से चुनाव जीत रहे माननीय अगर पांच पांच सालों मे थोड़ा थोड़ा भी विकास कराते तो आज दुधवा घूमने आने वाले सैलानी पलिया नगर से कुछ अलग ही फोटो वीडिओ शूट कर ले जाते और अपने देशवाशियो को दिखाते और कहते वेस्ट इंडिया श्रेष्ठ इंडिया ।

नगर का एक मात्र अन्तर्राष्ट्रीय दुधवा रोड जो की पलिया वासियों की शान है वहां दूर दराज के देशों से आने वाले पर्यटकों का स्वागत नगर पालिका के द्वारा लगवाए गए ऊँचे ऊँचे कूड़े के ढेर से निकलने वाली दुर्गन्ध से होता है। पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय केवी गुप्ता के प्रथम कार्यकाल मे हिन्दुओं के लिए शमशान भूमि चिन्हित कर शीघ बनवाने की बात कही गयी मगर आज तीसरा कार्यकाल होने के बाद भी नगर का हिन्दु समाज वंचित है। जिसके चलते नगर के हिन्दु समाज के लोगों को भयंकर सर्दी हो या बरसात जैसी तमाम मुश्किलों का सामना कर सात किलोमीटर दूर शारदा तट पर लेकर जाना पड़ता है।

### क्या कहते हैं स्थानीय निवासी...

सत्तर साल के स्थानीय निवासी बाबूराम का कहना है की मेरे जीवन मे न जाने अभी तक कितने विधायक सांसद चेयरमैन चुने जा चुके है मगर पूर्व मंत्री स्वर्गीय रामकुमार वर्मा के अलावा सभी ने नगर के विकास को छोड़ अपने और अपने चहेतो के विकास पर जोर दिया है । डिग्री कालेज, तहसील के अलावा न तो रोडवेज बस स्टैंड, है न तो टैक्सी स्टैंड न ही प्रतीक्षालय है और न ही वाचनालय , युवाओं के लिए खेल का मैदान नही वुजुर्गों के लिए पार्क नही रिक्शा स्टैंड नही बेचारे जब रोड के किनारे खड़े होते है तो पुलिस गालिया देकर चाभी निकाल ले जाती है आखिर क्यो पलिया वालों के साथ पराये जैसा व्यवहार किया जा रहा।

## अलीगंज पुलिस ने डुंग डूगी बजवाकर 82 की कार्यवाही



**अलीगंज/एटा।** अलीगंज थाना पुलिस कोतवाली प्रभारी निर्दोष सेगर ने हमराह फ़ोर्स के साथ मुकदमा अपराध संख्या 106/ 24 धारा 2 /3 गैंगस्टर अधिनियम थाना जैथरा में वांछित अभियुक्त अमित पुत्र भूरे निवासी शास्त्री नगर कस्बा थाना जैथरा के मकान पर माननीय न्यायालय से प्राप्त 82 सीआरपीसी की तमिल उसके घर पर चश्मा कर रूबरू गवाहन आदेश पुत्र ओम प्रकाश विकास पुत्र महेंद्र सिंह निवासी शास्त्री नगर कस्बा थाना जैथरा के की गई डुगडुगी पिटवाई गई।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान 227 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का दामन

▸ राजकीय इण्टर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम जोड़ों को आशीर्वाद देकर की गई उज्ज्वल भविष्य की कामना

लोकमित्र ब्यूरो




**एटा।** शासन की महत्वांकाक्षी योजना के अन्तर्गत शहर के राजकीय इण्टर कॉलेज प्रांगण में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में आयोजित भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ डा0 नागेन्द्र नारायण मिश्र द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित करके किया।तदोपरान्त सभी आगन्तुक अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान 221 हिन्दू जोड़ों एवं 06 मुस्लिम जोड़ों सहित कुल 227 जोड़ों को आशीर्वाद देकर आगामी भविष्य हेतु मंगल कामना की। सीडीओ ने बताया कि शासन की मंशा है कि पात्रजनों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। इसी के तहत सामूहिक विवाह योजना का लाभ जनपद में पात्र लाभार्थियों को दिया जा रहा है। योजना के तहत गरीब व्यक्ति अपनी बहन, बेटा की शादी खुशहाली के साथ संपन्न कर सकते हैं।

योजना द्वारा एकता और अखंडता को मजबूती मिलती है, तो वहीं सभी जातियों के लोग एक मंडप में सबके साथ समानता का व्यवहार करते व सामाजिक रीति रिवाजों, परंपराओं से दाम्पत्य सूत्र में बधते है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शासन द्वारा एक जोड़े शादी पर 51 हजार रूपये व्यय करने की व्यवस्था की गयी है, जिसमें कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली, गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि 35 हजार रूपये कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी तथा 10 हजार रूपये की धनराशि का विभिन्न प्रकार का सामान, आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु 6 हजार रूपये आयोजन खर्च के रूप में शामिल किया गया है। इस अवसर पर डीडीओ प्रवीण कुमार राय, डीसी मनरेगा प्रभुदयाल, प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी अजीत कुमार, डीएसटीओ रेखा शर्मा, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

# राइट टू एजुकेशन' के तहत बच्चों का फार्म निरस्त किए जाने पर कांग्रेसियों ने दिया धरना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई 2009 के अंतर्गत अलाभित एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों के प्रवेश के प्रथम चरण में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुल्तानपुर द्वारा शासनादेश की गलत तरीके से व्याख्या कर बड़ी संख्या में छात्रों का सत्यापन के नाम पर फार्म निरस्त किए जाने से आक्रोशित कांग्रेसियों ने पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा के नेतृत्व में जिले के तिकोनिया पार्क में एकदिवसीय धरना दिया। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा का कहना है कि जनपद में आरटीई के तहत 730 बच्चों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। जांच के नाम पर शासनादेश की गलत व्याख्या करते करते हुए सत्यापन के नाम पर 412 बच्चों का फॅार्म निरस्त करते हुए शासन की मंशा की विपरीत सुल्तानपुर का बेसिक शिक्षा महकमा कार्य कर रहा है। शासनादेश के तहत कमजोर एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों के आवेदन करने की पात्रता




÷आसपास÷ के विद्यालय की होती है लेकिन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुल्तानपुर ÷आसपास÷ की व्याख्या बच्चों के वार्ड एवं ग्राम सभा तक को ही मानते हैं जबकि कई वार्ड एवं ग्राम सभाएं ऐसी हैं जहां पर जहां कोई भी विद्यालय नहीं है।

ऐसे में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शासनादेश की गलत व्याख्या की वजह से हजारों दुर्बल आय वर्ग के छात्र योजना का लाभ लेने से वंचित हो गए। सलूजा का यह भी कहना है कि सरकार ने जिस मकसद से गरीबों को लाभ देने के लिए यह योजना लाई थी, वही गरीब बच्चे ही इस योजना से के लाभ से वंचित किया जा रहे हैं।

इस संबंध में रणजीत सिंह सलूजा ने बताया कि 9 जनवरी 2025 को मुख्य विकास अधिकारी जनपद सुल्तानपुर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा शासनादेश की गलत तरीके से व्याख्या करने की वजह से सैकड़ो छात्रों का सत्यापन के नाम पर फार्म निरस्त किए जाने के बारे में अवगत कराया जा चुका है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव ने बताया कि यदि जिला प्रशासन द्वारा गरीब एवं दुर्बल आय के बच्चों के हित में तत्काल प्रभावी कार्रवाई न की गई तो कांग्रेसी इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे जिनका संपूर्ण उत्तरदायित्व जिला प्रशासन पर होगा।

## विज्ञान क्लब द्वारा बेकार से सरोकार कार्यशाला आयोजित

**प्रतापगढ़।** राजकीय हाई स्कूल सराय आनादेव मे विज्ञान क्लब के तत्वावधान मे बेकार से सरोकार कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला के आयोजक विज्ञान शिक्षक अनिल कुमार निलय द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला मे विद्यार्थियों को बेकार से सरोकार पहल के अन्तर्गत निष्प्रयोज्य बेकार सामग्रियों का उपयोग करके विज्ञान की अधिगम सामग्री बनाना सिखाया गया। इनसे विद्यार्थी निष्प्रयोज्य संसाधनों का पुनः प्रयोगकर विज्ञान के आधारभूत सिद्धांतों व नियमों से संबंधित प्रोजेक्ट निर्मित कर सकेंगे।

कार्यशाला मे विद्यार्थियों ने जल चक्र,मानव हृदय,पुष्पी पादपों मे जनन,मानव जनन तंत्र,पाचन तंत्र,श्वसन तंत्र,उत्सर्जन तंत्र आदि से संबंधित प्रोजेक्ट बनाये।प्रोजेक्ट बनाने के लिए पुराने गत्ते,
फटे-पुराने कपडे,अखबार,कागज के टुकड़ों,चार्ट पेपर,धागे आदि का प्रयोग किया गया।साक्षात्कार के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी अधिगम सामग्री की विषयगत जानकारी भी प्रदान की गई ।

# नियम तोड़ने में महिलाए भी कम नही, बगैर हेल्मेंट व दस्तावेज़ भर रही फर्राटा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** आरटीओ व यातायात पुलिस की लाख कोशिशो के बाद भी वाहन चालक यातायात नियम का पालन करना स्वीकार नही कर रहे है, जबकि इसके लिए उन्हें अभियान चलाकर जागरूक भी किया जाता रहा है, बावजूद अपनी ही सुरक्षा से खिलवाड़ पर लोग आमादा है। यही नही महिलाए भी नियम तोड़ने में पुरुषों से पीछे नही है, वृहस्पतिवार को संयुक्त चेकिंग अभियान में उप संभागीय विभाग से यात्रीकर अधिकारी अश्वनी उपाध्याय, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राम निरंजन व भारी फोर्स के साथ बस स्टाप स्थित वाहन जांच शुरु की जांच में अत्याधिक रूप से दो व चार चक्का वाहन सवार यातायात पुलिस को आवश्यक दस्तावेज मांगने पर दिखा नही सके। जिसके चलते सैकड़ो की संख्या में चेकिंग टीम ने चालान काटे, साथ ही यात्रीकर अधिकारी अश्वनी उपाध्याय व यातायात निरीक्षक राम निरंजन पकड़े गये वाहन चालको को उनकी सुरक्षा से संबधित पाठ भी पढ़ाते नजर आए। फ़िलहाल खबर लिखे जाने तक जांच टीम मौके पर मौजूद रहकर सघन जांच-पड़ताल कर रही थी, टीम में यातायात उप निरीक्षक छोटेलाल, मुख्य आरक्षी राकेश कुमार सोनकर, अरविंद कुमार यादव, रमेश कुमार, प्रभूनाथ यादव, मेजर बेलाल अहमद, अखिलेश कुमार, उप संभागीय विभाग से दिवान ओम प्रकाश, विष्णूकांत वाचपेयी व दर्जनों होमगार्ड/पीआरडी के जवान मुस्तैद रहे। यात्रीकर अधिकारी अश्वनी उपाध्याय व यातायात निरीक्षक राम निरंजन ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारा उद्देश वाहन दुर्घटनाओ को शून्य करना है, हमलोगों का प्रयास है कि वाहन चालक नियम का पालन करें जिससे उनकी यात्रा सुगम व सुलभ रहे, साथ ही अपील है कि बच्चों के हांथ में वाहन न दे, अन्यथा की स्थिति में हम ठोस कार्यवाही के लिए सभी मार्गो पर खड़े है।

# गरीब ,निराश्रित ,बेसहारा के आंखों को सुरक्षित रखना मुख्य उद्देश्य- डॉ के ए द्विवेदी

## नेत्र चिकित्सा शिविर में 230 मरीज की आंखों का हुआ निशुल्क जांच

### ➪चिन्हित मोतियाबिंद के 20 मरीजो का हुआ निशुल्क ऑपरेशन

**बलरामपुर।** गरीब,निराश्रित ,बेसहारा, जरूरतमंद की आंखों की बीमारी को दूर करने के निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिला मुख्यालय के जामा मस्जिद केंपस के बीबी बांदी साहिब ईदगाह में आयोजित हुआ है जिसमें 230 मरीज के आंखों की जांच हुई है। 125 को निशुल्क दवाइयां देने के साथ 20 मरीज मोतियाबिंद के मिले हैं जिनका निशुल्क ऑपरेशन देवीपाटन नेत्र चिकित्सालय में किया गया है।

निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर देवीपाटन नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में वरिष्ठ नेत्र सर्जन एवं विट्रो



रेटिना विशेषज्ञ डॉक्टर के ए द्विवेदी एवं उनकी टीम ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया है। शिविर में 230 मरीज के आंखों की जांच हुईहै। 125 को निशुल्क दवाइयां चिकित्सालय की तरफ से दी गई है। वरिष्ठ नेत्र सर्जन ने देवीपाटन नेत्र चिकित्सालय में चिन्हित मोतियाबिंद के 20 मरीजों का निशुल्क में ऑपरेशन किया है। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य गरीब जरूरतमंद बेसहारा के आंखों की रोशनी को सुरक्षित करना है इसी के लिए वह स्थान स्थान पर निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाकर जरूरतमंद की आंखों की रोशनी सुरक्षित रखने के लिए जुटे हुए हैं। कैंप आयोजन में नेत्र परीक्षक अविनाश सिंह हर्ष सिंह अमन पांडे प्रशासक रवि पांडेय का विशेष सहयोग रहा है।

# राजकीय आई0टी0आई0 में 17 जनवरी 2025 को रोजगार मेला का आयोजन

**जौनपुर ।** शासन की मंशा एवं निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 के निर्देश के कम में जिला सेवायोजन कार्यालय जौनपुर द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर कैम्पस जौनपुर में 17 जनवरी 2025 को प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनी, भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड वाराणसी, ब्राइट फ्यूचर आग्रेनिक लखनऊ, खेतिहर आग्रेनिक जौनपुर, एस0के0 इलेक्ट्रानिक, ए0आई0एम0 मल्ट्रीस्कील जॉब प्रा0लि0, जेपटो रिडर नोयडा के द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर, सेल आफिसर, स्टोर मैनेजर, इलेक्ट्रानिक मशीन वं जेप्टो रिडर आदि पदों पर भर्ती करेंगी, रोजगार मेले में प्रतिभागी अभ्यार्थियों की शैक्षिक योग्यता – हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0 आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण एवं आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को भर्ती करेंगी। रोजगार मेलें में अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम




से रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी0प्रुफ सहित एवं वेब पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in पर जॉबसीकर के रूप में पंजीकरण उपरांत आवेदन करते हुए, रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें। उक्त पोर्टल के माध्यम से नर्सिंग में डिप्लोमाधारी एवं वैध पासपोर्ट धारक पुरुष एवं महिलाएँ इजरायल, जर्मनी व जापान के लिए पंजीकरण कर नर्सिंग कैरियर गिवर के क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 है।

पंजीकरण हेतु वेब पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in पर रजिस्ट्रेशन कर सकते है, अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

# मां सरस्वती डिजिटल लाइब्रेरी का हुआ उद्घाटन




**सुल्तानपुर।** क्षेत्र के करौंदी कलां बाजार में मां सरस्वती डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन हुआ। डायरेक्टर श्री सिंह ने कहा हमारे यहां बच्चों को मौन अध्ययन क्षेत्र व शान्ति पूर्ण वातावरण पूर्णतः वातानुकूलित हाल दैनिक समाचार पत्र एवं पत्रिकाएं (हिंदी व अंग्रेजी) प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित अध्ययन सामग्री प्रति सीट पर लाइट और चार्जिंग प्वाइंट की उत्तम व्यवस्था व खान सर या किसी भी अध्यापक से आनलाइन क्लास की उत्तम व्यवस्था, आराम दायक कुर्सी आ.रो पानी की उत्तम व्यवस्था गर्मी में ए सी एवं पंखों की उत्तम व्यवस्था हाई स्पीड इंटरनेट की व्यवस्था बच्चों के लिए फ्री ई बुक्स एवं सी सी टीवी की उत्तम व्यवस्था अत्याधिक स्पेस की व्यवस्था के साथ बच्चों के लिए फ्री रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध है।

# तहसील वापसी करेंगे बल्दीराय के 32 गांव, शासन से मिली हरी झंडी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** उ.प्र. सरकार ने विधान सभा क्षेत्र के हजारों लोगों को नए साल में बड़ा तोहफा देने की तैयारी कर ली है। जिस पर सीएम योगी ने भी मुहर लगा दी है। अब शासन से हरी झंडी मिलने के बाद जल्द ही सदर तहसील से कटकर बल्दीराय तहसील में जुड़े 32 गांव के लोगों के घर वापसी की तैयारी शुरू कर दी जाएगी।

गौरतलब हो कि बीते 10 जून 2016 को बल्दीराय को जिले की पांचवी तहसील का दर्जा मिला था। जिसके बाद कूरेभार और धनपतगंज ब्लाक क्षेत्र के उन 29 गांवों को बल्दीराय में शामिल कर लिया गया, जो सदर तहसील से नजदीक थे। ऐसे में कलखुरा महमूदपुर, बहादुरपुर, प्रतापपुर, सराय गोकुल, अमऊ, धर्मदासपुर, बरियौना समेत 32 गांव के लोग न चाहते हुए भी बल्दीराय का चक्कर काटने लगे। उल्टी चाल से तंग ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय व शासन स्तर पर पत्राचार किया। इतना ही नहीं कई बार प्रदर्शन कर विरोध जताया, लेकिन किसी की सुनवाई नहीं हुई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इन गांवों की घर वापसी वाली याचिका को मंजूरी दे दी है। अब शासन से हरी झंडी मिलने के बाद जल्द ही इन गांवों को सदर तहसील में फिर से जोड़ने की कार्यवाही अमल में लाई जाए

# 'हीरो' को श्रद्धांजलि देने आएंगे सपा सांसद और एमएलसी

**सुल्तानपुर।** उसने घर-बार छोड़ा, सपा की रीति-नीति का प्रचार करने पहले लखनऊ फिर दिल्ली तक गया। तब पार्टी विपक्ष में थी। ग्यारह जनवरी को समाजवादी पार्टी के जुलूस पर लखनऊ में लाठीचार्ज हुआ। दिल्ली में तत्कालीन बसपा के खिलाफ जंतर-मंतर पर आंदोलन शुरू हुआ तो उसने चौदह जनवरी को आत्मदाह कर लिया। तीन दिन बाद 16 जनवरी 2008 को इलाज के दौरान मौत हो गई। त्याग ऐसा था कि बड़े नेताओं की निगाह में वह 'हीरो' बन गया। बात कर रहे हैं रणविजय सिंह यादव उर्फ हीरो की।

जिसकी शहादत पर श्रद्धांजलि देने सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव, अब सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, स्व अमर सिंह,(शहादत के बाद कभी न आने वाले कमाल अख्तर) राजेंद्र तिवारी, एसआरएस यादव, राजेंद्र चौधरी, रामगोपाल यादव जैसे नेता उसके पैतृक गांव जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के रेवारी आए।

**'पार्टी के आंदोलन में दी थी प्राणों की आहूति'**

वायदा किया गया था कि हीरो की प्रतिमा लगेगी, छोटे भाइयों की शिक्षा व परिवारीजनों को नौकरी देने, रणविजय के नाम पर स्कूल, खेल मैदान व गांव का मुख्यद्वार बनाने की घोषणा हुई थी।

जब सपा की सरकार बनी तब भी हासिये पर रहा परिवार हालांकि शीर्ष नेतृत्व हमेशा पार्टी के बड़े नेता को पुण्यतिथि पर भेजती रही। सरकार बनी तो स्व रणविजय के परिवारीजनों की उम्मीद बढ़ी, हर पुण्यतिथि पर पार्टी के कई विधायक, मंत्री, एमएलसी श्रद्धांजलि देने रेवारी पहुंचते रहे हैं। दोबारा वायदों को पूरा करने का वादा किया गया है। साल बीत गए, विशेष मदद तो नहीं न मिली। स्व हीरो की समाधि पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 17 जनवरी 2025 को समय 11 बजे गाँव रेवारी बेलहरी मे मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रामभुआल एवं पूर्व एमएलसी/राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील सिंह साजन शामिल हो रहे हैं। चन्द रोज पहले रास्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सैफई में ली थी पुण्यतिथि कार्यक्रम की जानकारी। ÷स्व हीरो÷ के भाई रजनीश और संतोष यादव ने आमजनमानस से अनुरोध किया है कि कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्यतिथि कार्यक्रम को सफल बनाएं। दो पुष्प हीरो गांधी की समाधि पर अर्पित करें।

# इलेक्ट्रो रिफ्लेक्टिव टेप से दुर्घटना में आएगी कमी- बृजेश

## एआरटीओ ने वाहनों पर ध्यान चला कर लगाया इलेक्ट्रो रिफ्लेक्टिव टेप



**बलरामपुर।** बुधवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सहायक संभागीय परिवहन विभाग के तत्वाधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पर जोर दिया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार ने जिले के ट्रैक्टर ट्रालियों पर गाना मिलकर प्रयोजन से बजाज चीनी मिल उतरौला में वाहनों पर इलेक्ट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का अभियान चलाया वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन करने के प्रति जागरूक किया गया उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगने से दुर्घटना में कमी आई है कोहरे के कारण रात में वाहन दिखाई नहीं पड़ते हैं लेकिन इस टेप के माध्यम से दूर से ही पीछे का वाहन आगे की जानकारी मिल जाती है इससे दुर्घटना में कमी आई है। बजाज चीनी मिल में ट्रैक्टर ट्रॉली सहित अन्य वाहनों पर इलेक्ट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के दौरान इंडियन मैनेजर डॉक्टर आर पी शाही सहित सहायक प्रबंधक केपी सिंह एवं अन्य बजाज चीनी मिल के अधिकारी कर्मचारी एवं सहायक संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे हैं।

# अध्यक्ष, जिला पंचायत की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य बैठक हुई सम्पन्न




**सुलतानपुर।** जिला पंचायत सुलतानपुर की सामान्य बैठक अध्यक्ष, जिला पंचायत श्रीमती ऊषा सिंह की अध्यक्षता, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें बैठक का कोरम पूरा रहा। उक्त बैठक में मा0 विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय, विधायक कादीपुर राजेश गौतम, मा0 ब्लाक प्रमुख बल्दीराय शिवकुमार सिंह सहित मा0 जिला पंचायत सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक का पर्यवेक्षण मुख्य राजस्व अधिकारी बाबू राम द्वारा किया गया। बैठक अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हरिओम नारायन चन्द द्वारा बैठक की कार्यवाही सदन में पढ़कर सुनाया गया, जिसकी सदन द्वारा सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी। बैठक में जिला पंचायत सुलतानपुर की वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना, वर्ष 2024-25 की सम्पत्ति एवं विभवकर की कर सूची सर्वसम्मति से अनुमोदित की गयी तथा जिला पंचायत सुलतानपुर का वर्ष 2024-25 का संशोधित आय-मु0 47.16 करोड़ एवं वर्ष 2025-26 का मूल बजट मु0-49.75 तथा वर्ष 2024-25 का व्यय का संशोधित बजट मु0-48.16 करोड़ एवं वर्ष 2025-26 का व्यय का मूल बजट मु0-52.29 करोड़ सर्वसम्मनित से सदन द्वारा अनुमोदित किया गया। इसके साथ ही जनपद का मनरेगा का मु0-28125.75 लाख का लेबर बजट भी अनुमोदित हुआ। मा0 सदस्यों द्वारा बैठक में विद्युत विभाग से सम्बन्धित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारी को मा0 सदस्यगण की समस्याओं को नोटकर उनका निराकरण कराये जाने का सुझाव दिया गया। बैठक का संचालन अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत द्वारा किया गया। अन्त में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अध्यक्ष महोदया की अनुमति से बैठक में उपस्थित सदस्यगण, प्रमुखगण एवं मा0 विधायकगण का आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कादीपुर, जयसिंहपुर, भदैयां, मोतिगरपुर, धनपतगंज एवं सदस्यगण जिला पंचायत सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## छुआछूत व भेदभाव मिटाने से ही सामाजिक समरसता संभव

**रखहा प्रतापगढ़।** समाज से छुआछूत व भेदभाव मिटाकर ही सामाजिक समरसता का वातावरण बन सकता है, यह तभी संभव होगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक अन्न का दाना पहुंचेगा।यह बातें बाबा बेलखरनाथ धाम के गनईडीह गांव में आयोजित मकर संक्रांति उत्सव के साथ सामाजिक समरसता भोज पर आयोजित एक कार्यक्रम में आरएसएस पूर्वी उत्तर प्रदेश के सहक्षेत्र संपर्क प्रमुख मनोज जी ने कहीं। उन्होंने आगे कहा कि भारत एक विकसित राष्ट्र तभी बनेगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक अन्न का दाना पहुंचेगा तथा उसे एहसास होगा कि मैं भी समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सकता हूं । छुआछूत की बीमारी किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी में नहीं आई है, बल्कि सदियों से चली आ रही दुर्व्यवस्था का परिणाम है, जिसे आने वाली पीढ़ी भुगत रही है ।
उन्होंने राम के आदर्श पर अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया तथा गुड़ और तिल की महिमा का बखान करते हुये कहा कि हिंदू समाज अंगूर की तरह है, वह जब दानों में बिखर जायेगा तो उसकी कीमत घट जाएगी । यदि वह अंगूर के लच्छों की तरह एक जुट होकर रहेगा तो अपने आप उसकी कीमत बढ़ जाएगी ।

# विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक उ0प्र0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से हुई

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चौपड़ा की उपस्थिति में नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक उ0प्र0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से आयोजित की गयी। उक्त बैठक में विभागवार संचालित परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा सम्बन्धित विभाग के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि की उपस्थिति में की गयी। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा विभागवार संचालित परियोजनाओं की गहन समीक्षा की गयी।



जिलाधिकारी महोदया द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों के विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि जो भी निर्माण कार्य पूर्ण हो गये हैं यथाशीघ्र उनका हैण्डओवर करा लिया जाय, जिससे जनपद की रैंक और बेहतर हो सके। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उसमे मानवश्रम को बढ़ाकर कार्य को ससमय गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं से सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं यथा-यूपीपीसीएल, सिडको, सीएलडीएफ, राजकीय निर्माण निगम आदि के अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कार्यों को ससमय कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार पर्यटन, सेतु निगम, निर्माणाधीन राजकीय इंटर कॉलेज पिपरी, सद्भावना मंडप आदि के निर्माण कार्यो की भी प्रगति समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की प्रगति, बेसिक शिक्षा, पर्यटन, जल जीवन मिशन, सेतु निर्माण, लोक निर्माण विभाग, ओ0डी0ओ0पी0, कन्या सुमंगला योजना, पंचायती राज विभाग, यूपी नेडा आदि विभागों की सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से प्रगति समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन-जिन विभागों की रैंकिंग में इस माह गिरावट हुई है वे सभी विभाग अपनी रैंकिंग सुधारने हेतु डाटा फीडिंग का कार्य सावधानी पूर्वक समय से कर लें। जिलाधिकारी महोदया ने विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं/कार्यों तथा जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को पात्र व्यक्तियों तक प्रत्येक दशा में पहुँचाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 चौधरी, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, डीएफओ अमित सिंह, उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) अशोक सिंह, अधिशाषी अभियन्ता लो0नि0वि0 अरूण कुमार, डीसी मनरेगा/एनआरएलएम के0डी0 गोस्वामी, जिला पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ0 अशोक कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी सदानन्द चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ददन कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी वी0पी0 वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

